सूर्योदय 5:19 सूर्यास्त 7:28

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 18 न्यू | 24 अधि |
| धर्मशाला | 26 न्यू | 31 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 84897 |
| निफ्टी | 24972 |
| सोना 99348 | चांदी 107775 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



लोगों को कहने दीजिए, मैं अपना काम करता रहूंगाः जसप्रीत बुमराह

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | मंगलवार, 24 जून 2025 | 10 आषाढ़, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 176, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम जगन पर एफआईआर



**एजेंसी, हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी के खिलाफ हिट एंड रन मामले में एफआईआर दर्ज हो गई है। यह जानकारी गुंटूर जिले के एसपी एस. सतीश कुमार ने रविवार देर रात प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। एसपी ने बताया कि पूर्व सीएम की कार ने 5 दिन पहले रोड शो के दौरान 53 साल के व्यक्ति को कुचल दिया था। अस्पताल ले जाते वक्त उनकी मौत हो गई। मृतक का नाम चीली सिंघैया था। वह जगन की पार्टी वाईएसआरसीपी के कार्यकर्ता थे। कार्रवाई वीडियो सामने आने के बाद हुई है। (अनंत ज्ञान)

### बांग्लादेश में पूर्व चुनाव आयुक्त गिरफ्तार



**एजेंसी, ढाका।** बांग्लादेश के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त केएम नूरुल हुदा को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन पर अपने कार्यकाल के दौरान चुनावों में हेराफेरी करने का आरोप लगा है। इस बात की जानकारी पुलिस ने दी। ढाका महानगर पुलिस के डिप्टी कमिश्नर मोहिद्दुल इस्लाम ने बताया कि हुदा को हुदा को पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की ओर से पूर्व चुनाव आयोग प्रमुख और अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना समेत 18 अन्य के खिलाफ दर्ज मामले में गिरफ्तार किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### एयर इंडिया की दुबई जा रही फ्लाइट रद्द

**एजेंसी, जयपुर।** सोमवार को एयर इंडिया एक्सप्रेस की जयपुर से दुबई की फ्लाइट में टेक ऑफ से ठीक पहले कॉकपिट में तकनीकी खराबी आ गई। इसके बाद रनवे एरिया से पायलट ने फ्लाइट को फिर से एप्रन में पहुंचाया। इसमें 130 पैसेंजर्स सवार थे। 5 घंटे तक फ्लाइट को ठीक करने की कोशिश की गई, फिर भी सफलता नहीं मिली। इसके बाद दुबई की इस फ्लाइट को रद्द करने का फैसला लिया गया। (अनंत ज्ञान)

### श्रीनगर जा रहा विमान वापस दिल्ली लौटा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोमवार को दिल्ली से जम्मू होते श्रीनगर जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट जम्मू एयरपोर्ट पर लैंडिंग किए बिना वापस दिल्ली लौट गई। अधिकारियों ने बताया कि फ्लाइट को श्रीनगर से पहले जम्मू में उतरना था। मौसम और रनवे साफ थे, लेकिन पायलट को उचित लैंडिंग पॉइंट नहीं मिला। इसके बाद विमान वापस दिल्ली लौट आया। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- एससी/एसटी अत्याचार के मामलों की जांच में न हो विलंब -पेज 2
- एनजीटी ने कसोल में कूड़ा फेंकने पर दिखाए कड़े तेवर -पेज 3
- प्रदेश के पूर्व असिस्टेंट ड्रग कंट्रोलर के घर ईडी की रेड -पेज 6
- शहर में नहीं लगने देंगे नववर्ष की सेल -पेज 10
- बड़ी बहन की मेहमानी कर वापस मंदिर लौटी माता शूलिनी -पेज 12

# मुख्यमंत्री ने बीबीएमबी से मांगी 12 % मुफ्त बिजली

## प्रधानमंत्री मोदी को लिखा खत, मामले में हस्तक्षेप करने की अपील

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राज्य के ऊर्जा हितों को लेकर एक बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) की सभी परियोजनाओं से हिमाचल प्रदेश के लिए 12 प्रतिशत मुफ्त बिजली देने की मांग की है। इस संदर्भ में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखा है। मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में तर्क दिया कि राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत सभी जलविद्युत परियोजनाएं मुफ्त बिजली प्रदान करती हैं, जबकि बीबीएमबी परियोजनाएं हिमाचल को कोई मुफ्त बिजली नहीं दे रही हैं। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं की स्थापना से राज्य की विशाल जलविद्युत क्षमता का उपयोग हुआ, लेकिन हिमाचल को उसका उचित हिस्सा नहीं मिला। उन्होंने इसे एक 'ऐतिहासिक गलती' बताया, जिसे सुधारने के लिए प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप की अपील की गई है।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर को भी अलग-अलग पत्र भेजे हैं, जिनमें दो महत्वपूर्ण बिंदु उठाए गए हैं, इनमें से नाथपा झाकड़ी से एक फीसदी अतिरिक्त मुफ्त बिजली एसजेवीएनएल के नाथपा झाकड़ी पॉवर प्रोजेक्ट से स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के लिए एक प्रतिशत अतिरिक्त मुफ्त बिजली की मांग की गई है, जो रामपुर जलविद्युत परियोजना की तर्ज पर हो, ताकि प्रभावित परिवारों को लाभ मिल सके।

### बीबीएमबी में हो हिमाचल का एक सदस्य



**मुख्यमंत्री** ने बीबीएमबी में हिमाचल प्रदेश से एक पूर्णकालिक सदस्य की नियुक्ति का आग्रह किया है, क्योंकि बार-बार के अनुरोधों के बावजूद राज्य को उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाया है।



### हरियाणा से बकाया भुगतान के लिए मांगी लिखित सहमति

**मुख्यमंत्री** ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखकर बीबीएमबी से मिलने वाली ऊर्जा के बकाया भुगतान के लिए हरियाणा सरकार की लिखित सहमति मांगी है। उन्होंने बताया कि नवंबर 1966 से अक्तूबर 2011 तक हरियाणा और पंजाब की ओर से बीबीएमबी से कुल 13,066 मिलियन यूनिट ऊर्जा का बकाया लंबित है। मुख्यमंत्री ने प्रस्ताव दिया कि यह बकाया छह प्रतिशत ब्याज सहित होना चाहिए और इसे 15 वर्षों में, प्रति वर्ष 871 मिलियन यूनिट की दर से चुकाया जा सकता है।

# विवादों में घिरा पुल हुआ ध्वस्त तीन पिलर ढहने से मचा हड़कंप

## लंबे समय से अधर में लटका था सुर्खियों में रहा यह पुल

**अनंत ज्ञान टीम, धर्मपुर/सरकाघाट**

एनएच-3 पर निर्माणाधीन पाडच्छू पुल, जो पिछले तीन वर्ष से विवाद और देरी के कारण सुर्खियों में बना हुआ था, अब पूरी तरह से ढह चुका है। सोमवार को जब निर्माणाधीन पुल के मलबे को क्रेन की सहायता से हटाया जा रहा था, उस दौरान अचानक संतुलन बिगड़ गया और पुल के तीनों पिलर एक साथ ढह गए।

यह वही पुल है, जो लंबे समय से अधर में लटका हुआ था और जिसका निर्माण कार्य कई बार रुक-रुक कर चला। स्थानीय लोगों ने इस पुल को लेकर कई बार प्रशासन और निर्माण कंपनी के खिलाफ प्रदर्शन भी किए थे। पुल के नीचे की मिट्टी कमजोर होने, अवैध डंपिंग और जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने जैसे कारणों से यह क्षेत्र पहले भी कई बार खतरे की स्थिति में आ चुका है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, क्रेन से जैसे ही एक पिलर को उठाने की प्रक्रिया शुरू हुई, अचानक वजन असंतुलित हो गया और तीनों पिलर एक के बाद एक गिर गए। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जान-माल का नुकसान नहीं हुआ।

> क्रेन से जैसे ही एक पिलर को उठाने लगे, तो तीनों एक के बाद एक गिर पड़े



एनएच-3 पर निर्माणाधीन पाडच्छू पुल के ध्वस्त हुए तीन पिलर।

# अमेरिका के बाद इसराइल ने ईरान के फोर्डो एटमी ठिकाने को बनाया निशाना

## 6 एयरपोर्ट पर भी दागे ड्रोन, 15 फाइटर जेट और हेलिकॉप्टर नष्ट करने का दावा

**एजेंसी, तेल अवीवी/तेहरान**

ईरान के फोर्डो न्यूक्लियर साइट को अमेरिका के बाद सोमवार को इसराइल ने अपना निशाना बनाया। ईरान की तस्नीम न्यूज एजेंसी ने बताया कि यह हमला ठीक उसी जगह किया गया, जहां रविवार सुबह अमेरिका ने बस्टर बम गिराए थे।

इसराइली सेना ने सोमवार सुबह ईरान के छह एयरपोर्ट- मशहद, तेहरान, हमादान, देजफुल, शाहिद बख्तरी और तबरीज पर भी ड्रोन हमले लिए। इनमें ईरान के 15 फाइटर जेट और हेलिकॉप्टर नष्ट करने का दावा किया गया है। परमाणु ठिकानों पर लगातार हमले के बीच ईरान के उपविदेश मंत्री माजिद तख्त रवांची ने कहा कि ईरान अपना परमाणु कार्यक्रम नहीं रोकेगा। ईरान की मिलिट्री सेंट्रल कमांड के प्रवक्ता इब्राहिम ने कहा, 'गैम्बलर ट्रंप, आपने युद्ध शुरू जरूर किया है, लेकिन इसे खत्म हम करेंगे।' (अनंत ज्ञान)



### खामेनेई ने पुतिन से मांगी मदद

**तेहरान।** इसराइल से जंग के बीच ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मदद मांगी है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराकची मॉस्को में पुतिन से मिलने गए हैं। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, अराकची पुतिन को खामेनेई का एक लेटर देने वाले हैं, जिसमें पुतिन से समर्थन मांगा गया है।

# दफ्तर जाने के लिए गाड़ी तो दे दो सरकार

## राज्य कर्मचारी चयन आयोग हमीरपुर के चेयरमैन और मेंबर्स किसी के पास नहीं है गाड़ी

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** हिमाचल की कांग्रेस सरकार ने हमीरपुर स्थित हिमाचल प्रदेश राज्य कर्मचारी चयन आयोग में अध्यक्ष और दो मेंबर्स की नियुक्तियां करके इसे स्ट्रीमलाइन करने का तो प्रयास किया है, लेकिन इनमें किसी को भी वाहन और ड्राइवर की सुविधा उपलब्ध नहीं करवाई गई है। ऐसा पहली मर्तबा हुआ है, जब आयोग के चेयरमैन और मेंबर्स के पास सरकारी गाड़ी की सुविधा उपलब्ध नहीं है।

ऐसा नहीं है कि आयोग में इन पदों पर बैठे प्रमुख लोगों को इनकी जरूरत नहीं है। आयोग ने सरकार से उनकी मांग तो की है, लेकिन उस पर अभी तक भी अमलीजामा नहीं पहनाया गया है। यही वजह है कि यह तीनों अपने स्तर पर ही इसकी सुविधा को बनाने में जैसे-तैसे सफल हो रहे हैं। हिमाचल प्रदेश के सचिवालय स्तर पर आयोग के द्वारा भेजे गए प्रस्ताव को अभी तक अंगूठा ही दिखाया गया है।

अब भला भर्तियों को अंजाम देने वाले जिस आयोग के मुखिया यानी अध्यक्ष को सरकार वाहन और ड्राइवर की सुविधा ही उपलब्ध नहीं करवाएगी तो फिर चर्चा तो होनी ही है। वहीं, इस बाबत राज्य कर्मचारी आयोग के सचिव विक्रम महाजन से जब पूछा गया तो उनका कहना था कि आयोग के पास एक ही वाहन है और इसका मल्टीपरपज इस्तेमाल कर लिया जाता है। प्रपोजल अध्यक्ष और मेंबर्स के लिए सरकार को भेजी हुई है। अभी इस बारे ज्यादा कुछ भी नहीं कहा जा सकता।

> सरकार को भेजे प्रस्ताव ठंडे बस्ते में





अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

### भंग किए आयोग की पांच गाड़ियां कहां गईं?

**भंग** किए गए कर्मचारी चयन आयोग के पास पांच सरकारी गाड़ियां थीं, जो आयोग के भंग होने के बाद शिमला भेजी गई थीं। उसके बाद लंबे समय तक आयोग भंग रहा। नया आयोग जब गठित हुआ, तो इनमें से कोई भी गाड़ी लौटकर नहीं आई। अब काम चलाओ व्यवस्था के लिए आयोग के पास एक बोलेरो गाड़ी है, जो शुरू में ही सचिव के लिए उपलब्ध करवाई थी। अब सवाल उठता है कि सरकार को भेजी गई गाड़ियों को कौन इस्तेमाल कर रहा है?

# पहलगाम हमले के एक आतंकवादी की पहचान

**एजेंसी, श्रीनगर।** पहलगाम हमले के तीन आतंकियों में से एक की पहचान हो गई है। रविवार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की गिरफ्त में आए दो आरोपियों ने बताया है कि हमला करने वाले तीन आतंकियों में से एक का नाम सुलेमान शाह है। बाकी दो पाकिस्तानी आतंकियों के नामों का खुलासा फिलहाल नहीं किया गया है। सुलेमान भी उसी आतंकी नेटवर्क का हिस्सा है, जिसमें वे आतंकी शामिल थे, जिनकी तस्वीर पहलगाम हमले के बाद सामने आई थी। इन आतंकियों में हाशिम मूसा, तल्हा भाई और जुनैद थे। हालांकि जुनैद पिछले साल ही एनकाउंटर में मार दिया गया था। जुनैद के मोबाइल फोन में ही इन आतंकियों के फोटो मिले थे। उस फोटो में सुलेमान शाह की फोटो भी है, जिसे कई पीड़ित परिवारों ने पहचान भी लिया है। बता दें कि पहलगाम हमले के दो महीने बाद रविवार को एनआईए ने पहलगाम के दो लोगों को गिरफ्तार किया था। एनआईए की जांच में खुलासा हुआ है कि इन दोनों ने हमले को अंजाम देने वाले तीन आतंकियों को पनाह दी थी। (अनंत ज्ञान)

## हिमाचल के 9 जिलों के लिए ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी

# अगले 7 दिन भारी बारिश की चेतावनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में आगामी सात दिनों तक भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने हिमाचल प्रदेश के नौ जिलों के लिए भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है, जिसमें कुछ क्षेत्रों के लिए ऑरेंज अलर्ट भी शामिल है। मौसम विभाग केंद्र शिमला के अनुसार, राज्य में 29 जून तक लगातार बारिश जारी रहने का अनुमान है। विशेष रूप से, 25 से 27 जून के बीच ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, चंबा, कांगड़ा, मंडी और सिरमौर जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है, जिसके लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, 23, 24, 28 और 29 जून को शिमला और सोलन सहित कई अन्य स्थानों पर भी भारी बारिश के लिए येलो अलर्ट प्रभावी रहेगा।



प्रदेश में पिछले 24 घंटों के दौरान हुई बारिश ने मानसून के आगमन की पुष्टि कर दी है, जिसमें पांवटा साहिब में सर्वाधिक 84.6 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। राजधानी शिमला और नाहन जैसे शहरों में भी इस समय घने कोहरे के साथ मौसम खराब बना हुआ है। अगले तीन-चार दिनों में न्यूनतम तापमान में गिरावट आने की संभावना है। तापमान की बात करें तो, अगले 3-4 दिनों में न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे 2-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की उम्मीद है, जिससे गर्मी से कुछ राहत मिलेगी।

हालांकि, अगले 24 घंटों में अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है, जिसके बाद अगले 3-4 दिनों में इसमें 2-4 डिग्री सेल्सियस की कमी आने का अनुमान है।

### सावधानी बरतने की अपील

**मौसम** विभाग ने राज्य के निवासियों से अपील की है कि वे मौसम विभाग की नवीनतम चेतावनियों पर ध्यान दें और आवश्यक सावधानी बरतें, खासकर उन क्षेत्रों में जहां भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

# अमेरिकन टैरिफ से सेब उद्योग को होगा नुकसान प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करेंगे बागवान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए जा रहे नए टैरिफ के कारण 9 जुलाई से हिमाचल प्रदेश के सेब उद्योग को भारी आर्थिक नुकसान होने की आशंका है। वर्तमान में अमेरिकी सेब पर 50 फीसदी आयात शुल्क लगता है, जिसे हिमाचल लगातार बढ़ाने की मांग कर रहा है। इस गंभीर स्थिति से निपटने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के लिए बागवान संगठनों ने तैयारी की है। यह मुलाकात इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि 9 जुलाई से नया टैरिफ लागू हो जाएगा। बागवान नेताओं का मानना है कि इस टैरिफ के लागू होने से हिमाचल के 4,000 करोड़ के सेब उद्योग पर बुरा असर पड़ेगा, जिससे किसानों-बागवानों को भारी नुकसान होगा। सरकार पर दबाव बनाने के लिए बागवान नेता जगत सिंह नेगी ने एक बैठक की अध्यक्षता की है और वह जल्द ही प्रधानमंत्री से मिलने का समय मांगेंगे। इस मामले पर केंद्र सरकार की ओर से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

ABHILASHI UNIVERSITY
(Accredited by NAAC with 'B+' Grade)
CHAIL CHOWK, CHACHYOT, DISTT. MANDI (H.P.)



Approved By: HP Govt., UGC, PCI, VCI, NCISM, NCTE, HPSPVC, HPPERC & Member AIU

ADMISSION OPEN 2025-26

FACULTY OF AYURVEDA
B.A.M.S.
M.D. Kayachikitsa
M.D. Kumar Bhritya Evum Bal Rog
D. Pharmacy (Ayurveda)
Diploma in Yoga

SCHOOL OF HEALTH SCIENCES
Bachelor of Physiotherapy (B.P.T.)
Bachelor of Science (MLT)
Diploma Multipurpose Health Worker

FACULTY OF ENGG. & MANAGEMENT
M.Tech in CE
MBA, BCA, BBA
Ph.D. in CE & Management

FACULTY OF EDUCATION, BASIC SCIENCE & HUMANITIES
Diploma in Art & Crafts (Drawing Master)
4 Years Integrated B.A. - B.Ed.
4 Years Integrated B.Sc.- B.Ed. SAVE ONE YEAR
Bachelor of Arts (B.A.)
B.Sc. Medical/ Non-Medical
M.Sc. Mathematics, Physics & Zoology
M.A. Education
Ph.D. Zoology, Physics & Education

FACULTY OF AGRICULTURE
B.Sc. (Hons.) Agriculture
M.Sc. Agriculture
- Agronomy
- Horticulture (Veg. Sciences)

FACULTY OF VET. SCIENCES
Bachelor of Veterinary Science & Animal Husbandry (B.V.Sc & AH)
Two Years Veterinary Pharmacist Training Course

FACULTY OF PHARMACY
Diploma in Pharmacy (Allopathy)
B. Pharmacy (Allopathy)
B. Pharmacy (Allopathy) (Lateral Entry)
Master of Pharmacy (M.Pharma)
- Pharmaceutical Chemistry
- Pharmaceutics
Pharm. D (6 Years-Doctor in Pharmacy)
Pharm. D-PB
(Doctor in Pharmacy - Post Baccalaureate)
Ph.D. in Pharmaceutical Science

SCHOLARSHIP ASSISTANCE FOR SC/ST STUDENTS T&C* apply

H.O. NER CHOWK, TEHSIL BALH, DISTT. MANDI, HIMACHAL PRADESH
9816005139, 9816102238, 9129500063
9418484847, 9816242139
Website: www.abhilashiuniversity.ac.in Email: info@abhilashiuniversity.ac.in, regabhilashi@gmail.com

## घोटालेबाजी — सहकारिता क्षेत्र में एक दशक में अकेले ऊना जिले में ही हो चुके करोड़ों रुपए के घोटाले

# लचीले कानून के कारण हिलने लगी सहकारिता की नींव

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान**

**ऊना।** जिले में सहकारी सभाओं में घोटालों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सबसे अधिक सहकारी सभाओं में गबन के मामले सिर्फ ऊना जिले में सामने आ रहे हैं। बंगाणा, हरोली, गगरेट, ऊना और अब अंब में भी करोड़ों का गबन सामने आने से सहकारिता की नींव हिलने लगी है।

करीब एक दशक में सहकारिता के क्षेत्र में अकेले ऊना जिले में करोड़ों का फ्रॉड हो चुका है। कहीं न कहीं इसके पीछे सहकारिता के लिए बनाए गए लचीले कायदे-कानून भी जिम्मेदार हैं। सहकारी सभा में कहीं गड़बड़ होती है, तो संबंधित महकमा महज ऑडिट नोट देकर अपनी जिम्मेदारी पूरी करके खानापूर्ति करता है। नतीजन लोगों को उस समय पता चलता है, जब उनका करोड़ों का नुकसान हो चुका होता है। समय रहते बैलेंस शीट अथवा ऑडिट बुक पर लगाई गई आपत्तियों पर उसी समय कार्रवाई की जाए, तो सहकारी सभाएं बच सकती हैं। सहकारी सभाओं में कालातीत ऋण और दोषियों के खिलाफ लचीला रुख भी सहकारिता की नींव को दीमक बनकर खतरा पैदा कर रहा है।

ताजा मामला अंब क्षेत्र की एक सहकारी सभा का है। यहां करोड़ों के गबन का मामला उजागर हुआ है। सहकारी सभा के वर्तमान प्रधान की शिकायत पर पुलिस ने यह मामला दर्ज कर लिया है। इस मामले के बाद सभा के हिस्सेदारों में हड़कंप मच गया है। कई लोगों ने सभा पर भरोसा करके लाखों में अपनी मेहनत की कमाई जमा करा रखी है।

सभा के प्रबंधन कमेटी के प्रधान बलविंद्र कुमार द्वारा सभा के निलंबित सचिव और पूर्व उपप्रधान पर 2 करोड़ 91 लाख के गबन का आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर अंब थाना में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बलविंद्र कुमार प्रधान प्रबंधक कमेटी सहकारी सभा समिति दिलवां तहसील अंब जिला ऊना ने शिकायत में कहा है कि सहकारी सभा समिति में सहकारी सभा अधिनियम की धारा 69 (1) के अंतर्गत हुई जांच में 2 करोड़ 91 लाख 371 रुपए 65 पैसे का गबन पाया गया है। इसमें मुख्य भूमिका निलंबित सचिव और तत्कालीन उपप्रधान की बताई गई है।

इस बारे में एसडीपीओ अंब डॉ. वसुधा सूद ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, सहायक पंजीयक सहकारी सभाएं संदेश बाला से बात की है तो उन्होंने बताया कि किसी निजी कार्य के कारण अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दे पाएंगी। उनकी अनुपस्थिति में निरीक्षक उमेश ने बताया कि मामला कुछ समय पहले का है। जांच होने के बाद यह मामला दर्ज करवाया गया है।

> ऊना में ही सामने आ रहे सहकारी सभाओं में गबन के ज्यादा मामले





### ऋण डिफॉल्टरों के लिए बनें सख्त कानून

**सहकारिता** क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञ आरसी जसवाल का कहना है कि जब तक सहकारिता में ऋण डिफॉल्टरों को लेकर सख्त कानून और ऋण आवंटन की शर्तें और सख्त नहीं बनाई जाएंगी, तब तक सहकारिता के क्षेत्र को बल नहीं मिलेगा। यहां तक विभाग को औपचारिक नहीं, बल्कि जो आपत्तियां ऑडिट में लगी हों, इन पर सख्त कार्रवाई भी सहकारिता की मजबूती के लिए कदम हो सकता है। महज ऋण दोषियों अथवा अन्य कमियों को लेकर लचीला रुख सहकारिता के पतन का कारण बनता जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### पंधेड़ सहकारी सभा प्रबंधक समिति चुनाव प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** हमीरपुर जिले के टौणी देवी ब्लॉक की द पंधेड़ प्राथमिक कृषि सहकारी सभा की प्रबंधक समिति के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह जानकारी रिटर्निंग ऑफिसर सुनील कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि नामांकन 24 जुलाई व चुनाव 30 अगस्त को होगा। चुनाव संबंधी सूचना सभा कार्यालय सुचना पट्ट पर लगा दी गयी है।

### एनसीसी कैडेट्स ने प्रशिक्षण शिविर में दिखाया दम

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** 4 एचपी इंडिपेंडेंट कंपनी एनसीसी हमीरपुर द्वारा 13 से 22 जून तक आयोजित 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में उपमंडल भोरंज के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय महल के एनसीसी कैडेट्स ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। विद्यालय की 26 कैडेट्स की टीम ने एनसीसी अधिकारी सेकंड ऑफिसर सीमा के नेतृत्व में इस शिविर में भाग लिया। शिविर के दौरान ड्रिल, फायरिंग, चित्रकला, समूह नृत्य, समूह गान जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें महल विद्यालय के कैडेट्स ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। कैडेट दिव्यांशी ने जूनियर विंग की चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं वॉलीबॉल व समूह नृत्य प्रतियोगिताओं में भी महल स्कूल की टीम ने पहला स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त, कैडेट शायना चौधरी को 'जूनियर विंग बेस्ट फाइबर' घोषित किया गया। यह गौरवपूर्ण उपलब्धि उन्हें आगामी थल सेना कैंप में भाग लेने का अवसर प्रदान करेगी। विद्यालय की प्रधानाचार्य सीमा डोगरा ने कैडेट्स को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी और कैंप सर्टिफिकेट प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया।

### श्रद्धापूर्वक मनाई डॉ. मुखर्जी की पुण्यतिथि



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** सोमवार को भाजपा के बूथ संख्या 24 पर महान राष्ट्रवादी विचारक और जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नेता व कार्यकर्ता एकत्रित हुए और उन्होंने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्र के प्रति समर्पण व बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता होशियार सिंह ने की तथा प्रमुख रूप से सौरव शर्मा, बूथ अध्यक्ष देव राज और अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के बलिदान, उनके आदर्शों एवं 'एक देश में दो विधान नहीं चलेंगे' जैसे उनके दृढ़ संकल्प को भावपूर्ण शब्दों में स्मरण किया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने यह संकल्प लिया कि वे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के दिखाए मार्ग पर चलकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देते रहेंगे। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

### कल बिजली की आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** विद्युत उपमंडल भरेड़ी के अंतर्गत आने वाले कई गांवों में 25 जून को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह बाधा 11 केवी विद्युत लाइनों की आवश्यक मरम्मत एवं रखरखाव कार्य के चलते रहेगी। विद्युत उपमंडल भरेड़ी के सहायक अभियंता ई. संजय कुमार ने बताया कि सुबह 9:30 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी। इस दौरान गरसाहड़, लज्यानी, नगरोटा, धिरड, भोंगों, पलपल, हनोह, डाडू, बड़ोह, पिपलीधार, अमरोह, चंदरुही, कक्कड़, भुकड़, भरेड़ी, धमरोल कड़ोहता, जाहू, मनोह, बडैहर, धमरोल, नगरोटा गाजियां आदि गांव प्रभावित रहेंगे। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि वे इस दौरान विभाग को सहयोग प्रदान करें ताकि आवश्यक कार्य समय पर एवं सुरक्षित रूप से पूर्ण किया जा सके।

# ऑक्सीजन की कमी से मर रही मछलियां

## गंदे पानी और आस्था स्वरूप डाले जा रहे आटे से गंदा हो रहा ऐतिहासिक ताल तालाब

**अनिल कुमार, हमीरपुर**



श्रद्धालुओं द्वारा डाले जा रहे आटे से हो रही सड़न पैदा, जो तालाब को गंदा कर रहा है।

साहन्वीं पंचायत के ऐतिहासिक तालाब ताल आस्था का केंद्र बना हुआ है, इस ताल में मछलियां भी पाली जा रही हैं, लेकिन हर वर्ष तालाब में मछलियां मर रही हैं। इस वर्ष भी 90 के करीब मछलियां मर गई हैं, जिन्हें तालाब से निकालकर दफनाया जा रहा है। मत्सय विभाग के अधिकारी ने भी ताल का निरीक्षण किया और ताल पर पूरी निगरानी रखी जा रही है।

मछलियां मरने का कारण बरसात के कारण ऑक्सीजन की कमी बताई जा रही है। वहीं, यहां पर मंगलवार और शनिवार को लोग यहां पर मछलियों को आटा डालने के लिए आते हैं। यह आटा तालाब में सड़ रहा जिससे तालाब का पानी गंदा हो रहा है। यही नहीं तालाब में पानी की निकासी भी सबसे बड़ी समस्या है, जिसके कारण पानी गंदा हो रहा है। हालांकि यह ताल पंचायत के अधीन है और इसका रखरखाव भी पंचायत ही कर रही है। साहन्वीं पंचायत के वार्ड मेंबर लतीफ मोहम्मद भी इस ताल की दशा सुधारने में प्रयासरत रहे हैं। उन्होंने बताया कि कुछ दुकानदार गंदा पानी ताल में डाल रहे हैं, जिससे ताल का पानी दूषित हो रहा है। उन्होंने बताया कि वे ताल की साफ-सफाई करवाते हैं।




उन्होंने बताया कि यह हर वर्ष हो रहा है। उन्होंने बताया अभी तक ताल में 90 के करीब मछलियां मरी हुई पाई गई हैं। उन्होंने बताया कि बरसात शुरू होते ही मछलियां हर साल मर रही हैं, जिसका मुख्य कारण ऑक्सीजन की कमी है। पिछले वर्ष भी लगभग साढ़े 3 क्विंटल मछलियां तालाब में मरी थीं। उन्होंने उपायुक्त हमीरपुर और तहसीलदार से भी मांग की है कि जो दुकानदार ताल में गंदा पानी डाल रहे हैं, उनके चालान किए जाएं, साथ ही ताल को रिफाइन किया जाए जिससे इस सार्वजनिक स्थल पर बने तालाब को और सुंदर बनाया जा सके।

इस बारे में वरिष्ठ मतस्य पालन अधिकारी अजय कुलदीप ने बताया कि ताल में सबसे बड़ी समस्या ताजे पानी की है। यहां पर बारिश का पानी इकट्ठा होता है। उन्होंने बताया कि ऑक्सीजन की वजह से मछलियों की मौत हो रही है। उन्होंने बताया विभाग ताल की देखरेख करता है, जबकि यह ताल पंचायत के अधीन है। उन्होंने बताया कि विभाग शुरू से ही मछलियों का ध्यान रख रहा है, लेकिन लोगों द्वारा मछलियों को डाला जा रहा आटा भी तालाब के पानी को दूषित कर रहा है।

उन्होंने बताया कि मरी हुई मछलियों को तालाब से बाहर निकालकर दफनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जब तक तालाब में साफ पानी डालने का प्रावधान नहीं किया जाता, तब तक इसे साफ रखना मुश्किल है। उन्होंने बताया कि वार्ड सदस्य को सुझाव दे दिए हैं।

# टौणी देवी मंदिर के पास खराब पड़ी जेसीबी मेले का कर रही मजा किरकिरा



टौणी देवी मंदिर के पास करीब एक महीने से जेसीबी ऐसे ही खराब पड़ी हुई है।

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान**

**टौणी देवी।** हमीरपुर जिले के टौणीदेवी में मेला इस बार मंगलवार यानी आज मनाया जा रहा है। बेशक एनएच निर्माण के दौरान टौणी देवी की सड़कें खुली हो गई हों और मेला क्षेत्र एक किलोमीटर के दायरे में फैल गया हो, लेकिन निर्माण कंपनी की अव्यवस्थाएं टौणी देवी मेले पर भारी पड़ती दिख रही हैं। प्रसिद्ध टौणी देवी माता मंदिर के सौ मीटर के घेरे में एनएच पर कीचड़ फैला हुआ है जिसे स्थानीयों व्यापारियों, व्यापार मंडल और टौणी देवी माता मंदिर कमेटी के आग्रह के बावजूद साफ नहीं किया गया। बारिश के बाद हालत और बिगड़ गए हैं। वहीं करीब एक माह से टौणी देवी मंदिर के पास एनएच निर्माण कंपनी की जेसीबी खराब पड़ी है। अब मेले के दौरान

**निर्माण कंपनी हटाने में नाकाम, लोग नाराज**

इस खड़ी मशीन की वजह से चार दुकानें और नहीं लग पाईं। वैसे भी टौणी देवी मंदिर में माथा टेकने वालों की वजह से इसी क्षेत्र में मेले की भीड़ ज्यादा रहती है। व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमरदीप राणा, मंदिर कमेटी के प्रधान सरवन कुमार , स्थानीय व्यापारियों सुनील चौहान, तिलक राज बहल, राज कुमार बहल, पवन कुमार इत्यादि ने तुरंत इस खराब मशीन को हटाने और कीचड़ को हटाने की मांग की है।

उधर, हाईवे इंजीनियर अंकित कुमार ने बताया कि जेसीबी का हटाया जाना मुश्किल है क्यों कि फाल्ट बड़ा है। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

# 'आपातकाल के 50 वर्ष' पर भाजपा आयोजित करेगी जिला स्तरीय संगोष्ठी : राकेश ठाकुर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में काले अध्याय माने जाने वाले आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी, जिला हमीरपुर द्वारा एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन 25 जून को किया जा रहा है। यह जिला स्तरीय संगोष्ठी हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की बड़सर विधानसभा के मैहरे में आयोजित की जाएगी। इसकी जानकारी जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने दी।

राकेश ठाकुर ने बताया कि इस संगोष्ठी का उद्देश्य न केवल आपातकाल के भयावह दौर की सच्चाई को उजागर करना है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को लोकतंत्र की महत्ता से अवगत कराना भी है। उन्होंने कहा कि आपातकाल का काला अध्याय भारतीय लोकतंत्र पर एक गहरा घाव था। यह आयोजन उस दौर में किए गए दमन के विरुद्ध जनचेतना जगाने का कार्य करेगा।

राकेश ठाकुर ने समस्त जनमानस से इस ऐतिहासिक अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को यह सिखाने में मदद मिलती है कि लोकतंत्र कोई दी हुई चीज नहीं, बल्कि जनसंघर्ष और त्याग से प्राप्त विरासत है, जिसे हर हाल में सुरक्षित रखना हम सबका कर्तव्य है।

**कार्यक्रम के ये होंगे प्रमुख बिंदु**

**प्रदर्शनी :** संगोष्ठी के दौरान 'आपातकाल के दमन और तानाशाही' विषय पर आधारित एक विशेष प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिसमें उस कालखंड की दुर्लभ तस्वीरें, दस्तावेज और घटनाओं का विस्तृत उल्लेख होगा। यह प्रदर्शनी युवाओं के लिए ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत शिक्षाप्रद होगी।

**मॉक पार्लियामेंट :** एक मॉक (काल्पनिक) संसद सत्र का आयोजन किया जाएगा, जिसमें युवा वर्ग भाग लेकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को अनुभव कर सकेगा। यह भागीदारी छात्रों और नवयुवकों के लिए संसदीय प्रणाली की जीवंत समझ प्रदान करेगी।

**प्रेस वार्ता :** आपातकाल के प्रभाव, प्रेस पर प्रतिबंध, नागरिक अधिकारों के हनन और राजनीतिक विरोधियों की गिरफ्तारी जैसे विषयों पर विशेष प्रेस वार्ता की जाएगी और मुख्य वक्ता इस प्रेस वार्ता को करेंगे।

**लोकतंत्र प्रहरी के परिवारजनों को सम्मान :** आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्षरत रहे नेताओं व कार्यकर्ताओं के परिजनों को विशेष रूप से मंच पर सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान न केवल उनके योगदान को याद करेगा, बल्कि वर्तमान समाज को उनके बलिदान से प्रेरणा भी देगा।

**पौधरोपण अभियान :** कार्यक्रम के साथ एक पर्यावरणीय पहल भी जोड़ी गई है। पौधारोपण अभियान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा, ताकि यह दिन लोकतंत्र और प्रकृति दोनों के प्रति संवेदनशीलता का प्रतीक बन सके।

# सिविल में ज्योति, कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग में निशांत प्रथम

**तकनीकी विवि ने घोषित किया बीटेक अंतिम सेमेस्टर का परिणाम**

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने बीटेक (सभी ब्रांच) के अंतिम सेमेस्टर का परिणाम घोषित किया है। बीटेक कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के अंतिम सेमेस्टर में निशांत ने पहला, शगुन गुप्ता ने दूसरा और अनुज शुक्ला ने तीसरा स्थान हासिल किया। सिविल इंजीनियरिंग में ज्योति ने पहला, वंदना ने दूसरा, शुभान्या ठाकुर तीसरे स्थान पर रही। बीटेक इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग में ईशान गौतम ने पहला, आर्यन शर्मा ने दूसरा व सुमित अट्टर ने तीसरा, बीटेक इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के अंतिम सेमेस्टर में अभिषेक नंदा ने पहला, दिव्या ने दूसरा और अक्षय कुमार तीसरे स्थान पर रहे।

वहीं, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में विशाली ने पहला, नीतीश कुमार ने दूसरा और अक्षय कुमार व अंकिता शर्मा संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रही। मैकेनिकल इंजीनियरिंग में प्रीति चौहान ने पहला, नितिन ठाकुर ने दूसरा, जागीर सिंह ने तीसरा, टेक्सटाइल इंजीनियरिंग में मैहक ने पहला, ज्योति ने दूसरा और मनीष मौर्य ने तीसरा स्थान हासिल किया।

तकनीकी विवि के परीक्षा नियंत्रक ने कहा कि बीटेक की सभी सातों ब्रांच के अंतिम सेमेस्टर के नियमित व री-अपीयर परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। परीक्षार्थी तकनीकी विवि की वेबसाइट से अपना परीक्षा परिणाम देख सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक ने कहा कि बीटेक (सभी ब्रांच) के अंतिम सेमेस्टर में 1308 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे थे, जिसमें से 1291 परीक्षार्थी उतीर्ण हुए हैं।

# मानसून सीजन में एहतियात जरूरी : डीसी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपायुक्त अमरजीत सिंह ने सभी जिला वासियों से मानसून सीजन के दौरान विशेष एहतियात बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मानसून के आगमन के साथ ही जिले में आने वाले दिनों के दौरान भारी बारिश हो सकती है। इसलिए, सभी जिलावासी विशेष एहतियात बरतें और नदी-नालों के पास न जाएं। भूस्खलन की आशंका वाले स्थानों से भी दूर रहें। भारी बारिश में घर से बाहर निकलने का जोखिम न उठाएं। खराब मौसम में पेड़ों के नीचे आश्रय न लें तथा बिजली की तारों से सुरक्षित दूरी बनाएं रखें। उपायुक्त ने कहा कि किसी भी तरह की आपातकालीन स्थिति में जिला आपदा प्रबंधन परिचालन केंद्र के टोल फ्री नंबर 1077 या दूरभाष नंबरों 01972-221277, 221377, 221477 और 221877 पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने राजस्व विभाग के फील्ड अधिकारी व अन्य विभागों के अधिकारी भी विभागीय संपत्तियों को होने वाले नुकसान की रिपोर्ट प्रेषित करें।

# बीएसएनएल के उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं प्रदान करने में केंद्र सरकार करेगी सहयोग : अनुराग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर,**



टेलीफोन सलाहकार समिति की बैठक में मौजूद अनुराग।

बीएसएनएल व्यवसाय क्षेत्र हमीरपुर द्वारा टेलीफोन सलाहकार समिति की बैठक सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी। इस बैठक में बीएसएनएल के अधिकारियों को ग्राहकों को दी जाने वाली सेवाओं में सुधार लाने के निर्देश दिए थे।

उन्होंने कहा कि मोबाइल सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाया जाए तथा मार्केट शेयर बढ़ाने के लिए ठोस प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि हमीरपुर व्यवसाय क्षेत्र में उन संभावित क्षेत्रों की पहचान की जाए जहां बीएसएनएल के व्यवसाय को विस्तार दिया जा सकता है और वहां सेवाओं को प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उपभोक्ताओं की समस्याएं शीघ्रता से बीएसएनएल के मंच तक पहुंचे, ताकि उन्हें समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान की जा सकें। उन्होंने समिति सदस्यों को भी सुझाव दिया कि वे अपने क्षेत्रों में दूरसंचार से जुड़ी समस्याओं के समाधान हेतु बीएसएनएल अधिकारियों से समन्वय स्थापित करें ताकि उपभोक्ताओं को बेहतर संचार सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

सांसद ने आश्वस्त किया कि सरकार का दृष्टिकोण बीएसएनएल के प्रति सदैव सकारात्मक रहा है और उपभोक्ताओं को श्रेष्ठ सेवाएं प्रदान करने में केंद्र सरकार हर संभव सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि वे स्वयं इस दिशा में सक्रिय सहयोग देंगे। बैठक में हमीरपुर व्यवसाय क्षेत्र के अंतर्गत तीनों जिलों हमीरपुर, बिलासपुर एवं ऊना से टेलीफोन सलाहकार समिति के सदस्यों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों की दूरसंचार संबंधी समस्याएं बैठक में रखी गईं, जिन पर विस्तृत चर्चा कर समाधान हेतु दिशा-निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर बीएसएनएल व्यवसाय क्षेत्र हमीरपुर के प्रधान महाप्रबंधक अजीत कुमार ने समिति को हमीरपुर, बिलासपुर एवं ऊना में चल रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपमहाप्रबंधक सुभाष चंद सहोता, आंतरिक वित्तीय सलाहकार मोहिंदर पॉल, सहायक महाप्रबंधक सुरेन्द्र कुमार कौल, राज कुमार, रविंद्र पॉल, दिग्विजय सिंह राणा, मंडल अधीक्षण अभियंता जगतार सिंह, गुरनैब सिंह, राजेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह कंवर, तथा उपमंडल अभियंता मदन गोपाल एवं विजय धीमान उपस्थित रहे।

# विनय कुमार अत्री ने फिर संभाला गलोड़ पुलिस चौकी का कार्यभार

**एके शर्मा, गलोड़**

पुलिस चौकी गलोड़ में युवा पुलिस अधिकारी विनय कुमार अत्री ने एक बार फिर चौकी प्रभारी के रूप में अपना कार्यभार संभाल लिया है। विनय कुमार अत्री का नवंबर 2024 को यहां से शिमला जिला में तबादला हो गया था। गलोड़ पुलिस चौकी प्रभारी के रूप में विनय कुमार ने मात्र 7 माह तक अपनी सेवाएं दी थीं, मगर इतने से छोटे कार्यकाल में ही उन्होंने गलोड़ में कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त कर दिया था और स्वच्छ छवि, निष्पक्ष और एक ईमानदार पुलिस अधिकारी के रूप में अपनी छाप छोड़ी थी। कुछ ही समय में गलोड़ क्षेत्र का हर कोई उन्हें सिंघम के नाम से जानने लगा था, मगर गैरकानूनी कार्यो में संल्पित लोगों को उनकी मौजूदगी कतई रास नहीं थी और उनका तबादला करवा कर ही ऐसे लोगों ने दम भरा था। उनके तबादला होने पर भी काफी लोगों ने उस समय इसका विरोध किया था, मगर उन्हें शिमला जिले में भेज दिया गया। अब फिर कांग्रेस के पदाधिकारी ने गलोड़ क्षेत्र के लोगों की इस मांग को सीधा मुख्यमंत्री के समक्ष रखा और मुख्यमंत्री ने उन्हें फिर गलोड़ पुलिस चौकी प्रभारी के रूप में स्थानांतरण कर चौकी प्रभारी का दायित्व सौंप दिया।



उनका एक बार फिर यहां कार्यभार संभालने के बाद अवैध खनन, नशा माफिया आदि में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है। गलोड़ क्षेत्र के लोगों ने मुख्यमंत्री सुक्खू सहित तमाम कांग्रेस के पदाधिकारियों का भी धन्यवाद किया है। चौकी प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि वह अपना काम ईमानदारी से करना पसंद करते हैं। उन्होंने कहा कि गैरकानूनी कार्य करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने गलोड़ क्षेत्र के लोगों से भी सहयोग की अपील की है।

# भोरंज में पूर्व सैनिकों के लिए खुला पॉलीक्लिनिक

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

उपमंडल भोरंज में पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ECHS) के तहत एक नया पॉलीक्लिनिक आरंभ हो गया है। इस अवसर पर विधिवत पूजा का आयोजन किया गया, जिसका आयोजन स्थानीय टीम द्वारा पंडित से करवाया गया। कर्नल राकेश ठाकुर को इस पॉलीक्लिनिक का ओआईसी (Officer In Charge) नियुक्त किया गया है। उनके साथ मौजूद पूरे स्टाफ का पूर्व सैनिकों और स्थानीय नागरिकों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

इस पॉलीक्लिनिक के खुलने से भोरंज तहसील के पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को अब चिकित्सा सेवाओं के लिए हमीरपुर या सरकाघाट नहीं जाना पड़ेगा। आगामी दो से तीन महीनों में यहां सभी आवश्यक चिकित्सा सेवाएं शुरू कर दी जाएंगी। इस सुविधा को भोरंज में स्थापित करवाने में मेजर रमेश चंद वर्मा और स्थानीय पूर्व सैनिकों की टीम ने बीते तीन वर्षों में अथक प्रयास किए। इस कार्य को स्वीकृति दिलाने में पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा। इस योगदान के लिए समस्त पूर्व सैनिकों ने अनुराग ठाकुर का हृदय से आभार प्रकट किया।



इलाज के लिए पूर्व सैनिकों को अब हमीरपुर या सरकाघाट नहीं जाना पड़ेगा।

कर्नल राकेश ठाकुर ने इस मौके पर कहा कि पूर्व सैनिकों को अब स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बार-बार हमीरपुर व सरकाघाट नहीं जाना पड़ेगा। उन्हें अब भोरंज में ही सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर कई गणमान्य पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

इनमें प्रमुख रूप से लेफ्टिनेंट कर्नल विनय चंद, अशोक कुमार, सागर शर्मा, मेजर आरसी वर्मा, कैप्टन जगदीश, रणजीत सिंह, हिटलर, मदन लाल, बलबंत सिंह, ध्यान चंद, बलदेव सिंह, सुवेदार प्रेम चंद, किशोरी लाल, नायब सूबेदार जसवंत सिंह, मिलैप चंद, हवलदार हेमराज, विजय कुमार, नायक मनोहर लाल, मुख्तयार सिंह आदि शामिल थे।

# भजन सिमरन जब तक हम नहीं करेंगे कुछ हासिल नहीं होगा : बाबा जी महाराज

**एसके ठाकुर/संजीव, अनंत ज्ञान**

**बड़सर/भोटा।** राधा स्वामी सत्संग घर भोटा में बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों और उनके उत्तराधिकारी जसदीप सिंह गिल संगत को दर्शन देने के लिए पहुंचे। महाराज जी रविवार शाम को परौर सत्संग घर में कार्यक्रम के बाद सड़क मार्ग से पहुंचे थे। बाबा जी के दर्शनों के लिए 50,000 के करीब संगत भोटा सत्संग घर में पहले से ही पहुंच चुकी थी, जैसे ही महाराज जी स्टेज पर पहुंचे तो हजारों की संगत में एकदम से अनुशासन के साथ सन्नाटा छा गया। इतनी बड़ी संगत के बीच पिन ड्रॉप साइलेंस देखने वाली बात थी।



इसके बाद बाबा जी ने सवाल-जवाब सेशन की शुरुआत की। एक बुजुर्ग महिला ने पूछा कि बाबा जी हमसे एक साथ अढ़ाई घंटे भजन सिमरन में नहीं बैठा जाता तो क्या थोड़ा-थोड़ा समय बैठकर अढ़ाई घंटे पूरे किए जा सकते हैं। जवाब में बाबा जी ने कहा कि शुरुआत में एक साथ बैठना मुश्किल होता है, इसलिए आदत बनाने के लिए थोड़ा-थोड़ा समय भी बेहतर है, लेकिन जब तक एक साथ अढाई घंटे एकाग्रचित होकर नहीं बैठेंगे तो काम नहीं बनेगा। उदाहरण के तौर पर उन्होंने बताया कि जैसे आप खाना बनाते हैं तो भी एक साथ समय और ध्यान देकर ही कामयाबी पाते हैं, अगर 10 मिनट सुबह 10 मिनट दोपहर को और 10 मिनट शाम को देंगे तो खाना तैयार नहीं हो पाएगा।

एक लड़की ने कहा कि बाबा जी आप भोटा साल में केवल एक बार आते हो आप साल में दो से तीन बार यहां आया करो तो बाबा जी ने कहा कि ऐसी कौन सी जगह है, जहां में साल में दो-तीन बार जाता हूं, मकसद सिर्फ कहना मानने का है, इसलिए जो कहा जाता है उसे मानिए। एक वीवी ने कहा कि बाबा जी हमें सचखंड ले चलो तो बाबा जी ने कहा कि आप सब सोचते हो कि मैंने पता नहीं कितना बड़ा जहाज बनाया है, जिसमें सभी को ले चलूंगा और अगर अभी बोल दूं कि चलो सभी तैयारी करो तो किसी को बाल बच्चों या किसी को अपने मां-बाप की याद आ जाएगी, ऐसा सुनकर सारी संगत हंस पड़ी।

सत्संग के तुरंत बाद बाबा जी और हजूर जी ने हेलीकॉप्टर से व्यास के लिए उड़ान भर ली। हजारों की संख्या में वाहनों को नियंत्रित करने के लिए सेवादारों और पुलिस प्रशासन को खूब मशक्कत करनी पड़ी।

**मंथन** जिला स्तरीय समितियों की बैठक में डीसी ने अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

# एससी/एसटी अत्याचार के मामलों की जांच में न हो विलंब

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

उपायुक्त अमरजीत सिंह ने सोमवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की विभिन्न योजनाओं, अभियानों तथा अधिनियमों से संबंधित छह अलग-अलग जिला स्तरीय समितियों की बैठक की अध्यक्षता की। अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज मामलों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने बताया कि इस समय जिले में अधिनियम के तहत दर्ज 28 मामले विभिन्न अदालतों में विचाराधीन हैं। 28 मामलों की कैंसलेशन रिपोर्ट्स भी अभी विभिन्न अदालतों में विचाराधीन हैं। 7 मामलों में पुलिस जांच कर रही है।

उन्होंने पुलिस और अभियोजन विभाग के अधिकारियों से कहा कि ऐसे मामलों की जांच और अभियोजन में विलंब नहीं होना चाहिए तथा एफआईआर दर्ज होते ही इसकी सूचना जिला कल्याण अधिकारी को दी जानी चाहिए। नशा मुक्त भारत अभियान 2.0 की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि इस अभियान के तहत पहली से 26 जून तक कई जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। सभी संबंधित विभाग दो दिन के भीतर इन गतिविधियों का ब्यौरा जिला कल्याण अधिकारी को प्रेषित करें, ताकि इन्हें वेब पोर्टल पर अपलोड किया जा सके।



विभिन्न अधिकारियों के साथ बैठक करते उपायुक्त अमरजीत सिंह।

उन्होंने पुलिस, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, स्वास्थ्य, शिक्षा, पंचायतीराज और अन्य विभागों तथा स्वयंसेवी संस्थाओं को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। जिला दिव्यांगता समिति की बैठक में उपायुक्त ने बताया कि गत वित्त वर्ष के दौरान जिला के 4905 दिव्यांगजनों की पेंशन पर 8.09 करोड़ रुपए खर्च किए गए। दिव्यांग विद्यार्थियों को 17.05 लाख रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। 13 दिव्यांगों की शादी पर 4.16 लाख रुपए का अनुदान दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी भवनों, सार्वजनिक स्थलों, परिवहन सेवाओं, अस्पतालों, कार्यालयों और शौचालयों इत्यादि में दिव्यांगों के लिए निर्धारित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिएं।

अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री के नए 15 सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने कहा कि सभी संबंधित विभाग अल्पसंख्यक वर्गों के पात्र लोगों को चिह्नित करें और उन्हें विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करें। हाथ से मैला उठाने वाले सफाई कर्मचारियों के नियोजन प्रतिषेध एवं उनका पुनर्वास अधिनियम-2013 के अंतर्गत गठित जिला सतर्कता समिति की बैठक में उपायुक्त ने कहा कि जिले में अब पुराने ढंग से मैला ढोने का कोई भी मामला सामने नहीं आया है।

सेप्टिक टैंकों, शौचालयों और नालियों की सफाई करने वाले कर्मचारियों की के पास सभी आवश्यक उपकरण एवं सुरक्षा किट होनी चाहिए तथा उनके स्वास्थ्य की नियमित रूप से जांच की जानी चाहिए। उक्त सभी समितियों की बैठकों में जिला कल्याण अधिकारी चमन लाल शर्मा ने विभिन्न योजनाओं का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। बैठक में एसपी भगत सिंह ठाकुर, जिला न्यायवादी संदीप अग्निहोत्री, संबंधित विभागों के अधिकारी तथा उक्त समितियों के गैर सरकारी सदस्य भी उपस्थित थे।

# टीजीटी अभ्यर्थी 3 तक कर सकते हैं ऑनलाइन फॉर्म में करेक्शन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राज्य चयन आयोग हमीरपुर में भरे जाने वाले टीजीटी आर्टर्स, टीजीटी मेडिकल और टीजीटी नॉन मेडिकल के फॉर्म ऑनलाइन भरे हैं। जिन अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन फॉर्म भरे थे, उन्होंने राज्य चयन आयोग से पत्र और ईमेल के माध्यम से आग्रह किया था कि ऑनलाइन फार्म में अपनी शैक्षणिक और नाम संबंधी करेक्शन करने के लिए करेक्शन विंडो को खोला जाए।

राज्य चयन आयोग ने अभ्यर्थियों की सिफारिश पर सोमवार से ऑनलाइन विंडो खोल दी है जिससे अभ्यर्थी अपनी डिग्री या नाम की गलती को ठीक कर सकते हैं। इसके अलावा यदि कोई अभ्यर्थी कैटेगरी या आयु से संबंधित करेक्शन करता है तो उसका फॉर्म रिजेक्ट कर दिया जाएगा। राज्य चयन आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि अभ्यर्थी अपनी शैक्षणिक व नाम से संबंधित गलती को ठीक कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी 3 जुलाई तक इस सुविधा का उपयोग कर सकते हैं, उसके बाद यह सुविधा बंद कर दी जाएगी।


एसएसपी शालिनी अग्निहोत्री को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करतीं अनंत ज्ञान की डायरेक्टर प्रतिभा धीमान।


एसपी विजिलेंस बलवीर सिंह को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते अनंत ज्ञान के डायरेक्टर हिमांशु व्यास।


विशेष आमंत्रित अतिथि एसपी विजिलेंस बलवीर सिंह का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करते अनंत ज्ञान के सीईओ विशाल धीमान, साथ हैं एचआरटीसी के डीएम पंकज चड्ढा, एमडी डॉ. दिलीप धाकड़, डायरेक्टर हिमांशु व्यास, संपादक समरजीत एवं अन्य।


डरोह के पत्रकार राकेश डोगरा को सम्मानित करते मुख्यातिथि कैबिनेट रैंक मंत्री आरएस बाली


अनंत ज्ञान की ताजा तरीन खबरें पढ़कर ज्ञानवर्धन करते पुलिस कर्मचारी


अनंत ज्ञान पुलिस प्राइड समारोह का आनंद उठाते पुलिस के आला अधिकारी।





सुजानपुर के चौरी पंचायत की रबड़ डॉल निधि डोगरा ने अपने छोटे भाई के साथ विभिन्न योगासन कर सभागार में उपस्थितजनों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।





योल के पत्रकार मनोज चंदेल को सम्मानित करते आरएस बाली


चामुंडा के पत्रकार राज शर्मा को सम्मानित करते आरएस बाली


पालमपुर के पत्रकार अजय पाल को सम्मानित करते आरएस बाली।


मटौर के पत्रकार आशीष दमीर को सम्मानित करते मुख्यातिथि कैबिनेट रैंक मंत्री आरएस बाली।


देहरा के पत्रकार शिव गुलेरिया को सम्मानित करते मुख्यातिथि कैबिनेट रैंक मंत्री आरएस बाली, साथ हैं एसपी विजिलेंस एवं अन्य।

## न्यूज ब्रीफ

### वन विभाग के गतिविधि कैलेंडर का विमोचन



**अनंत ज्ञान, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वन विभाग का गतिविधि कैलेंडर जारी किया, जिसमें 5 जून, अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर शुरू की गई विभिन्न पहलों को दर्शाया गया है। विभाग ने 1,000 शैक्षणिक संस्थानों में 'एक पेड़ मां के नाम' और 'बीट द प्लास्टिक' थीम पर पर्यावरण दिवस मनाया। 50,000 से अधिक विद्यार्थियों ने इन आयोजनों में भाग लिया। वन मित्रों, विद्यार्थियों और जनता की भागीदारी से विभिन्न परिसरों और कार्यालयों में सफाई अभियान चलाए गए। मुख्यमंत्री ने विभाग को इन सफल पहलों के लिए शुभकामनाएं दीं और स्वच्छ व सतत पर्यावरण के प्रति उनके प्रयासों पर विश्वास व्यक्त किया। उन्होंने अधिकारियों को विभागीय योजनाओं में जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर प्रधान मुख्य अरण्यपाल समीर रस्तोगी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वन विभाग का गतिविधि कैलेंडर जारी किया, जिसमें 5 जून, अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर शुरू की गई विभिन्न पहलों को दर्शाया गया है। उन्होंने अधिकारियों को विभागीय योजनाओं में जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर प्रधान मुख्य अरण्यपाल समीर रस्तोगी उपस्थित थे।

### एचपीयू में पीएचडी परीक्षा जुलाई में, 30 तक भरें फॉर्म

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (एचपीयू) में पीएचडी कोर्स की परीक्षाएं जुलाई में आयोजित होंगी। छात्र 30 जून तक अपने परीक्षा फॉर्म ऑनलाइन भरकर हार्ड कॉपी जमा कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, एचपीयू ने नीट परीक्षा के कारण कुछ पीजी परीक्षाओं, जैसे एमए अंग्रेजी, एमए योगा, एमएड और बैचलर ऑफ लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस की तिथियों में बदलाव किया है।

### स्वर्गीय वीरभद्र सिंह का चर्तुवार्षिक श्राद्ध 24 को

**अनंत ज्ञान, शिमला।** पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत वीरभद्र सिंह का चतुर्वार्षिक श्राद्ध (चवरख) 24 जून को रामपुर स्थित पदम पैलेस में आयोजित किया जाएगा। इस विशेष अवसर पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू और राज्य मंत्रिमंडल के सभी सदस्य सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। आयोजन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। समारोह से पहले, सोमवार को पदम महल परिसर में ब्लॉक कांग्रेस रामपुर द्वारा एक रक्तदान शिविर भी लगाया गया। इस अवसर पर हिमाचल कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल और उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान भी उपस्थित रहेंगे। हालांकि, उपमुख्यमंत्री अपने घर पर भागवत कथा के आयोजन के कारण शामिल नहीं हो पाएंगे।

### मानसून को लेकर शिमला में नोडल अधिकारी नियुक्त

**अनंत ज्ञान, शिमला।** आगामी मानसून सीज़न के मद्देनज़र, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, शिमला ने जिले भर में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की घोषणा की है। ये अधिकारी मानसून के दौरान किसी भी आपदा की स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार होंगे और तैयारियों तथा प्रतिक्रिया प्रयासों का समन्वय करेंगे।

### आंगनबाड़ी कर्मियों की हड़ताल 9 जुलाई को

**अनंत ज्ञान, शिमला।** सीटू से संबंधित आंगनबाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स यूनियन का शिमला में सम्मेलन हुआ। इसमें फैसला लिया गया है कि 9 जुलाई को आंगनबाड़ी कर्मियों की मांगों को लेकर प्रदेशव्यापी हड़ताल की जाएगी, जिससे सभी केंद्र बंद रहेंगे। मुख्य मांगों में मिनी आंगनबाड़ी को पूर्ण दर्जा, समान कार्य-समान वेतन, वेतन वृद्धि, नियमितीकरण, और ग्रेच्युटी लागू करना शामिल हैं। सम्मेलन में आगामी तीन वर्षों के लिए पैंतीस सदस्यीय कमेटी का भी गठन किया गया, जिसमें पिंगला गुप्ता अध्यक्ष और ख्मिी भंडारी महासचिव चुनी गईं। उन्होंने केंद्र सरकार से आंगनबाड़ी कर्मियों को नियमित कर्मचारी घोषित करने और निजीकरण रोकने की मांग की है।

# एनजीटी ने कसोल में कूड़ा फेंकने पर दिखाए कड़े तेवर

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल कसोल के वन्य क्षेत्रों में भारी मात्रा में कूड़ा डंपिंग को दर्शाने वाले एक वायरल वीडियो को गंभीरता से लेते हुए राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने स्वत: संज्ञान लेते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। एनजीटी ने प्रमुख अधिकारियों को इस मामले पर अगस्त तक कार्रवाई रिपोर्ट के साथ जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

जानकारी अनुसार कई वायरल वीडियो में हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध हिल स्टेशन को कूड़े के ढेर में बदला गया, जिसका शीर्षक वाली खबरों पर संज्ञान लिया। पीठ ने कहा कि ऑनलाइन प्रसारित हो रहे दृश्यों में कसोल और उसके आसपास के हरे-भरे जंगलों में प्लास्टिक बैग, बोतलें, खाद्य रैपर और अन्य गैर-बायोडिग्रेडेबल कचरे के

## हरे भरे जंगलों में खतरनाक प्रदूषण का साया, पर्यावरण अधिनियम की उड़ रही धज्जियां

'खतरनाक दृश्य' दिखाए गए हैं। मामले की गंभीरता का हवाला देते हुए, पीठ ने टिप्पणी की कि यह मामला पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 और प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के कार्यान्वयन से संबंधित एक महत्वपूर्ण पर्यावरणीय प्रश्न उठाता है। एनजीटी ने जनता के आक्रोश का भी संज्ञान लिया, जिसमें कई सोशल मीडिया उपयोगकर्ता स्थानीय अधिकारियों की भूमिका और राज्य के प्रवेश बिंदुओं पर लगाए गए तथाकथित 'ग्रीन टैक्स' की प्रभावशीलता पर सवाल उठा रहे थे।



## कई बोर्डों सहित डीसी को बनाया प्रतिवादी

**एनजीटी** ने अपनी स्वतः संज्ञान लेने की शक्ति का प्रयोग करते हुए, हिमाचल प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालय (उत्तर मध्य क्षेत्र) और कुल्लू जिले के उपायुक्त को इस मामले में प्रतिवादी बनाया है।

## 4 अगस्त को अगली सुनवाई

**पीठ** ने मामले को 4 अगस्त, 2025 को आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है और प्रतिवादियों को निर्देश दिया है कि वे सुनवाई की अगली तारीख से कम से कम एक सप्ताह पहले हलफनामे के माध्यम से अपना जवाब या प्रत्युत्तर दाखिल करें।

# सेब बागवानों की हुंकार, 9 को आंदोलन की चेतावनी

**अनंत ज्ञान, शिमला।** राजधानी शिमला में सोमवार को देशभर के प्रमुख सेब उत्पादक राज्यों के बागवानों ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ एकजुट होकर नौ जुलाई को आंदोलन की चेतावनी दी। एप्पल फार्मर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया और हिमाचल सेब उत्पादक संघ की संयुक्त आम सभा में हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड के सैकड़ों बागवानों ने भाग लिया।

सभा में कुलगाम से विधायक और एएफएफआई के राष्ट्रीय संयोजक मोहम्मद यूसुफ तारिगामी ने सरकार पर वायदा खिलाफी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार किसानों और बागवानों से लगातार बड़े-बड़े वादे करती है लेकिन उन्हें निभाने की नीयत नहीं दिखाती। सभा में तय किया गया कि किसानों के हितों की रक्षा के लिए देशभर की ट्रेड यूनियनों द्वारा 9 जुलाई को आयोजित धरनों में एप्पल फार्मर्स फेडरेशन सक्रिय भागीदारी करेगा। इस दिन देशभर में बागवान आवाज बुलंद करेंगे और केंद्र सरकार को चेताएंगे कि अगर मांगें नहीं मानी तो आंदोलन को तेज किया जाएगा।

# हिमाचल के विकास पुरुष वीरभद्र सिंह को कांग्रेस ने किया याद


स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की जयंती पर मौजूद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश के विकास में अहम योगदान देने वाले दिवंगत वीरभद्र सिंह को उनकी 91वीं जयंती पर कांग्रेस पार्टी ने श्रद्धापूर्वक याद किया।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में कृषि मंत्री चौधरी चंद्र कुमार और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह सहित कई वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने वीरभद्र सिंह के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कृषि मंत्री चौधरी चंद्र ने इस अवसर पर वीरभद्र सिंह को विकास का मसीहा बताते हुए कहा कि प्रदेश के विकास में उनका बहुत बड़ा योगदान है, जिसे हमेशा याद रखा जाएगा।

## जनसेवा ही लक्ष्य : विक्रमादित्य

**लोक** निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि हमें वीरभद्र सिंह के आदर्शों और उनके दिखाए पथ का अनुसरण करने को प्रेरित करता है। छह बार मुख्यमंत्री रहे वीरभद्र सिंह ने 22 साल से अधिक समय तक प्रदेश के लोगों की सेवा की। उन्होंने प्रदेश के समग्र विकास को प्राथमिकता दी और बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य किए।

## 15 जुलाई को होगा प्रतिमा का अनावरण

**विक्रमादित्य** सिंह ने बताया कि रिज मैदान पर स्थापित की गई वीरभद्र सिंह की प्रतिमा का अनावरण अब 15 जुलाई को किया जाएगा।

# जनता की सेवा करना राजनीतिक जीवन का मुख्य उद्देश्य : रोहित

अनंत ज्ञान, शिमला


बैठक में कार्यकर्ताओं का स्वागत करते रोहित ठाकुर।

जुब्बल-नावर-कोटखाई अनुसूचित जाति विभाग की मासिक बैठक आज घेजटा कॉम्प्लेक्स, जुब्बल में संपन्न हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने विशेष रूप से शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में जुब्बल-नावर-कोटखाई की जनता की सेवा को अपने राजनीतिक जीवन का मुख्य उद्देश्य बताया।

शिक्षा मंत्री रोहित ने कहा कि वह पिछले दो दशकों से राजनीति में सक्रिय हैं और इस क्षेत्र की जनता ने उन पर जो भरोसा और जिम्मेदारी सौंपी है, उसे वह पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह इस जिम्मेदारी के एक-एक पल का सदुपयोग जुब्बल-नावर-कोटखाई के विकास के लिए कर रहे हैं। बैठक के दौरान शिक्षा मंत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह को उनकी जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने जुब्बल-नावर-कोटखाई के विकास में वीरभद्र सिंह के महत्वपूर्ण योगदान को भी याद किया और उनके कार्यों की सराहना की। इस बैठक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल-नावर-कोटखाई के अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# 25 और 26 जून को हिमाचल में रहेंगे केंद्रीय मंत्री

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 25 और 26 जून को कई कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। भाजपा प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर ने बताया कि इन आयोजनों में केंद्रीय मंत्री भी शामिल होंगे।

26 जून को केंद्रीय अल्पसंख्यक एवं संसदीय मामले मंत्री किरण रिजिजू शिमला के होटल पीटर हाफ में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। उनके साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर भी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

25 जून को केंद्रीय सहकारिता, सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा धर्मशाला में कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। दोनों केंद्रीय मंत्री हिमाचल प्रदेश में चार प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

**राहत** मजदूरों की दिहाड़ी का रास्ता साफ, ठप पड़े कार्यों को मिलेगी संजीवनी

# मनरेगा के काम फिर पकड़ेंगे रफ्तार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

लंबे इंतजार के बाद आखिरकार हिमाचल प्रदेश के मनरेगा श्रमिकों के लिए खुशखबरी आ गई है। केंद्र सरकार ने मनरेगा के तहत प्रदेश को 122.77 करोड़ रुपए की बड़ी राशि जारी कर दी है।

इस राशि से न केवल मनरेगा के रुके हुए काम फिर से गति पकड़ेंगे, बल्कि बीते चार महीनों से लंबित दिहाड़ी और तीन महीनों से रुका मनरेगा कर्मियों का वेतन भी जल्द ही जारी हो पाएगा।

केंद्र से मिली यह ग्रांट हिमाचल के ग्रामीण विकास को नई संजीवनी देगी। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जारी हुई इस राशि में 101.24 करोड़ रुपए घटक सामग्री (सामग्री लागत) के रूप में हैं, जबकि 21.53 करोड़ रुपए प्रशासनिक व्यय के लिए दिए गए हैं।

## 122.77 करोड़ रुपए की बड़ी राशि की गई जारी



## पंचायतों को जारी किया गया फंड

**यह** फंड राज्य सरकार के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सोमवार को ही पंचायतों को जारी कर दिया जाएगा, जिससे नवंबर 2024 से लंबित लगभग 461.56 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान संभव हो सकेगा।

अनंत ज्ञान खास खबर

## ग्रांट जारी होने की ग्रामीण विकास मंत्री ने की पुष्टि

**ग्रामीण** विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने इस संबंध में पुष्टि करते हुए कहा कि केंद्र से मनरेगा की लंबित ग्रांट प्राप्त हो गई है और इसे सभी पंचायतों को तत्काल जारी किया जा रहा है। यह राशि ऐसे समय में आई है जब मनरेगा के कार्य पूरी तरह ठप पड़ गए थे और श्रमिकों को अपनी दिहाड़ी का इंतजार था।

सङ्करो नरकायैव कुलघ्नानां कुलस्य च।
पतन्ति पितरो ह्येषां लुप्तपिण्डोदकक्रियाः॥

वर्णसंकर कुलघातियों को और कुलको नरक में ले जाने के लिए ही होता है। लुप्त हुई पिण्ड और जलकी क्रियावाले अर्थात श्राद्ध और तर्पणसे वञ्चित इनके पितरलोग भी अधोगति को प्राप्त होते हैं॥


अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
कांगड़ा | मंगलवार, 24 जून 2025

**आषाढ़ शुक्ल पक्ष शुरू होते ही गुप्त नवरात्र महापर्व भी आरंभ हो जाता है। आषाढ़ शुक्ल पक्ष की द्वितीय तिथि को दस दिवसीय श्री जगन्नाथ पुरी में रथयात्रा उत्सव आरंभ हो जाता है। इसी तरह हिमाचल प्रदेश के कई भागों में भी श्री जगन्नाथ रथ यात्रा का आयोजन किया जाता है। मंडी व सुकेत रियासत में सैकड़ों वर्षों से श्री जगन्नाथ रथयात्रा का आयोजन किया जाता रहा है। मंडी में विराजित श्री जगन्नाथ भगवान की मूर्ति स्थापना की रोचक कथा है...**

# श्री जगन्नाथ की सैकड़ों वर्ष पुरानी काष्ठ मूर्तियां



- मंडी और सुकेत रियासत में जगन्नाथ रथयात्रा उत्सव की धूम
- पुरी में 10 वर्ष बाद बदल दी जाती हैं काष्ठ की मूर्तियां
- भक्त के लिए मंडी बसने पुरी से आ गए भगवान जगन्नाथ
- वृंदावन में भी भक्त के लिए प्रकट हो गए जग के नाथ



**जगन्नाथ** मंदिर 1679 ईस्वी में राजा गुर सेन ने बनवाया था और राजा द्वारा ये मूर्तियां उड़ीसा के पुरी जगन्नाथ मंदिर से लाई गई थीं। राजा गुर सेन ने भगवान जगन्नाथ से प्रार्थना की कि हे प्रभु! मैं अब बूढ़ा हो गया हूं, अब मैं जगन्नाथ पुरी आने में अपने आप को असमर्थ पाता हूं, आप मेरा कल्याण कीजिए। विनय भाव से जैसे ही राजा गुर सेन ने उन्हें पुकारा, प्रभु स्वप्न में प्रकट हुए और कहा राजन! एक बार तुम पुरी आओ और वहां से मेरा प्रतिरूप लेकर आओ। राजा गुर सेन ने पुरी जाने की तैयारियां शुरू कर दीं और शीघ्र ही ओडिशा के पुरी के लिए लाव-लश्कर के साथ रवाना हो गए। उनके साथ पुरानी मंडी के सैकड़ों लोग भी रवाना हुए। राजा गुर सेन के पुरी धाम पहुंचने से पहले ही भगवान जगन्नाथ ने वहां के पुजारी को स्वप्न में ही दर्शन देकर सारी स्थिति से अवगत करवाया और पुजारी मूर्तियों के निर्माण कार्य करवाने में लग गया। वहां पहुंचने पर राजा गुर सेन, पुजारी व ब्राह्मणों ने विधि-विधान से मूर्तियों की पूजा-अर्चना की तत्पश्चात राजा, मंडी के लिए रवाना हो गए। मंडी के पड्डल के पास पहुंचने पर रथ वहीं रुक गया, क्योंकि राजा मूर्तियों को महल में ले जाना चाहता था, लेकिन भगवान जगन्नाथ को कुछ और ही मंजूर था। मंडी उत्सव में झूम रहा था, लेकिन भगवान जगन्नाथ का रथ वहां से हिल ही नहीं रहा था। अंततः राजा ने ज्योतिषियों से पूछा तो उन्होंने कहा कि आप रथ यहीं छोड़ दें, प्रभु अपना स्थान स्वयं ले लेंगे और वैसा ही हुआ जैसे ही रथ को छोड़ा गया तो रथ स्वयं ही चल दिया। यह देख राजा और प्रजा के आश्चर्य का ठिकाना नहीं रहा। वर्तमान में जहां मंदिर है, वहां रुक गया। राजा गुर सेन ने पुरानी मंडीवासियों से कहा कि आप भी दिन-रात इस महाउत्सव में मेरे साथ ही रहे आप वर मांगों आपको मैं क्या दूं? तब सब लोग बोले हमें कोई वर नहीं चाहिए, बस एक ही वर दो। भगवान जगन्नाथ का मुख पुरानी मंडी की तरफ कर दो, यही वर हमें दो। राजा ने स्वीकार कर लिया, इससे पहले राजा मूर्तियों का मुख महल की तरफ करना चाहता था। मंदिर के पुजारी काष्पीदास शर्मा, देवेन शर्मा व गोपालदास त्यागी का कहना है कि मंदिर के पूर्ण निर्माण से पहले ही राजा का स्वर्गवास हो गया था और उसके पश्चात ही मंदिर को पूर्ण करवाया गया।

## सैकड़ों वर्ष बाद भी काष्ठ की मूर्तियां वैसी की वैसी

**कहा** जाता है कि रथ यात्रा के दौरान पुरी में लगभग 10 वर्ष बाद काष्ट को मूर्तियों को बदल दिया जाता है। इसे प्रभु का चमत्कार ही कहेंगे कि सैकड़ों वर्ष बीतने के बाद भी काष्ठ की मूर्तियां वैसी की वैसी ही हैं। मंदिर में भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा, बलराम और गरुड़ की मूर्तियां उसी काल से स्थापित हैं।

## हंडेटी सुंदरनगर में 250 वर्ष पुरा मंदिर

**सुकेत** रियासत में हंडेटी सुंदरनगर स्थित भगवान श्री जगन्नाथ का करीब 250 साल पुराना मंदिर है। आषाढ़ मास में यहां भी रथयात्रा धूमधाम और पौराणिक मान्यतानुसार अपनाई जाती है। श्री जगन्नाथ, बलभ्रद और सुभद्रा एक दिन जंगम बाग में विश्राम करने के उपरांत पुनः हंडेटी स्थित अपने मंदिर को लौट आते हैं। यहां की कथा भी बहुत ही रोचक है, एक पथिक साधु ने कुल्लू रियासत में मूर्ति को देने की बजाय सुकेत रियासत के राजा को सौंप दी थी।



## श्री जगन्नाथ रथ यात्रा उत्सव

**ज्येष्ठ** माह की पूर्णिमा को भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और बहन सुभद्रा के देव स्नान महापर्व है। इस दिन पुरी में भगवान को 108 घड़ों से स्नान कराया जाता है, जिसके बाद वे 14 दिनों तक भक्तों को दर्शन नहीं देते हैं। मान्यता है कि अधिक स्नान करने के कारण भगवान जगन्नाथ अस्वस्थ हो जाते हैं और इस अवधि में उनका उपचार किया जाता है। उपचार उपरांत 15वें दिन आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि पर मंदिर के कपाट पुनः खोले जाते हैं। इस विशेष दिन को 'नेत्र उत्सव' के रूप में मनाया जाता है। नेत्र उत्सव के अगले दिन, आषाढ़ शुक्ल द्वितीया को विश्व प्रसिद्ध जगन्नाथ रथ यात्रा का शुभारंभ होता है।

## रथ यात्रा का इतिहास

**पौराणिक** कथाओं के अनुसार राजा इंद्रद्युम्न भगवान जगन्नाथ को शबर राजा से यहां लेकर आए थे तथा उन्होंने ही मूल मंदिर का निर्माण कराया था, जो बाद में नष्ट हो गया। ऐसा माना जाता है कि वर्तमान मंदिर का निर्माण 12वीं शताब्दी में चोल गंगदेव तथा अनंग भीमदेव ने कराया था, परंतु जगन्नाथ संप्रदाय वैदिक काल से लेकर अब तक मौजूद है। सैकड़ों वर्ष पहले भगवान के घर वृंदावन धाम में भक्त की भक्ति से प्रसन्न होकर वृंदावन बसने आ गए जग के नाथ जगन्नाथ। आज भी वृंदावन धाम में भगवान जगन्नाथ की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है।

## अद्भुत हैं तीनों रथ

**भगवान** जगन्नाथ का रथ 'गरुड़ध्वज' कहलाता है। इसमें 16 पहिए व 13.5 मीटर ऊंचा रथ होता है, जिसमें लाल व पीले रंग के वस्त्र का प्रयोग होता है। विष्णु का वाहक गरुड़ इसकी रक्षा करता है। रथ ध्वज को नंदीघोष कहते हैं। बलराम का रथ तालध्वज के नाम से पहचाना जाता है। यह रथ 13.2 मीटर ऊंचा और 14 पहियों का होता है। यह लाल, हरे रंग के कपड़े का प्रयोग होता है। रथ के रक्षक वासुदेव और सारथी मताली होते हैं, जिस रस्सी से रथ खींचा जाता है, वह वासुकी कहलाता है।सुभद्रा का रथ पद्मध्वज कहलाता है। 12.9 मीटर ऊंचे 12 पहिए, लाल, काले कपड़े का प्रयोग होता है। रथ की रक्षक जयदुर्गा व सारथी अर्जुन होते हैं। रथध्वज नदंबिक कहलाता है। इसे खींचने वाली रस्सी को स्वर्णचूड़ा कहते हैं।

*-अनिल शर्मा, नौबाही मंडी।*

# सिंह राशि में मंगल और केतु की युति का प्रभाव

**व्यक्ति** के स्वभाव, मानसिकता और जीवन की दिशा पर गहरा असर डालती है। सिंह राशि स्वयं सूर्य की राशि है, जो तेज, नेतृत्व और आत्मबल का प्रतीक मानी जाती है। जब इस राशि में मंगल और केतु का संयोग होता है, तो यह युति जातक को अत्यधिक उर्जावान, साहसी लेकिन कभी-कभी अत्यधिक आवेगी भी बना सकती है। मंगल जहां ऊर्जा, साहस और युद्धभावना का कारक है। वहीं, केतु त्याग, आत्मचिंतन और रहस्य का प्रतीक माना जाता है। इस युति के प्रभाव से जातक के स्वभाव में तीव्रता और आवेग बढ़ जाता है। वह जल्दी निर्णय लेता है और कई बार बिना सोचे-समझे कार्य कर बैठता है। ऐसा व्यक्ति नेतृत्व क्षमता में प्रबल होता है, लेकिन उसमें अहंकार और गुस्से की प्रवृत्ति भी देखने को मिलती है। केतु की उपस्थिति उसे आध्यात्मिकता, तंत्र-मंत्र और गूढ़ विषयों की ओर भी आकर्षित करती है, जिससे वह गहराई से सोचने और विश्लेषण करने वाला बन सकता है। हालांकि, यह युति कभी-कभी जीवन में संघर्ष, अचानक दुर्घटनाओं या रिश्तों में तनाव का कारण भी बन सकती है, विशेषकर जब यह नीच भावों में या अशुभ दृष्टियों के प्रभाव में हो। स्वास्थ्य की दृष्टि से यह युति सिरदर्द, रक्तचाप, आंखों की समस्या या मानसिक तनाव पैदा कर सकती है। यदि कुंडली में यह युति शुभ भावों में हो और सकारात्मक दृष्टियों में हो, तो यह जातक को जीवन में गहरी समझ, दृढ़ इच्छाशक्ति और रहस्यमयी सफलता दिला सकती है। वहीं, नकारात्मक स्थिति में यह उग्रता, अधीरता और आत्म-विरोधी निर्णयों का कारण बन सकती है। ऐसे में हनुमान जी की उपासना, मंगलवार और शनिवार के दिन व्रत रखना, केतु मंत्र का जाप करना, और पीपल के पेड़ के नीचे दीपक जलाना जैसे उपाय इस युति से उत्पन्न दुष्प्रभावों को कम करने में सहायक हो सकते हैं। किसी योग्य ज्योतिषी से परामर्श कर मंगल और केतु के अनुरूप रत्न धारण करना भी लाभकारी सिद्ध हो सकता है।



**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर।**

# भूंडा महायज्ञः हिमाचल की सांस्कृतिक आत्मा का स्पंदन

## सदियों पुरानी विरासत के साथ भूंडा महायज्ञ की जड़ें और परशुराम का आशीर्वाद


**हिमाचल** की देवभूमि में जहां हर कण में आध्यात्मिकता का वास है और पर्वत शृंगों पर प्राचीन कथाएं गूंजती हैं। वहीं, सदियों से एक अनूठी सांस्कृतिक गाथा जीवंत है, भूंडा महायज्ञ। यह मात्र एक पर्व नहीं, अपितु लोक-जीवन की गहरी आस्था, प्रकृति के साथ अटूट बंधन और सामुदायिक सौहार्द का एक विराट उत्सव है। प्रत्येक बारह वर्षों के अंतराल पर, जब समय का चक्र एक विशेष पड़ाव पर रुकता है, तब यह महायज्ञ अपनी गरिमा और गूढ़ता के साथ प्रकट होता है। मानो धरती अपने प्राचीन रहस्यों को उद्घाटित कर रही हो। भगवान परशुराम से जुड़ी इस पावन परंपरा में वन देवताओं, नाग देवताओं और दैवीय शक्ति पीठों का आह्वान होता है, जहां प्रकृति और पुरुष का मिलन एक अलौकिक आध्यात्मिक अनुभूति में विलीन हो जाता है। भूंडा केवल एक अनुष्ठान नहीं, यह हिमाचल की सांस्कृतिक आत्मा का स्पंदन है, जो अतीत की गहराइयों से निकलकर वर्तमान को आलोकित करता है।

**विशेष रिपोर्टः सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।**

## एकता का महाकुंभ

### सामाजिक सौहार्द और मिलन

**भूंडा** महायज्ञ सिर्फ एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि एक बड़ा सामाजिक समागम भी है। इस अवसर पर दूरदराज से लोग अपने रिश्तेदारों और मित्रों से मिलने आते हैं। लोकगीत, लोकनृत्य और पारंपरिक खेलों का आयोजन किया जाता है, जो समुदाय में एकता और सौहार्द को बढ़ावा देते हैं। यह आपसी मेलजोल और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का एक महत्वपूर्ण अवसर होता है।



## भूंडा महायज्ञ की उत्पत्ति को लेकर कई कथाएं प्रचलित

भूंडा महायज्ञ की उत्पत्ति को लेकर हिमाचल प्रदेश में कई लोक कथाएं और मान्यताएं प्रचलित हैं। अधिकांश विद्वान और स्थानीय लोग इसे भगवान परशुराम और उनके द्वारा स्थापित एक प्राचीन यज्ञ परंपरा से जोड़ते हैं। हिमाचल के कुछ क्षेत्रों, विशेष रूप से कुल्लू और शिमला जिले के कुछ हिस्सों में, परशुराम को एक महत्वपूर्ण देवता के रूप में पूजा जाता है। यह माना जाता है कि परशुराम ने तत्कालीन सामाजिक व्यवस्था में सुधार और धर्म की स्थापना के लिए ऐसे महायज्ञों का आयोजन किया था। यह यज्ञ मुख्यतः पशु बलि और विशेष अनुष्ठानों के माध्यम से देवताओं को प्रसन्न करने और क्षेत्र की समृद्धि, शांति और आपदाओं से बचाव के लिए किया जाता था। ऐतिहासिक रूप से भूंडा जैसी परंपराएं हिमालयी क्षेत्रों में प्रचलित थीं, जहां प्रकृति की शक्ति को अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता था। इन अनुष्ठानों के माध्यम से समुदाय अपनी श्रद्धा व्यक्त करते थे और यह मानते थे कि इससे उन्हें प्राकृतिक आपदाओं, बीमारियों और अन्य विपत्तियों से सुरक्षा मिलेगी। हिमाचल में यह पर्व स्थानीय देवी-देवताओं और नाग देवताओं को समर्पित है, जो इस क्षेत्र के लोगों के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## भूंडा का सार, प्रकृति समुदाय और आस्था का त्रिवेणी संगम

भूंडा महायज्ञ हिमाचल प्रदेश की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत का एक अविभाज्य अंग है। यह माना जाता है कि भूंडा महायज्ञ के आयोजन से क्षेत्र में व्याप्त नकारात्मक ऊर्जाएं दूर होती हैं और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। यह एक प्रकार की आध्यात्मिक शुद्धि का पर्व है, जो समुदाय को नवीनीकृत करता है।

## भूंडा महायज्ञ, एक अद्भुत परंपरा

**भूंडा** महायज्ञ हिमाचल प्रदेश की एक सदियों पुरानी, परंपरागत और रहस्यमयी धार्मिक अनुष्ठान है, जिसका आयोजन देवताओं को प्रसन्न करने और क्षेत्र में सुख-समृद्धि लाने के उद्देश्य से किया जाता है। यह यज्ञ हर 12 साल में आयोजित होता है। हालांकि, कई बार विभिन्न कारणों से इसमें अधिक समय लग जाता है जैसा कि दलगांव में 39 साल बाद हुआ। यह मुख्य रूप से कुल्लू के निरमंड, रामपुर बुशहर और शिमला के रोहड़ू जैसे क्षेत्रों में मनाया जाता है।

## 'बेड़ा' रस्म, जहां थम जाती हैं सांसें

**भूंडा** महायज्ञ का सबसे रोमांचक और केंद्रीय आकर्षण 'बेड़ा' रस्म होती है। इस रस्म में एक अनुभवी व्यक्ति, जिसे 'बेड़ा' कहा जाता है, पहाड़ी के एक छोर से दूसरे छोर तक बंधी एक मोटी रस्सी जिसे 'मूंजी' या 'नाग' का प्रतीक माना जाता है, पर फिसलकर खाई को पार करता है। यह रस्सी विशेष रूप से तैयार की जाती है और 'बेड़ा' लकड़ी की एक छोटी काठी पर बैठकर इस पर फिसलते हुए आगे बढ़ता है।

## पौराणिक महत्व और नरमेघ यज्ञ

इतिहासकारों का मानना है कि भूंडा महायज्ञ की शुरुआत भगवान परशुराम ने की थी। कुछ पौराणिक कथाओं के अनुसार, इस यज्ञ में पहले नरमुंडों की बलि दी जाती थी, इसलिए इसे 'नरमेघ यज्ञ' भी कहा जाता है। इसका वर्णन यजुर्वेद में भी मिलता है। इस यज्ञ का आयोजन नकारात्मक शक्तियों के विनाश, लोगों के उत्थान और क्षेत्र में खुशहाली लाने के उद्देश्य से किया जाता है। भूंडा महायज्ञ का आयोजन एक वृहद प्रक्रिया है जिसमें कई महीने या कभी-कभी साल भर की तैयारी लगती है। इसमें कई चरणों में अनुष्ठान संपन्न होते हैं।



**संधोल** जिला मंडी का वह प्राकृतिक प्रवेश द्वार है, जहां कांगडा, हमीरपुर व मंडी जिलाओं की सीमा मिलकर तीन जिलों का त्रि-संगम बनाती है। समूचा संधोल क्षेत्र मां मनसा देवी जी के चरणों में बसा है। माता का मंदिर संधोल की ऊंची चोटी सनैला के शिखर पर स्थित है। यहां आस्था व भक्ति के साथ प्राकृतिक सौंदर्य व सुकुन की अनुभूति भी प्राप्त होती है। यहां से जिला कांगडा व हमीरपुर तथा मंडी की पहाड़ियों के दीदार हो जाते हैं। ठंडी हवाएं चंचल मन को स्थिरता प्रदान करती हैं। कानों में पक्षियों की चहचहाहट और आंखों के समक्ष संधोल घाटी व आस-पास के क्षेत्रों का रमणीय दृश्य मन को भा जाता है। चारों तरफ की हरियाली है, जो मन में वहीं बैठकर चारों तरफ देखते रहने को विवश कर देती है।

## श्रद्धा, शांति व प्राकृतिक सौंदर्य का केंद्र

# मां मनसा देवी मंदिर संधोल

***हिमाचल प्रदेश देवभूमि के नाम से यूं ही विश्वविख्यात नहीं है, बल्कि यहां अनेक ऐसे दिव्य भव्य, आस्था से भरपूर व ऐतिहासिक गाथाओं को अपने में संजोए ऐसे कई रमणीय स्थल है, जहां दैवीय शक्ति का अहसास आमतौर पर हो जाता है। श्रद्धा व आस्था इन स्थानों का महत्व और भी बढ़ा देती है। हिमाचल में हर गांव, मोहल्ले व क्षेत्र की कुछ अपनी विलक्षण कहानियां व आस्था के अनेक ऐसे केंद्र हैं, जो विश्वास की डोर से कई वर्षों से निरंतर बंधे चले आ रहे हैं। कई स्थान व चमत्कार तो ऐसे हैं, जिन्हें देखकर विज्ञान भी हैरान हो जाता है, क्योंकि कहा जाता है न, भक्ति की आस्था में बहुत शक्ति होती है। ऐसी ही असीम आस्था व शांति का एक केंद्र है 'सनैला माता मंदिर' के नाम से प्रसिद्ध मां मनसा देवी जी का मंदिर जो कि संधोल के सनैला में स्थित है।***

### लोगों की अटूट आस्था का केंद्र

**मां** मनसा देवी समस्त संधोल क्षेत्र तथा आसपास लगते क्षेत्रों के लोगों की अटूट आस्था का केंद्र के साथ-साथ संधोल क्षेत्र के लोगों की 'कलदेवी' भी है, जिनके चरणों में माता के आशीर्वाद से पूरा संधोल क्षेत्र वास करता है। मां से मांगी मनोकामना पूर्ण होने या खुशी से विभिन्न अवसरों पर लोग 'जात्र' ढोल-नगाड़ों संग लेकर पहुंचते तो हैं ही, बल्कि प्रत्येक वर्ष विभिन्न उपलक्ष्य पर भजन-कीर्तन व विशाल जागरण तथा भंडारों से मंदिर गूंजायमान रहता है। गर्मियों के दिनों में ठंडी हवाओं का लुत्फ उठाते अक्सर भक्त यहां चोटियों पर बैठे नजर आते हैं। आस्था के साथ-साथ शांतिप्रिय लोगों के लिए संधोल में यह एक आकर्षक स्थल है, जहां आंगुतक खड़ी चढ़ाई चढ़कर यहां पहुंचते हैं। चोटियों पर बैठकर संधोल क्षेत्र का संपूर्ण नजारा देखते-देखते कई बार मोर व अन्य पक्षियों को देखकर मन प्रफुल्लित हो उठता है।

### लोगों का विश्वास, मां करती हर विपदा से रक्षा

**संधोल** क्षेत्रवासियों का विश्वास है कि माता हर मनोकामना पूर्ण कर क्षेत्रवासियों की हर विपदा से रक्षा भी करती है। यह मंदिर व आकर्षक स्थान संधोल से महज दो किलोमीटर की दूरी पर शिखर पर स्थित है। संधोल व्यास नदी के तट पर स्थित है, मानो ऐसा लगता है व्यास नदी, मां सनैला की गोद से बहती हुई, चरणों को धोते हुए संधोल को पवित्रता का संदेश देती है। संधोल के बडौर शहर में अब व्यास नदी पर जिला क्रिडा, आकर्षण का नया केंद्र बनकर तेजी से उभर रहा है। व्यास की लहरों में नौका विहार का आनंद लेने आस-पास के क्षेत्रों से लोगों की भीड़ लगी रहती है, जो सन्धोल को एक नई पहचान प्रदान करने में अपनी कारगर भूमिका निभा रही है। संधोल वॉलीबाल की नर्सरी कहलाती है। यहां की धरती ने कई खिलाड़ी देश-प्रदेश को प्रदान किए हैं। अंतः संधोल का रुखकर आसपास के क्षेत्रों के लोग मां मनसा देवी का आशीर्वाद लेकर प्राकृतिक सौंदर्य को निहारकर, व्यास के तट पर स्थित प्राचीन बालकरूपी मंदिर में दर्शन कर, व्यास की लहरों में नौका विहार का लुत्फ उठाने के लिए मन बना सकते हैं।

### हमीरपुर के सुजानपुर से 25 किलोमीटर दूर संधोल

संधोल की दूरी जिला हमीरपुर के सुजानपुर से 25 किलोमीटर, जबकि कांगड़ा के जयसिंहपुर से लगभग 10 किलोमीटर है। धर्मपुर से लगभग 33 किलोमीटर और संधोल से लगभग 30 किलोमीटर की दूरी पर मंडी रियासत का किसी समय गढ़ रहा। ऐतिहासिक व अभेद्य किला तथा क्षेत्रवासियों के कुल देवता बाबा कमलाहिया का मंदिर भी स्थित है, जहां संधोल से आसानी से पहुंचा जा सकता है। सभी तरफ से बस सेवा से संधोल क्षेत्र जुड़ा हुआ है। बस सेवा, टैक्सी या निजी वाहन के माध्यम से यहां आसानी से पहुंचा जा सकता है। यहां लोक निर्माण विभाग, जलशक्ति विभाग व सैनिक विश्राम गृह के साथ होमस्टे की सुविधा भी उपलब्ध है। संधोल में ही व्यास नदी जिला मंडी की सीमा को छोड़कर जिला हमीरपुर व कांगडा में प्रवेश करती है, जहां सूर्यास्त के दृश्य मन को भा जाते हैं।

**-ठाकुर दीक्षित धलारिया संधोल (मंडी)।**

# गुप्त नवरात्र क्या करें और विशेष उपाय



**गुप्त** नवरात्रि हिंदू धर्म में एक अत्यंत रहस्यमय और शक्तिशाली साधना काल माना जाता है। वर्ष 2025 में आषाढ़ मास की गुप्त नवरात्र 26 जून से प्रारंभ होकर 4 जुलाई 2025 तक होंगे। यह समय विशेष रूप से तांत्रिक साधना, मंत्र सिद्धि और देवी उपासना के लिए अनुकूल होता है। आम तौर पर यह नवरात्र गोपनीय रूप से मनाए जाते हैं और इसके माध्यम से साधक अपने जीवन की कठिनाइयों से मुक्ति प्राप्त करने के साथ-साथ आध्यात्मिक बल भी प्राप्त कर सकते हैं। गुप्त नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं को प्रतिदिन प्रातः स्नान करके स्वच्छ वस्त्र पहनने चाहिए और एक शांत स्थान पर मां दुर्गा के किसी एक स्वरूप जैसे महाकाली, तारा या भुवनेश्वरी का ध्यान करना चाहिए। पूजा में दीपक, काले तिल, गुग्गुल धूप और लाल पुष्पों का विशेष महत्व होता है। ' ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डाये विच्चे' मंत्र का जाप प्रतिदिन 108 बार करना अत्यंत लाभकारी होता है। यह साधना विशेष रूप से एकांत में, मौन रहकर की जाती है, जिससे साधक की ऊर्जा केंद्रित हो सके।

### गुप्त नवरात्र में करें ये उपाय

धन प्राप्ति के लिए देवी लक्ष्मी के साथ मां दुर्गा की युगल आराधना करें और चांदी का सिक्का लाल कपड़े में बांधकर पूजा स्थल पर रखें। कर्ज मुक्ति के लिए देवी को गुड़ और नारियल अर्पित करें और ' ऋणमोचकाय नमः' मंत्र का जप करें। यदि व्यापार में बाधा आ रही है तो लाल चंदन से लक्ष्मी यंत्र लिखकर उसकी नित्य पूजा करें। रोगों से मुक्ति के लिए 'दुर्गा सप्तशती' का पाठ और नीम की पत्तियों का हवन करें। इस वर्ष गुप्त नवरात्र के दौरान विशेष योग भी बन रहे हैं, जो साधना को अधिक प्रभावशाली बनाते हैं। श्रद्धा और नियम के साथ की गई पूजा जीवन की नकारात्मक ऊर्जा को समाप्त करती है और साधक को मानसिक शांति, आत्मविश्वास और सुरक्षा प्रदान करती है।

### देवी की आराधना से जीवन में चमत्कारी परिवर्तन संभव

26 जून से 4 जुलाई, 2025 तक मनाए जाने वाले गुप्त नवरात्र एक आध्यात्मिक शक्ति अर्जित करने का दुर्लभ अवसर है। इस दौरान श्रद्धा, संयम और गोपनीयता से देवी की आराधना करने से जीवन में चमत्कारी परिवर्तन संभव हैं। यह समय अपने जीवन को नई दिशा देने, कर्मों की शुद्धि करने और ईश्वरीय शक्ति से जुड़ने का अत्यंत शुभ अवसर है।

**-अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

## न्यूज ब्रीफ

### जहरीला पदार्थ निगलने से महिला की मौत

**अनंत ज्ञान, योल।** धर्मशाला विकास खंड के रक्कड़ गांव की एक महिला की जहरीला पदार्थ निगलने से सोमवार को मौत हो गई। मृतका की पहचान रेणुका 30 वर्षीय पत्नी अनिल कुमार निवासी रक्कड़ के रूप में हुई है। मृतका अपने पीछे बेटा और बेटी छोड़ गई है। मृतका ने 13 जून को जहरीला पदार्थ निगला था। मेडिकल कॉलेज टांडा में उपचार के बाद पीजीआई और फिर एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। पिछले तीन चार दिनों से घर पर ही थी। पति ऑटो चालक है। सदर थाना धर्मशाला के प्रभारी नारायण सिंह ने कहा कि मृतका ने अपने बयान में गलती से जहरीला पदार्थ निगलने की बात कहीं थी। सोमवार को मृतका का जोनल अस्पताल धर्मशाला में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

### उपभोक्ता 27 से पहले जमा करवाएं बिजली बिल

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** विद्युत उपमंडल डरोह के सहायक अभियंता इंजीनियर सुभाष कुमार ने कहा कि विद्युत उपमंडल डरोह के अधीन आने वाले जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बिजली बिल का भुगतान नहीं किया है, वे उपभोक्ता 27 जून से पहले अपने बिजली बिल का भुगतान कर दें। उपभोक्ता अपने बिजली बिल का भुगतान ऑनलाइन मोड, गूगल पे, फोन पे तथा पेटीएम के माध्यम से भी कर सकते हैं, बिजली बिल का भुगतान न करने की स्थिति में बिना किसी आगामी सूचना के बिजली का कनेक्शन अस्थायी रूप से काट दिया जाएगा। उन्होंने जनता से बिजली बिल का भुगतान करने की अपील भी की है।

### इंदौरा में खनन सामग्री के साथ 3 ट्रैक्टर पकड़े

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** इंदौरा में रात के अंधेरे में अवैध खनन करने वालों पर शिकंजा कसा है। थाना इंदौरा के अंतर्गत वार्ड-11 में लोगों द्वारा अवैध खनन करने पर तीन ट्रैक्टर ट्रालियों को खनन सामग्री के साथ पकड़ा, जिसकी सूचना थाना इंदौरा में दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी आशीष पठानिया मौके पर पहुंचे और तीनों ट्रैक्टर ट्रालियों को कब्जे में लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसपी नूरपुर धर्मचंद वर्मा ने कहा कि अवैध खनन कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### खनियारा के थेहड़ में साईं बाबा के रथ का स्वागत

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** सूर्योदय चैरिटेबल ट्रस्ट ठैहर (खनियारा ) के दिव्यांग बच्चों ने थेहड़ स्कूल परिसर में साईं बाबा के रथ का स्वागत किया। छात्रों और कर्मचारियों ने साईं गायत्री मंत्र का जाप किया। दिव्य तरंगों ने एक शांत और उत्थानशील वातावरण बनाया। बच्चों ने साईं बाबा के सम्मान में फूल बरसाए। संस्थापक अनुराधा शर्मा ने कहा कि कि हमारे बच्चे इस तरह के आध्यात्मिक जुड़ाव के माध्यम से बहुत खुशी और आंतरिक शांति का अनुभव करते हैं। सत्य श्री साई सेवा समिति धर्मशाला से प्रतीक सूद की ओर से सूर्य उदय के सह संस्थापक सचिन शर्मा को साईं की तस्वीर भेंट की।

### सब-इंस्पेक्टर हामिद ने संभाला कार्यभार



**अनंत ज्ञान, कोटला।** पुलिस चौकी लंज में सब-इंस्पेक्टर हामिद ने चौकी प्रभारी का कार्यभार संभाल लिया है। हामिद जिला चंबा से संबंध रखते हैं। सब इंस्पेक्टर हामिद ने कहा कि दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के लिए आह्वान किया जाएगा, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में दोपहिया वाहन चालक सुरक्षित रहें। उन्होंने कहा कि जल्द ही पंचायत स्तर पर लोगों से मिलकर नशा तस्करों की जानकारी ली जाएगी और अफसरों के सहयोग से नशा माफियाओं, खनन माफियाओं पर नकेल कसी जाएगी। महिलाओं की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि अपने नजदीकी क्षेत्र में किसी भी आपराधिक घटना की सूचना दे सकते हैं। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। नशा माफिया व खनन माफिया को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

### नवोदय स्कूल में पंजीकरण को लेकर की बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** डीआरडीए हॉल धर्मशाला में जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026 के पंजीकरण को प्रोत्साहित करने के लिए बैठक का आयोजन किया गया। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि बैठक उप निदेशक प्रारंभिक शिक्षा अजय सम्भ्याल की अध्यक्षता में हुई। इसमें कांगड़ा जिले के समस्त खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि बैठक का उद्देश्य पात्र विद्यार्थियों को जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026 में पंजीकरण के लिए प्रेरित करना तथा इसके प्रचार-प्रसार के लिए रणनीति तैयार करना था। उपनिदेशक ने सभी अधिकारियों को सक्रिय रूप से कार्य करने के निर्देश दिए।

### कांगड़ा में मनाया वर्ल्ड ओलंपिक-डे



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** कांगड़ा के नगर परिषद मैदान में बास्केटबाल खिलाड़ियों ने वर्ल्ड ओलंपिक डे मनाया। प्रदेश बास्केटबाल संघ के महासचिव मुनीष शर्मा ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। मुनीष शर्मा ने कहा कि खिलाड़ियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद प्रतियोगिताओं में भी भाग लेना चाहिए, ताकि वह नशे से दूर रहे। इस दौरान अजय सूद, पुनीत सहित खिलाड़ी मौजूद रहे।

### 840 ग्राम चरस के साथ मुख्य तस्कर काबू

**इंदौरा।** पिछले दिनों पकड़े गए पठानकोट के तीन आरोपियों की निशानदेही पर मुख्य तस्कर को चरस की खेप सहित काबू किया है। कंडवाल बैरियर में नाकाबंदी के दौरान गाड़ी डीएल-10- यू एस-9222 में सवार हर्ष डोगरा पुत्र नरेश डोगरा, अक्षित रांचल पुत्र हर्षित कुमार व दुष्यंत पुत्र अश्वनी कुमार निवासी पठानकोट के कब्जे से 538 ग्रमा चरस बरामद की थी। पूछताछ में तीनों आरोपियों ने खुलासे पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य नशा तस्कर को 840 ग्राम चरस के साथ दबोचा है। एएसपी धर्मचंद वर्मा ने बताया कि मुख्य आरोपी नागेश पुत्र राम आसरे निवासी कसरो नगला जिला लखीमपुर खीरी उत्तर प्रदेश को नारकोटिक्स टीम नूरपुर द्वारा कुल्लू से गिरफ्तार किया है।

# विधायक संजय ने 28 लाभार्थियों को बांटे 24 लाख रुपए के चेक

## बोले- योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना प्राथमिकता



लाभार्थी महिला को चेक वितरित करते विधायक संजय रत्न।

**पंकज सोनी, अनंत ज्ञान**

**ज्वालामुखी।** ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय रत्न ने सोमवार को लोक निर्माण विभाग विश्रामगृह ज्वालामुखी में आयोजित कार्यक्रम में 28 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री राहत कोष एवं अन्य मदों से कुल 24 लाख रुपए के चेक वितरित किए।

विधायक ने मुख्यमंत्री राहत कोष से 12 लाभार्थियों को 4,25,000 रुपए, पशु की मृत्यु से प्रभावित 5 लोगों को 1,87,000 रुपए, आपदा में क्षतिग्रस्त मकानों की मरम्मत के लिए 8 लाभार्थियों को 6,59,000 रुपए तथा दुर्घटनाओं में मृत व्यक्तियों के परिजनों को 11,25,000 रुपए के चेक प्रदान किए। विधायक संजय ने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार जरूरतमंदों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। इन योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। इससे पूर्व विधायक ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व. राजा वीरभद्र सिंह की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वहीं, विधायक ने जनसमस्याएं भी सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उपमंडल अधिकारी (सिविल) डॉ. संजीव शर्मा, उपमंडल पुलिस अधिकारी आरपी जस्वाल, तहसीलदार राहुल शर्मा, रेंज ऑफिसर इशानी, सहायक अभियंता भारत भूषण तथा राजस्व विभाग के कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# विधायक कमलेश ने पाईसा को दी 10 लाख की सौगात



समस्याएं सुनती विधायक कमलेश

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान**

**देहरा।** देहरा विधानसभा क्षेत्र में विधायक कमलेश ठाकुर ने दो दिवसीय जनसंपर्क अभियान के तहत कई पंचायतों का दौरा कर जनता से सीधा संवाद किया और चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पिछले 11 महीनों में 360 करोड़ रुपए की विकास योजनाएं देहरा क्षेत्र में धरातल पर उतारी गई हैं, जिससे क्षेत्र की तस्वीर तेजी से बदल रही है। विधायक ने बंगोली, भटोली फकोरिया, और पाईसा पंचायत सहित कई स्थानों पर जनसभाएं कीं और लोगों की समस्याएं सुनीं। वहीं, विधायक कमेलश ने पंचायत पाईसा में कहा कि यहां आने में भले 11 महीने लग गए, लेकिन विकास की रफ्तार लगातार जारी है। उन्होंने पंचायत को 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। इस दौरान ग्रामीणों ने खबली दोसड़का से पाईसा एफडीआर सड़क में देरी और घटिया निर्माण सामग्री को लेकर चिंता जताई।

विधायक ने भरोसा दिलाया कि सड़क बेहतर गुणवत्ता से बनेगी और संबंधित एजेंसियों को इस बाबत निर्देश दिए जाएंगे। विधायक ने स्पष्ट किया कि गुलेर क्षेत्र की दस पंचायतों को लेकर जो भ्रम है, वह जल्द दूर होगा। उन्होंने ऐलान किया कि हरिपुर में सप्ताह में एक दिन एसडीएम और दो दिन बीडीओ तैनात रहेंगे।

## हैप्पी बर्थडे



सरकाघाट के बीएस अजाद को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### आईटीआई शाहपुर में कैंपस इंटरव्यू

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शाहपुर के अनुदेशक तथा ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर प्रदीप कुमार ने बताया कि सोमवार को डेन्सो हरियाणा प्राइवेट लिमिटेड (गुड़गांव) ने कैंपस इंटरव्यू लिए। एचआर केतन यादव ने बताया कि कैंपस इंटरव्यू में 179 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिसमें 51 अभ्यर्थी पास आउट थे। चयनित युवाओं को 29,575 रुपए पीएफ और ईएसआई को काटकर 22,055 रुपए सैलरी मिलेगी। उन्होंने बताया कि ट्रांसपोर्ट, कैंटीन सब्सिडी, इंश्योरेंस, यूनिफार्म कंपनी की तरफ से रहेगा।

## प्रदेश सरकार का एक ही काम भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना : त्रिलोक

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**



**धर्मशाला।** भाजपा प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस सरकार को एक ही काम है और वह है भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना। प्रदेश का ऐसा कोई विभाग नहीं है, जिसमें भ्रष्टाचार न हो रहा है। पुलिस भर्ती मामला इस सरकार का सबसे बड़ा प्रकरण है। जिन बच्चों ने परीक्षाएं दी हैं, वे बोल रहे हैं कि इस मामले में पूर्ण रूप से धांधली हुई है, लेकिन सरकार मौन है। पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा के दिन भी दो लोगों की गिरफ्तारी की गई थी और उनके द्वारा 34 लाख रुपए पुलिस भर्ती में शामिल युवाओं से वसूले जाने की बात सामने आई। सरकार इस मामले की जांच की बजाए इस मुद्दे को दबाने को प्राथमिकता दे रही है।

सरकार का मौन रहना व पुलिस जांच की प्रगति के बारे में न बताना, कहीं न कहीं कुछ हो रहा है। इसमें सरकार की मौन सहमति का नतीजा है। जिस तरीके के आरोप लग रहे हैं, उससे साफ है कि इस मामले में बड़ी धांधली हुई है, इसलिए यह भर्ती प्रक्रिया सरकार को फिर से करवानी चाहिए। इस पूरी भर्ती प्रक्रिया पर जो आरोप लग रहे हैं, वे बहुत गंभीर हैं। यह आरोप विपक्ष नहीं लगा रहा है, यह आरोप प्रदेश के युवा बच्चे लगा रहे हैं, जो इस भर्ती प्रक्रिया का हिस्सा हैं।

# गोमा ने लंघा में सामुदायिक भवन निर्माण को दिए पांच लाख रुपए

## कहा- नाहलना से गदियाड़ा सड़क पर खर्च किए जा रहे 3 करोड़

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंदर गोमा ने कहा कि जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र में जनहित, लोकहित और सामाजिक सभी कार्यों को पूर्ण करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता शामिल है।

जालग पंचायत के लंघा गांव में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपने सामर्थ्य और क्षमता के अनुरूप जनमानस की समस्याओं के समाधान और जयसिंहपुर में सभी मूलभूत आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए वचनबद्धता से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नाहलना से गदियाड़ा सड़क का उन्नयन कार्य प्रगति पर है, जिस पर लगभग 3 करोड़ रुपए की धनराशि व्यय की जा रही है। उन्होंने जालग क्षेत्र के लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी हर मांग और समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

गोमा ने लंघा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए पहली किस्त के रूप में पांच लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यहां के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में नई एक्स-रे मशीन भी स्थापित की जाएंगी। स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर की सेवाएं भी नियमित रहेंगी और फार्मासिस्ट की डेपुटेशन को भी और बढ़ाने के निर्देश दे दिए हैं, ताकि यहां के लोगों को कोई असुविधा न हो। आयुष मंत्री ने लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकतर समस्याओं का मौके पर समाधान किया। शेष समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।



लंघा गांव में जनसभा के दौरान आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंदर गोमा

### ठाकुरद्वारा व गदियाड़ा में कल बिजली रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विद्युत उपमंडल भवारना के इंजीनियर मयंक शर्मा ने बताया कि विद्युत लाइनों व उपकरणों के आवश्यक रखरखाव के लिए 11 केवी खैरा फीडर के तहत आने वाले क्षेत्र सैनिक वेलफेयर कॉलोनी ठाकुरद्वारा, भवारना, बारी, सिहोर, वड़घवार, हैंजा, भाडलदेवी, ठंबा, कथियाड़ा, सुतरेहड़ औडर, खैरा रोड, गदियाड़ा, हिम दर्शन, मालग, आरठ, घोरनड चंजेड़, अप्पर व लोअर पुन्नर, कनाल पट्ट, डकरेड़ व मालनू इत्यादि गांवों की विद्युत आपूर्ति 25 जून बुधवार को सुबह 8:00 बजे से लेकर शाम काम समाप्ति तक बाधित रहेगी। कार्य बाधित होने पर अगले दिन किया जाएगा। उन्होंने सहयोग की अपील की है।

### कालका माता मंदिर में लगाया भंडारा



**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष और विधायक पवन काजल ने सोमवार को कालका माता मंदिर में आयोजित वार्षिक मेले और भंडारे में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि मेले हमारी संस्कृति और सभ्यता की पहचान हैं। इससे समाज में भाईचारा बढ़ता है। काजल ने सफल आयोजन के लिए युवक मंडल को बधाई दी। जय मां कालका क्लब के सदस्यों ने बताया कि पिछले 25 साल से फसलों की अच्छी पैदावार और बारिश की शुरुआत पर यह भंडारा आयोजित किया जाता है। इस मौके पर अंकु, शानू, अशोक, शुभम, विशाल, साहिल, रजत, सुमन, संदीप, अखिल, जिला परिषद चेयरमैन रमेश बराड़, आदि मौजूद रहे।

### बैजनाथ में ग्राहकों के लिए हो पार्किंग की सुविधा

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** व्यापार मंडल बैजनाथ, पुलिस और प्रशासन के सहयोग से जल्द ही बाजार में खरीदारी के लिए आने वाले ग्राहकों के लिए जल्द पार्किंग के लिए स्थान चिन्हित किया जाएगा। सोमवार को व्यापार मंडल के प्रधान मनोज कपूर ने मंडल के सदस्यों के साथ एसडीएम संकल्प गौतम और थाना प्रभारी मुनीश शर्मा से मुलाकात कर दौरा कर पार्किंग के लिए स्थान चिन्हित करने का आग्रह किया। मनोज ने बताया कि बाजार में खरीदारी के लिए आने वाले ग्राहकों के आए दिन चालान काटे जा रहे हैं, जिससे व्यापार पर असर पड़ रहा है। उन्होंने थाना प्रभारी से चौबिन चौक से आवाही नाग मंदिर तक के बाजार के एरिया में चालान न करने का आग्रह किया। पुलिस और प्रशाशन के सहयोग से सुनिश्चित किए जाने वाले स्थानों पर ग्राहक व्यापार मंडल द्वारा निर्धारित समय तक ही बाजार के इन पार्किंगों पर अपने वाहन पार्क कर सकेंगे। इसके अलावा स्कूल बसों के लिए वन-वे रास्तों के रूट निर्धारित किए जाएंगे। एसडीएम संकल्प गौतम ने आश्वासन दिया कि जल्द बाजार का दौरा कर उचित कदम उठाए जाएंगे।

### मछली के अवैध शिकार पर तीन लोग पकड़े

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** पौंग झील में 16 जून से लेकर 15 अगस्त तक मछली पकड़ने पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाया है। पौंग जलाशय में मत्स्य धन के संरक्षण के लिए मत्स्य विभाग के कर्मचारी कैंप लगाकर निगरानी कर रहे हैं। पिछले सात दिनों में पौंग जलाशय में अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा अवैध मछली शिकार करने पर 14 लोगों को पकड़ा है और 8800 रुपए जुर्माना वसूला है। वहीं, सोमवार को नंदपुर स्टाफ की ओर से मछली का अवैध शिकार करने पर तीन लोगों को पकड़ा है, जिनसे 1990 रुपए जुर्माना वसूला है। गौर रहे कि पौंग झील में मछली का अवैध शिकार रोकने के लिए देहरा, जम्बल, नंदपुर, हरिपुर, मीनू खड्ड, पडाल, दंदेहड़, हड़सर, समकेहड़, जवाली, गुगलाड़ा, सिहल, धमेटा, खटियाड़, सथाना, बरनाली, सियूल खड्ड, डाडासीबा में 17 कैंप लगाकर निगरानी की जा रही है। पौंग बांध मत्स्य विभाग के सहायक उल्फा निदेशक संदीप कुमार ने बताया कि मछली के शिकार पर बैन लगा दिया है। अवैध शिकार को रोकने के लिए पौंग जलाशय में 17 कैंप लगाए गए हैं। बंद सीजन प्रतिबंध का उल्लंघन पर तीन साल तक की जेल व पांच हजार रुपए का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। मत्स्य विभाग के निदेशक विवेक चंदेल ने बातया कि यह बंद सीजन प्रतिबंध मछलियों को उनके प्रजनन काल के दौरान बचाने के लिए लगाया गया है, ताकि प्राकृतिक प्रजनन हो सके। मछली पकड़ने की सभी गतिविधियां सख्त वर्जित हैं। उड़नदस्तों का गठन किया गया है।

# 30 साल बाद भी शहीद सूबेदार दिलबाग को नहीं मिला सम्मान

## एसडीएम देहरा से मिले परिजन, सौंपा ज्ञापन



एसडीएम देहरा को ज्ञापन सौंपते शहीद सूबेदार दिलबाग सिंह का बेटा व अन्य।

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान**

**गरली।** देश के लिए प्राण न्योछावर करने वाले वीर शहीद सूबेदार दिलबाग सिंह सपेहिया को शहीद हुए तीन दशक बीत चुके हैं, लेकिन उनके परिजनों को अब तक न तो कोई सरकारी लाभ मिला, न ही कोई सम्मान। इस उपेक्षा से व्यथित होकर शहीद के पुत्र सतीश सपेहिया सोमवार को एसडीएम देहरा कार्यालय पहुंचे और स्मारक निर्माण, सड़क का नामकरण तथा सरकारी सहायता को लेकर ज्ञापन सौंपा।

6 फरवरी 1995 को जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में आतंकवादियों से मुकाबले में सूबेदार दिलबाग सिंह शहीद हो गए थे। इससे पहले वह 1971 के भारत-पाक युद्ध में भी भाग ले चुके थे और सेना में सेवा करते हुए 8 मेडल हासिल किए थे। शहीद की वीरता की गाथा आज भी गांव बस्सी में लोगों की जुबान पर है, लेकिन दुख की बात है कि इतने वर्षों बाद भी सरकार की ओर से न कोई सहायता, न कोई श्रद्धांजलि स्वरूप पहल की गई। सतीश सपेहिया ने बताया कि सरकार का अब तक कोई प्रतिनिधि तक परिवार से मिलने नहीं आया। एसडीएम देहरा ने इस मामले को प्राथमिकता से आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया है।

# बिजली ट्रांसफार्मरों की जांच, काट छांट का कार्य जल्द करें पूरा : मलेंद्र



डिग्री कॉलेज इंदौरा का निरीक्षण करते विधायक मलेंद्र राजन।

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

**विधायक** मलेंद्र राजन ने कंदरोड़ी विश्राम गृह में बिजली बोर्ड के अधिकारियों के साथ एक बैठक की। बैठक में मानसून सीजन के दौरान बिजली आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने के बारे में चर्चा की गई। विधायक मलेंद्र राजन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बारिश के मौसम में क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित न हो, उसके लिए ट्रांसफार्मरों की समय पर जांच, जर्जर तारों की मरम्मत और पेड़ों की कटाई-छंटाई जैसे जरूरी कार्य जल्द पूरे किए जाएं।

उन्होंने आपातकालीन स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया देने के लिए पर्याप्त स्टाफ को सक्रिय रखने और लोगों की शिकायतों का तुरंत समाधान सुनिश्चित करने को कहा। विधायक ने 25 जून को इंदौरा डिग्री कॉलेज में आयोजित होने वाले रोजगार मेले की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने स्थल का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए। यह रोजगार मेला युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने का सुनहरा अवसर है, जिसे सफल बनाने में कोई कसर न छोड़ी जाए। इस दौरान एसडीएम डॉ. सुरिंद्र ठाकुर, बिजली बोर्ड के अधिशाषी अभियंता संदीप सन्याल सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**तलाश** 10 दिन से नहीं लगा कोई सुराग, हिमानी चामुंडा से अर्जुन लेक और तेलंग पास से लापता

# ट्रैक्टर नितिन के परिजनों को अब एसएसपी से आस

**मनोज चंदेल, अनंत ज्ञान**



**योल।** 10 दिन से लापता नितिन शर्मा की तलाश अभी भी प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। हिमानी चामुंडा से ऊपर अर्जुन लेक और टेलिंग पास के आसपास कहीं गुम हुए नितिन शर्मा का अब तक कोई सुराग नहीं मिल सका है। सोमवार को नितिन शर्मा के परिजनों का एक प्रतिनिधिमंडल एसएसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री से मिला और सर्च ऑपरेशन में तेजी लाने की मांग की। शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि नितिन की तलाश में चंबा की ओर से भेजी गई टीम अपना कार्य पूरा कर लौट चुकी है, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। कांगड़ा से भेजी गई एसटीआरएफ (ट्रैक रेस्क्यू फोर्स) की टीम भी सर्च ऑपरेशन के बाद वापस आ गई है, लेकिन माउंटेनियरिंग की एक विशेष टीम अभी भी क्षेत्र में तलाशी अभियान चला रही है।

### गूगल लोकेशन से ट्रेस करने का प्रयास

**एसएसपी** ने बताया कि गूगल लोकेशन से ट्रेस करने का प्रयास किया गया है और संभावना है कि कुछ तकनीकी जानकारी प्राप्त हो सकती है, जिससे तलाश में गति लाई जा सके। मंगलवार से एक संयुक्त टीम बनाकर सघन सर्च ऑपरेशन चलाने की योजना है, जो एक विशेष क्षेत्र को फोकस करके काम करेगी। परिजनों का कहना है कि गांव का प्रतिनिधिमंडल स्थानीय विधायक बबलू से मिलेगा और उनके माध्यम से मुख्यमंत्री तक इस मामले की गंभीरता को पहुंचाया जाएगा। परिजनों की मांग है कि हेलिकॉप्टर के माध्यम से भी खोजबीन करवाई जाए, ताकि दुर्गम पहाड़ी इलाकों में भी गहराई से तलाश की जा सके।

### पिता बोले- न रोका जाए सर्च अभियान



**नितिन** के पिता ने प्रशासन से अपील की है कि जब तक नितिन का कोई सुराग नहीं मिलता, सर्च अभियान को रोका न जाए। सोशल मीडिया पर भी लोगों ने प्रशासन से कड़ी मांग की है कि इस मामले को प्राथमिकता से लिया जाए। अनंत ज्ञान से बातचीत में उसके पिता राकेश शर्मा भावुक हो उठे। उनकी आंखों में आंसू थे। उन्होंने अपने परिवार के भविष्य को लेकर कई कुछ सोच रखा था। मुझे क्या पता था कि नितिन का शौक कभी उसको इस मोड़ पर ले आएगा कि 10 दिन बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग रहा है।

### बहन सृष्टि बोली भाई के बिना गांव वापस कैसे जाऊंगी



**नितिन** की बहन सृष्टि का रो-रोकर बुरा हाल है अनंत ज्ञान से बात करते हुए वह रोते हुए कहती है कि मैं किस मुंह से अपने गांव वापस जाऊंगी उसने प्रशासन से गुहार लगाई है कि जल्द से जल्द और कोई तरीका अपनाया जाए ताकि उसके भाई को सर्च किया जाए। उसने बताया कि वह पहले भी अकेला कई ट्रैकिंग पर जा चुका है। कुछ ट्रैकिंग पर वे दोनों भाई-बहन भी गए हैं, लेकिन उसको ज्यादा जुनून होता था किसी ट्रैक पर रिकॉर्ड बनाने का और यह जुनून उसको कहीं न कहीं मुश्किल में डाल चुका है।

## बैजनाथ में श्रद्धालुओं से दोगुनी वसूली जा रही पार्किंग फीस

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ** शिव मंदिर बैजनाथ आने वाले श्रद्धालुओं की जेब में डाका डाला जा रहा है। बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटक वाहनों से निर्धारित पार्किंग फीस से दोगुनी फीस वसूली जा रही है। हालांकि, प्रशासन की ओर से तीन पार्किंग बनाई गई हैं, जिनमें से दो पार्किंग मंदिर ट्रस्ट तथा एक पार्किंग नगर परिषद की ओर से संचालित हो रही है। शिव मंदिर के साथ लगती दोनों पार्किंग में प्रशासन द्वारा तय 50 रुपए की जगह 100 रुपए वसूले जा रहे हैं।

हाल ही में मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधीशों को धार्मिक स्थलों पर पर्यटकों के लिए सुविधाओं के लिए तमाम इंतजाम करने के आदेश दिए थे, लेकिन वर्तमान में टूरिस्ट सीजन के चलते पर्यटक वाहनों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। इस वजह से ठेकेदार द्वारा दोगुनी राशि वसूली जा रही है। एसडीएम बैजनाथ संकल्प गौतम का कहना है कि जल्द ही पार्किंग के मुख्य द्वार और पार्किंग के भीतर फीस रेट लिस्ट लगाई जाएगी। ठेकेदारों को तय राशि से अधिक न वसूलने की हिदायत दी जाएगी।

# श्री साई कॉलेज ऑफ फार्मेसी ने स्थापित किए कई कीर्तिमान

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**



प्रेसवार्ता में चेयरमैन एसके पुंज और सीएमडी कंवर तुषार पुंज।

**पठानकोट।** श्री साई कॉलेज ऑफ फार्मेसी के चेयरमैन एसके पुंज और सीएमडी कंवर तुषार पुंज ने प्रेसवार्ता में कहा कि श्री साई कॉलेज ऑफ फार्मेसी की स्थापना 2004 में हुई, तब से लेकर आज तक कॉलेज ने शिक्षा के क्षेत्र में कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं।

पीसीआई के दोबरा कॉलेज को मान्यता प्राप्त हुई और साथ में 2025 में एनबीए की प्रत्यायन किया, यह बहुत ही हर्ष का विषय है कि पूरे इलाके के अंदर साई कॉलेज ऑफ फार्मेसी पहला कॉलेज है, जो (एनबीए) हुआ है, यह शिक्षा क्षेत्र में अपनी उच्च स्तरीय वातावरण, शिक्षक, छात्र व माता-पिता के लिए हमारी वचनबद्धता को दर्शाता है। जब पीसीआई, यूनिवर्सिटी, भारत सरकार, पंजाब सरकार इन सब 100 फीसदी मापदड़ों को पूरा करने पर (एनबीए) की मान्यता प्राप्त होती है, जो उन की गुणवत्ता को पेश करता।

इस अवसर पर प्रिंसिपल डॉ. विपिन गुप्ता, मुकेश गुप्ता, डॉ राजेश गुप्ता, डॉ. दिनेश महाजन, संजय पंडित, डॉ. नवदीप सवाल, सुलक्ष्य कुमार, अश्वनी शर्मा मौजूद रहे।

### लोकनृत्य से लूटी वाहवाही

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** 9वीं हिमाचल प्रदेश बटालियन डलहौजी की ओर से आयोजित ऑल इंडिया गर्ल्स ट्रैकिंग एक्सपीडिशन द हिमट्रेक का सांस्कृतिक कार्यक्रम कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में कैंप कमांडेंट कर्नल जेएस कौशल उपस्थित रहे, जबकि एडम ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल पंकज गुरंग गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में मौजूद रहे। कैंप एडजुटेंट और पीआरओ कैप्टन डॉक्टर मोनिका शर्मा ने मुख्य अतिथि कर्नल जेएस कौशल और लेफ्टिनेंट कर्नल पंकज गुरंग को प्लांटर प्रदान कर उनका स्वागत किया। इस दौरान लोकनृत्य, नाट्य मंचन और समूह गीतों ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा भी की गई। पीआरओ कैप्टन डॉक्टर मोनिका शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही, विभिन्न निदेशालयों से आए सभी एएनओ, जीसीआई और पीआई स्टाफ को सम्मानित किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. सिकंदर ने केंद्र की उपलब्धियां गिनाईं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राज्यसभा सांसद और भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. सिकंदर कुमार ने शिमला ग्रामीण में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने मुखर्जी के राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए दिए गए बलिदान को याद किया। डॉ. कुमार ने मोदी सरकार के 11 वर्षों को सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित बताया। उन्होंने कहा कि इन वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था 11वें से चौथे स्थान पर पहुंची है।

### प्लास्टिक नुकसान के बारे में दी जानकारी




**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** ग्लोबल इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी रोहड़ू में विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के अंतर्गत एक विशेष पर्यावरण जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वेदमाता गायत्री जन कल्याण समिति एवं विश्व युवक केंद्र नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। जिसमें सैकड़ों विद्यार्थियों, स्थानीय नागरिकों व शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में एचपीयू से शोधार्थी निशु पॉल ने कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण आज हमारे स्वास्थ्य, पर्यावरण व जैव विविधता के लिए एक बहुत बड़ा खतरा बन चुका है। इस अवसर पर संस्थान के प्रबंध निदेशक अनिल बेथुवान, राकेश शर्मा व मधु बेथुवान सदस्य, वेदमाता गायत्री जन कल्याण समिति सहित कई सम्मानित अतिथि मौजूद रहे।

### स्व. वीरभद्र की याद में लगाया रक्तदान शिविर

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** कुमारसैन की सामाजिक संस्था हिमालय वेलफेयर फाउंडेशन के सौजन्य से दरबार ग्राउंड में स्व. वीरभद्र सिंह की जयंती पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्थानीय विधायक एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता कुलदीप सिंह राठौड़ बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। हिमालय वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष अतुल शर्मा ने कुलदीप सिंह राठौड़ का स्वागत कर संस्था द्वारा की जा रही गतिविधियों की जानकारी दी और बताया कि संस्था द्वारा आयोजित किए जाने वाला यह है 19वां रक्तदान शिविर है। रक्तदान में स्थानीय युवाओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया कुल 40 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।

### रोहड़ू कांग्रेस ने मनाई वीरभद्र सिंह की जयंती

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रोहड़ू ने स्व. राजा वीरभद्र सिंह की 91वीं जयंती सर्किट हाऊस रोहड़ू में पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष शिवपाल ठाकुर की अध्यक्षता में मनाई। इस अवसर पर मौजूद सभी सदस्यों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। सभी सदस्यों ने उनको याद करते हुए कहा कि राजा वीरभद्र सिंह को आधुनिक हिमाचल का निर्माता माना जाता है। जिन्होंने संपूर्ण जीवन में बिना किसी भेदभाव से प्रदेश का एक समान विकास किया है। मंडल के मीडिया प्रभारी हैप्पी वनित मेहता ने बताया कि रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र के विकास में राजा वीरभद्र सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा है ।

### नवोदय में कक्षा 6 के लिए आवेदन शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय शिमला ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। वे छात्र जो वर्तमान में कक्षा 5 में अध्ययनरत हैं और जिनकी जन्मतिथि 01.05.2015 से 31.07.2015 के बीच है, वे आवेदन करने के पात्र हैं। विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि आवेदन ऑनलाइन भरे जा सकते हैं। किसी भी सहायता के लिए विद्यालय ने हेल्पडेस्क स्थापित किया है, जिसके लिए 9817090009, 9459301554, 8283802081, 7082798045 पर संपर्क किया जा सकता है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 29 जुलाई है।

# प्रदेश के पूर्व असिस्टेंट ड्रग कंट्रोलर के घर ईडी की रेड

## फार्मा कंपनियों से रिश्वतखोरी का मामला, सोमवार सुबह 4 बजे की कार्रवाई

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पंचकूला में हिमाचल प्रदेश के पूर्व असिस्टेंट ड्रग कंट्रोलर निशांत सरीन, डॉ. कोमल खन्ना और कथित फर्जी आईबी अधिकारी विनय अग्रवाल के आवासों पर एक साथ छापेमारी की। यह कार्रवाई 2019 में दर्ज एक बड़े भ्रष्टाचार मामले से जुड़ी है, जिसमें फार्मा कंपनियों से रिश्वत लेने के गंभीर आरोप लगे थे।

ईडी की टीमें सोमवार तड़के लगभग 4 बजे पंचकूला के सेक्टर 20 स्थित सनसिटी परिक्रमा सोसायटी पहुंचीं और संदिग्धों के फ्लैट्स की तलाशी ली। ईडी को संदेह है कि इन अधिकारियों ने दवा कंपनियों से कथित तौर पर लाइसेंस, मंजूरी और निरीक्षण प्रक्रियाओं में अनियमितताओं के बदले में मोटी रकम वसूली थी। छापेमारी के दौरान, ईडी ने कई महत्वपूर्ण दस्तावेज, डिजिटल डिवाइस और वित्तीय लेन-देन से जुड़े रिकॉर्ड जब्त किए हैं। सूत्रों के मुताबिक, इन दस्तावेजों की गहन जांच से आने वाले दिनों में और भी बड़े खुलासे होने की संभावना है, जिससे इस भ्रष्टाचार रैकेट की परतें खुल सकती हैं।

▶ **महत्वपूर्ण दस्तावेज और डिजिटल सबूत जब्त**

### 2019 के विजिलेंस केस से जुड़ा है मामला

यह मामला मूल रूप से 2019 में हिमाचल विजिलेंस ब्यूरो द्वारा निशांत सरीन के खिलाफ दर्ज किए गए भ्रष्टाचार के केस से जुड़ा है। उस समय आरोप था कि सरीन ने फार्मा कंपनियों को नियमों से छूट देने के एवज में रिश्वत ली थी। अब यह मामला मनी लॉन्ड्रिंग के पहलुओं के चलते ईडी की जांच के दायरे में आ गया है, जिससे इसकी गंभीरता और बढ़ गई है।

### फार्मा सेक्टर में भ्रष्टाचार पर नकेल

ईडी की यह ताबड़तोड़ कार्रवाई दर्शाती है कि केंद्र सरकार और जांच एजेंसियां अब फार्मा सेक्टर में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर अधिक सख्त रुख अपना रही हैं। इस तरह की कार्रवाई से सरकारी तंत्र में पारदर्शिता लाने और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का स्पष्ट संदेश जाता है।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ठियोग।** भाजपा ठियोग मंडल ने संगठन के निर्देशानुसार डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस अपने सभी 48 बूथों पर श्रद्धापूर्वक मनाया। इस अवसर पर प्रत्येक बूथ पर डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यकर्ताओं ने उनके जीवन, आदर्शों और देश के लिए किए गए बलिदान को याद किया। इस कार्यक्रम के दौरान डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के महत्वपूर्ण योगदानों को याद किया गया। भाजपा मंडल ठियोग के महामंत्री राम कृष्ण मदरादी ने बताया कि मंडल शीर्ष संगठन से प्राप्त सभी कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा कर रहा है। इस अवसर पर विभिन्न बूथों पर भाजपा के कई प्रमुख कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें दुनी चंद कश्यप नगर केंद्र ठियोग में, रमेश खाची शदी बूथ पर, प्रवीणा नाहौल में, ओम प्रकाश आलोटी में, प्रताप खाची रनदु बूथ पर, विनोद महानता ददास में, अश्वनी बक्शी नगर केंद्र ठियोग में, रीता शर्मा सैंज में, सुदर्शन कंवर खलाशी में, केसर धरेच गवेच में, और नरेश बलग में शामिल थे।

## अधूरे कार्यों का उद्घाटन कर जनता को भ्रमित कर रहे शिक्षा मंत्री : डोगरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**प्रदेश** के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर पर कोटखाई–नावर भाजपा मंडल ने गंभीर आरोप लगाए हैं। मंडल अध्यक्ष सुंदर डोगरा ने दावा किया है कि शिक्षा मंत्री अधूरे सड़क कार्यों का उद्घाटन कर रहे हैं और पूर्व में पूर्ण हो चुकी योजनाओं का 'फिर से भूमि पूजन' कर जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। भाजपा ने इन कृत्यों को 'राजनैतिक स्टंट' करार दिया है और कांग्रेस सरकार से स्पष्टीकरण मांगा है।

डोगरा ने कुड़ी–मौहली सड़क के उद्घाटन समारोह में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर द्वारा दिए गए बयान पर कटाक्ष किया। डोगरा के अनुसार, शिक्षा मंत्री ने स्वयं स्वीकार किया कि यह सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वीकृत हुई थी और इसके लिए 5 करोड़ की राशि केंद्र सरकार द्वारा प्रदान की गई थी। डोगरा ने कहा, इससे स्पष्ट हो जाता है कि इस सड़क का समस्त श्रेय दिवंगत नेता नरेंद्र बरागटा व पूर्व भाजपा सरकार को जाता है।

डोगरा ने आगे सवाल उठाया कि जब शिक्षा मंत्री स्वयं कह रहे हैं कि कुड़ी–मौहली सड़क में अभी कुछ त्रुटियां रह गई हैं, तो अधूरे कार्य का उद्घाटन करने की इतनी जल्दबाजी क्यों? उन्होंने इसे जनता को भ्रमित करने के लिए एक और राजनैतिक स्टंट बताया। भाजपा मंडल अध्यक्ष ने शिक्षा मंत्री पर एक और नाटक करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने चेवर नाला से चेवर सड़क (जो मोहली को जोड़ती है) का फिर से भूमि पूजन किया। डोगरा ने दावा किया कि यह सड़क वर्ष 2007 में पूर्व सांसद धनीराम शाडिल एवं स्वयं रोहित ठाकुर द्वारा उद्घाटित की जा चुकी है।

### पीएमजीएसवाई कार्यों में सांसद की अनदेखी

**डोगरा** ने एक और महत्वपूर्ण मुद्दा उठाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से बनने वाली सड़कों के शिलान्यास एवं उद्घाटन में सांसद की भागीदारी अनिवार्य है और भारत सरकार ने इस बाबत राज्य सरकार को स्पष्ट निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने लोक निर्माण विभाग और शिक्षा मंत्री से सवाल किया कि सांसद को इन कार्यक्रमों में क्यों नहीं आमंत्रित किया जा रहा है?

## वॉलीबाल प्रतियोगिता में मसली की टीम विजेता व जय देवता बौंद्रा कुई उपविजेता



वॉलीबाल प्रतियोगिता के समापन समारोह में विधायक मोहन लाल ब्राक्टा मौजूद रहे।

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू**

**रोहड़ू** उपमंडल के खदराला में तीन दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हुई। यह प्रतियोगिता दो प्रारुप में आयोजित की गई। जिसमें पंचायत व लीजेंड स्तर पर आयोजित हुई। लिजेंड स्तर पर चालीस वर्ष से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र की 43 टीमों ने भाग लिया और खेल के प्रति उत्साह एवं जुनून का प्रदर्शन किया। पंचायत स्तरीय प्रतियोगिता में फाइनल मुकाबला मसली व जय देवता बौंद्रा कुई के मध्य खेला गया। जिसमें कड़े मुकाबले में मसली की टीम दो–एक से विजयी रही। वहीं लिजेंड प्रतियोगिता का फाईनल मुकाबला कडीवन व खलावन के मध्य खेला गया। जिसमें कडीवन की टीम विजेता रही।

वॉलीबाल प्रतियोगिता के समापन समारोह के अवसर पर स्थानीय विधायक मोहन लाल ब्राक्टा बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे। विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाडियों को मुख्यातिथि विधायक ब्राक्टा ने पुरस्कृत किया।

## पुलिस ने नोलू गैंग का एक और तस्कर किया गिरफ्तार

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** पुलिस उपमंडल रोहड़ू की विशेष टीम ने खड़ापत्थर में 10 जून की देर रात्रि में एक कार से 6.16 ग्राम चिट्टा बरामद किया था। उस वक्त कार में सवार दो युवक मनीष कुमार निवासी गांव डीम व विक्रांत चौहान निवासी गांव मढ़ान जुब्बल को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इस मामले की निरंतर गहन जांच पड़ताल के बाद 18 जून को पुलिस थाना प्रभारी जुब्बल चेतन चौहान की टीम ने तीन अन्य नशा तस्करों को गिरफ्तार किया। जिसमें रजत औक्टा उर्फ बन्नी गांव ओल्ड जुब्बल, योगेश गांव क्यारी व नीतीश कुमार गांव सिरठी जुब्बल के मूल निवासी हैं। ये सभी पांच व्यक्ति मिलकर अवैध नशे का कारोबार एवं चिट्टा गिरोह संयुक्त रूप से जुब्बल क्षेत्र में चला रहे थे। ये सभी आदतन नशाखोर हैं और काफी समय से नशा तस्करी में सक्रिय हैं। वहीं पुलिस टीम ने आगामी जांच के दौरान नोलू गैंग के एक और नशा तस्कर को रविवार देर रात को गिरफ्तार किया है। इस तरह से गैंग के सदस्यों की संख्या 6 हो गई है। पुलिस के अनुसार त्रिलोक भ्रामटा निवासी जाचली डाकघर परौंठी जुब्बल को गिरफ्तार किया गया है। उसे न्यायालय में पेश किया गया है। वह भी नोलू गैंग के अन्य पांच सदस्यों की तरह नशा तस्करी एवं आदतन नशाखोर है। ये सभी गिरोह के छह सदस्य पिछले काफी समय से जुब्बल क्षेत्र में नशे के कारोबार में सक्रिय रहे हैं। एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि की है।

## कोटखाई में 11 युवा कांग्रेसी भाजपा में शामिल

### युवाओं ने चेतन बरागटा की उपस्थिति में की सदस्यता ग्रहण



कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए कार्यकर्ता चेतन बरागटा के साथ।

**अनंत ज्ञान, कोटखाई**

**कोटखाई** के ऊपरी क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी को उस समय बड़ा झटका लगा जब उसके 11 सक्रिय युवा कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। इन युवाओं ने भाजपा प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

भाजपा में शामिल होने वाले इन युवाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर यह कदम उठाया है। इनमें से 9 युवा नगान ग्राम पंचायत से, जबकि 1 युवा रामनगर पंचायत से और 1 युवा पराली बदरूनी पंचायत से संबंधित हैं। इन युवाओं के नाम राहुल कंवर, आकाश, दीपक, पवन बांटा, वरुण काल्टा, मुन्नी लाल, मनोज, अंकित मोखटा, अमन बांटा, अंशुल मोखटा और अक्षय बांटा हैं।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने सभी युवाओं का पार्टी में गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उन्हें पूरा मान–सम्मान और उचित जिम्मेदारियां देने का आश्वासन दिया।

### संस्कार सोसायटी 6 जुलाई को मनाएगी 'संस्कार उत्सव'

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं की समाजसेवी संस्था संस्कार सोसयटी 6 जुलाई को 'संस्कार उत्सव' का आयोजन करेगी। इसमें छात्र प्रतिभा सम्मान और महिला प्रेरणा पुरस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। संस्था के संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने बताया कि संस्था घुमारवीं उपमंडल के मेधावी छात्रों और किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रेरणा पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। वहीं,उ घुमारवीं उपमंडल के 10वीं और 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रेरणा पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। महेंद्र ने बताया कि संस्था पिछले 15 वर्षों से यह कार्यक्रम आयोजन करती आ रही है तथा इसके अलावा पूरे वर्ष भर घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा अभियान, पौधरोपण, नशा निवारण, जल संरक्षण, रक्तदान शिविर, निर्धन छात्रवृत्ति योजना, बीमार तथा असहाय लोगों की मदद करना आदि कार्यक्रमों का आयोजन करती रहती है। इस बैठक में कुदन रतवान, डॉ. तिलक, प्रवीण, सुनील शर्मा, डॉ. पुष्पराज, अनिल, बाबू लाल, सतीश मेहता, राजेश आदि उपस्तिथ रहे।

### नकली आईबी अधिकारी बनकर ठगी मामले में बड़ी कार्रवाई

## ईडी ने दी सेवानिवृत्त असिस्टेंट ड्रग्स कंट्रोलर निशांत के घर दबिश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**नकली** खुफिया ब्यूरो (आईबी) अधिकारी बनकर औद्योगिक क्षेत्रों में ठगी करने के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई की। एजेंसी ने इस मामले में संलिप्त पाए गए सेवानिवृत्त असिस्टेंट ड्रग्स कंट्रोलर निशांत सरीन के बिलासपुर (हिमाचल प्रदेश) और पंचकूला (हरियाणा) स्थित आवासों पर एक साथ दबिश दी।

बिलासपुर के डियारा सेक्टर स्थित घर पर जब टीम पहुंची, तो घर बंद मिला। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, यह मकान काफी समय से खाली था और परिवार का कोई भी सदस्य वहां नहीं रहता। टीम ने कानूनी प्रक्रिया के तहत घर का ताला तोड़कर तलाशी अभियान शुरू किया। इस दौरान कुछ दस्तावेजों को कब्जे में लिया गया है। यह मामला वर्ष 2022 से चल रहा है। 6 जनवरी 2022 को शिमला के भराड़ी स्थित सीआईडी पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज की थी। इस एफआईआर में आरोप था कि सोनीपत (हरियाणा) का रहने वाला विनय अग्रवाल खुद को खुफिया ब्यूरो (आईबी) का महानिरीक्षक बताकर हिमाचल प्रदेश के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में प्रभावशाली लोगों, उद्योगपतियों और व्यापारियों से उगाही और धोखाधड़ी कर रहा था। जांच में सामने आया कि इस पूरे रैकेट में विनय अग्रवाल अकेला नहीं था, बल्कि उसे हिमाचल प्रदेश ड्रग विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी निशांत सरीन का भी साथ था। निशांत सरीन पूर्व में असिस्टेंट ड्रग्स कंट्रोलर के पद पर कार्यरत था और उसकी सेवाएं पंचकूला से जुड़ी हुई थीं। हालांकि, वह पंचकूला का स्थायी निवासी है, लेकिन हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर शहर में उसका एक और आवास है। इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग की आशंका के चलते ईडी ने भी जांच शुरू की थी।

▶ **पंचकूला और हिमाचल में एक साथ की कार्रवाई**

## खराब परीक्षा परिणाम देने वाले शिक्षकों पर गिरेगी गाज

### बिलासपुर शिक्षा विभाग का फैसला, तीन साल से खराब प्रदर्शन करने वालों का होगा तबादला

**शुभम राही, बिलासपुर**

**बिलासपुर** शिक्षा विभाग ने बोर्ड परीक्षाओं में खराब प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों पर सख्त रवैया अपनाते हुए कार्रवाई की कमान संभाल ली है। शिक्षा निदेशालय और सरकार की ओर से पूरे प्रदेश में ऐसे शिक्षकों पर सख्ती की प्रक्रिया शुरू की गई है, लेकिन बिलासपुर जिले ने इससे एक कदम आगे बढ़ते हुए यह स्पष्ट कर दिया है कि लगातार तीन सालों तक खराब प्रदर्शन देने वाले शिक्षकों की अब जिला में कोई जगह नहीं है।

इस बार किसी भी स्कूल में 25 प्रतिशत से कम परिणाम नहीं आया, फिर भी कई विषयों में परिणाम बेहद निराशाजनक रहे हैं। विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि 25 प्रतिशत से नीचे की छूट अब सुरक्षा कवच नहीं होगी। परिणाम चाहे 26 फीसदी हो या 50 फीसदी। यदि लगातार तीन साल से किसी विषय का औसत परिणाम खराब रहा है, तो संबंधित शिक्षक की कार्यप्रणाली की गहन जांच होगी और उसे बिलासपुर से तबादले के लिए चिन्हित कर दिया जाएगा। सभी स्कूलों से विषयवार बोर्ड परीक्षाओं के पिछले तीन सालों के परिणाम की रिपोर्ट मांगी है। साथ ही एफए–1, एसए, प्री–बोर्ड परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाएं और परिणाम भी जांचे जाएंगे।

अधिकारियों का कहना है कि शिक्षकों की जांच सिर्फ कागजों तक सीमित नहीं रहेगी। शिक्षा विभाग ने ऐसे स्कूलों के औचक निरीक्षण की योजना भी बनाई है, जहां परिणामों को लेकर संदेह की स्थिति बन रही है। स्कूलों में जाकर यह जांचा जाएगा कि शिक्षक कितनी मेहनत से बच्चों को पढ़ा रहे हैं और।

अनंत ज्ञान खास खबर

▶ **स्कूल मुखिया और अध्यापकों की तैयार की जा रही लिस्ट**

▶ **औचक निरीक्षण और कक्षा गतिविधियों पर भी रखी जाएगी नजर**

### बिलासपुर का बोर्ड प्रदर्शन

दसवीं कक्षा में कुल 5415 विद्यार्थियों में से 4558 पास हुए, परिणाम रहा 84.7 फीसदी

बारहवीं कक्षा में 4871 परीक्षार्थियों में से 4337 पास हुए, ओवरऑल परिणाम रहा 89 फीसदी

**कला संकाय :** मात्र 70.10 फीसदी

**वाणिज्य :** 82.62 फीसदी

**नॉन मेडिकल:** 84.50 फीसदी

**मेडिकल :** 92.48 फीसदी

**विज्ञान ओवरऑल :** 98.25 फीसदी



शिक्षक यह न समझें कि कम परिणाम वाली सूची में स्कूल का नाम नहीं आया, तो वे सुरक्षित हैं। अब व्यक्तिगत प्रदर्शन और तीन साल की रिपोर्ट ही उनका भविष्य तय करेगी।

**-रेणु कौशल, उपनिदेशक, उच्च शिक्षा विभाग, बिलासपुर।**

### किशोरी ने निगलीं दवा की 35 गोलियां, एम्स में भर्ती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** घुमारवीं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्वाल मथानी गांव में रविवार देर शाम एक 16 वर्षीय किशोरी ने माइग्रेन की दवा की 30 से 35 गोलियां एक साथ निगल लीं। किशोरी की बिगड़ती हालत को देखते हुए परिजनों ने उसे तुरंत एम्स बिलासपुर पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है। पलक शर्मा पुत्री गोपाल दास निवासी ग्वाल मथानी, डाकघर ननांवा, तहसील घुमारवीं ने 'वालप्रोट' नामक दवा की अधिक मात्रा में सेवन किया। अधिक मात्रा में दवा खाने के पीछे का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। डीएसपी जिला मुख्यालय मदन धीमान ने बताया कि पुलिस जांच में जुटी है।

### सोलधा स्कूल में रोपे नीम, आंवला के पौधे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पर्यावरण संरक्षण को समर्पित 'एक पेड़ मेरी मां के नाम' कार्यक्रम का आयोजन स्वर्ण जयंती उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सोलधा में किया गया। इस दौरान पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य हरिमन वर्मा ने की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ एसएमसी प्रधान विनोद कुमार और प्रधानाचार्य हरिमन वर्मा ने पौधरोपण से किया। वहीं, फलदार व छायादार पौधों जैसे- आम, आंवला, नीम, गुलमोहर, अमरूद आदि का रोपण किया गया।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया याद



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को भाजपा घुमारवीं मंडल की ओर से स्थानीय स्तर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने भाग लिया और डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। पूर्व खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र गर्ग ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को स्मरण करते हुए उन्हें प्रखर राष्ट्रवादी, दूरदर्शी चिंतक और सिद्धांतवादी नेता बताया। उन्होंने कहा कि 'देश की एकता और अखंडता के लिए डॉ. मुखर्जी का बलिदान युगों-युगों तक स्मरण किया जाता रहेगा। उनका जीवन देशभक्ति, सिद्धांतों और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है।' उन्होंने कहा कि आज यदि भारत में एक संविधान, एक प्रधान और एक निशान की व्यवस्था लागू है, तो यह डॉ. मुखर्जी के उस सपने की पूर्ति है, जिसे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री ने वर्ष 2019 में अनुच्छेद 370 को हटाकर साकार किया।

## डेंगू से निपटने को तैयार स्वास्थ्य विभाग घर–घर चलाएगा जागरूकता अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**डेंगू** से निपटने के लिए बिलासपुर स्वास्थ्य विभाग ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। मानसून की दस्तक के साथ ही मच्छरों के पनपने की आशंका को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने एक सक्रिय अभियान चलाने का निर्णय लिया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशि दत्त शर्मा ने जानकारी दी कि विभाग ने स्वास्थ्य कर्मियों और आशा वर्करों को डेंगू नियंत्रण और जनजागरूकता के लिए विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया है।

डेंगू के संभावित प्रसार को रोकने के लिए आशा वर्कर और हेल्थ वर्कर घर–घर जाकर लोगों को इस बीमारी से संबंधित जानकारी देंगे। उन्हें बताया जाएगा कि डेंगू कैसे फैलता है, इसके क्या लक्षण हैं, और इससे बचाव के क्या–क्या उपाय किए जा सकते हैं। स्वास्थ्य विभाग की योजना है कि जिन इलाकों में डेंगू के मामले अधिक सामने आते हैं, वहां विशेष ध्यान देते हुए फॉगिंग की जाएगी। फिलहाल बिलासपुर स्वास्थ्य विभाग के पास दो फॉगिंग मशीनें उपलब्ध हैं। जिला अस्पताल बिलासपुर में डेंगू की पुष्टि के लिए एलाइजा टेस्ट किट उपलब्ध करवा दी गई है। इससे डेंगू की शीघ्र पहचान हो सकेगी और मरीज को समय रहते उपचार मिल पाएगा। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि 7 दिन में एक बार अपने घरों के सभी बर्तन, गमले, कूलर आदि को खाली करके साफ करना आवश्यक है, ताकि पानी जमा न हो और मच्छरों को पनपने का अवसर न मिले। बता दें कि वर्ष 2019 में जिले में डेंगू के 2,000 से अधिक मामले सामने आए थे, जिसमें 2 से 3 लोगों की मृत्यु भी हुई थी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशि दत्त शर्मा ने लोगों से अपील की है कि वे विभाग के दिशा–निर्देशों का पालन करें, आसपास सफाई रखें, पानी जमा न होने दें और डेंगू के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर जांच कराएं।

## राजभवन बेंगलुरु में हिमाचल दिवस उत्सव को बनाया संस्कृति और गौरव का पर्व

### शान-ए-हिमाचल और नमा हिल्स हार्मनी ने प्रस्तुत किए पारंपरिक नृत्य और लोकगीत

▶ **राज्यपाल थावरचंद गहलोत की गरिमामयी उपस्थिति, 350 से अधिक कलाकारों की सहभागिता**

**शुभम राही, अनंत ज्ञान**

**बिलासपुर।** हिमाचली संस्कृति की सुगंध इस बार दक्षिण भारत की हवाओं में भी महक उठी, जब हिमाचली इन बैंगलोर समुदाय ने बेंगलुरु स्थित राजभवन में हिमाचल दिवस का उत्सव पूरे उल्लास, गर्व और परंपरा के साथ मनाया।

यह आयोजन न केवल हिमाचली समाज के लिए बल्कि सांस्कृतिक विविधता को आत्मसात करने वाले भारत के लिए भी एक प्रेरक मिसाल बन गया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत स्वयं मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, गोवा, गुजरात और तेलंगाना सहित विभिन्न राज्यों के सांस्कृतिक प्रतिनिधित्व ने इस आयोजन को राष्ट्रीय सांस्कृतिक संगम का रूप दे दिया। कुल मिलाकर 350 से अधिक अतिथि व सांस्कृतिक कलाकारों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। हिमाचल दिवस की शुरुआत एक प्रभावशाली भाषण से हुई, जिसमें हिमाचल की परंपराओं, विरासत, प्राकृतिक सौंदर्य और लोक जीवन की सजीव झलक प्रस्तुत की गई। यह भाषण हिमाचल की आत्मा को शब्दों के माध्यम से वहां मौजूद हर हृदय तक पहुंचाने में सफल रहा। इस अवसर पर टीम शान–ए–हिमाचल ने पारंपरिक वेशभूषा में हिमाचली लोकनृत्यों की प्रस्तुति दी, जिसमें 'नाटी', 'कुलवी नृत्य' और 'किन्नौरी झूमर' जैसी विविध शैलियों ने दर्शकों को झूमने पर विवश कर दिया।



संस्थापक सदस्यों ने राजभवन प्रशासन और समुदाय का धन्यवाद किया।

वहीं, दूसरी ओर टीम नमा हिल्स हार्मनी द्वारा प्रस्तुत हिमाचली लोकगीतों ने माहौल को भावनाओं से सराबोर कर दिया। इन प्रस्तुतियों का निर्देशन व संयोजन मनदीप, समीक्षा और रीना ने किया, जिन्होंने अपने नेतृत्व से कार्यक्रम में नई जान फूंक दी। राज्यपाल गहलोत ने सभी राज्यों की प्रस्तुतियों को भारतीय सांस्कृतिक एकता की जीवंत मिसाल बताया और विशेष रूप से हिमाचली इन बैंगलोर समुदाय के प्रयासों की भूरि–भूरि प्रशंसा की। उन्होंने हिमाचल की प्रस्तुतियों को ऊर्जावान, सजीव और लोक–संस्कृति के असली प्रतिबिंब की संज्ञा दी।

कार्यक्रम के समापन पर टीम को राजभवन स्मृति चिन्ह और सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान उनके समर्पण, संगठनात्मक कौशल और प्रस्तुति की उत्कृष्टता का प्रतीक बना। हिमाचली इन बैंगलोर के संस्थापक सदस्य दिनेश राणा, सन्नी शर्मा, अस्विन शर्मा और अनुराग धीमान ने कर्नाटक राजभवन प्रशासन, उपस्थित अतिथियों और हिमाचली समुदाय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन हिमाचल और कर्नाटक के बीच सांस्कृतिक सेतु की तरह कार्य कर रहा है।

### बैंक सरकारी योजनाओं को दें प्राथमिकता : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला मुख्यालय के बचत भवन में सोमवार को वर्ष 2024-25 की वार्षिक ऋण योजना की प्रगति की समीक्षा के लिए जिला स्तरीय ऋण समिति एवं जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक जिला अग्रणी बैंक यूको बैंक के तत्वावधान में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त राहुल कुमार ने की। उपायुक्त ने सभी बैंकों को निर्देश दिए कि वे सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं को प्राथमिकता दें तथा इनके प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए विशेष शिविरों का आयोजन करें। उन्होंने विशेष रूप से प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना को जनसाधारण तक पहुंचाने की अपील की। उपायुक्त ने सभी बैंकों को जिले में क्रेडिट-डिपॉजिट रेशो (सीडी रेशो) सुधारने के लिए ठोस एवं समयबद्ध कदम उठाने के निर्देश देते हुए कहा कि जिले के नागरिकों की भारी भरकम जमा पूंजी बैंकों में है, परंतु उसके अनुपात में स्थानीय लोगों को ऋण उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जो एक चिंता का विषय है। उन्होंने सरकार की प्राथमिकता योजनाओं के अंतर्गत ऋण वितरण की प्रक्रिया को गति देने पर बल दिया।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को भाजपा के जिला मुख्यालय स्थित कार्यालय के साथ ही बेनला-ब्राह्मणा पंचायत में श्रद्धांजलि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुरेश चंदेल, जबकि बेनला-ब्राह्मणा में सदर के विधायक त्रिलोक जमवाल ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की। इन कार्यक्रमों में देश के लिए डॉ. मुखर्जी की सेवाओं और योगदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने कहा कि एक विख्यात शिक्षाविद व विचारक के रूप में पहचान बनाने वाले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने बेहद कम आयु में ही शिक्षा क्षेत्र में कई बड़ी उपलब्धियां हासिल कर ली थीं।

## न्यूज ब्रीफ

### 384 ग्राम चरस सहित युवक गिरफ्तार

**तलविंदर सिंह, अनंत ज्ञान, डलहौजी।** नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत तनूहट्टी चेक पोस्ट चौकी प्रभारी विवेक शर्मा के नेतृत्व में पुलिस दल को बड़ी सफलता प्राप्त हुई। पुलिस टीम को नाकाबंदी के दौरान एचआरटीसी बस (एचपी-73 7856) जो कि तिस्सा भजराड़ से नगरोटा बगवां की ओर जा रही थी। जांच के लिए रोका गया। तलाशी के दौरान युवक पुलिस को देखकर घबरा गया और जब उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से 384 ग्राम चरस बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर थाना चुवाड़ी में कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी की पहचान गोविंद सिंह (31) निवासी कंडवास डाकघर गनेड़ तहसील चूराह जिला चंबा के रूप में हुई है। इस पूरे मामले की पुष्टि डीएसपी भटियात योगराज चंदेल ने की।

### कोटी में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, कोटी।** विद्युत उपमंडल कोटी के अंतर्गत आने वाले 33/11 केवी उपकेंद्र कोटी में दिनांक 24 जून को पीएंडटी टीम द्वारा स्थापित विद्युत उपकरणों का वार्षिक निरीक्षण एवं परीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण का कार्य सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक चलेगा, हालांकि कार्य की अवधि उपकरणों की स्थिति पर निर्भर करेगी। जिसके कारण 33 केवी सलूनी, 33 केवी मांझल व 11 केवी लोकल, पुखरी, चकलू, कल्हेल, मसरूड और सूंडला फीडरों में आंशिक रूप से विद्युत आपूर्ति बाधित रह सकती है। सहायक अधिशाषी अभियंता, विद्युत उपमंडल कोटी, हंस राज चौहान ने आम जनता से सहयोग की अपील की है।

### जनसुरक्षा के उपायों के बारे में दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण चंबा द्वारा तीन दिवसीय 'भीड़ प्रबंधन' प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य जिले में आने वाले बड़े जनसमूह आयोजनों जैसे मिंजर मेला तथा मणिमहेश यात्रा के दृष्टिगत प्रभावी भीड़ नियंत्रण एवं प्रबंधन को सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के पहले दिन प्रतिभागियों को भीड़ प्रबंधन के सिद्धांत, पूर्व नियोजन, आपात स्थिति में प्रतिक्रिया तथा जनसुरक्षा के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि भीड़ से संबंधित आपदाएं प्रायः मानवनिर्मित होती हैं, जिन्हें समय रहते उचित योजना और प्रशिक्षित कार्मिकों की सहायता से पूरी तरह टाला जा सकता है। इस प्रशिक्षण में जिला प्रशासन, पुलिस, होम गार्ड्स, स्वास्थ्य विभाग, नगर परिषद, तथा अन्य संबद्ध विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी भाग ले रहे हैं। यह प्रशिक्षण जिला की आपदा प्रबंधन रणनीति को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### रोजगार मेले में 45 अभ्यर्थियों का चयन

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** आईटीआई बॉथरी मोड़ में रोजगार डॉट कॉम के द्वारा सोमवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। बट्ट आईटीआई के चेयरमैन परवेज अली बट्ट ने बताया कि रोजगार मेले दौरान रोजगार डॉट के प्रबंध निदेशक कुणाल गुप्ता, मानव संसाधन प्रमुख अमित गुप्ता, उपाध्यक्ष, रणनीतिक साझेदारियां एवं जनसंपर्क हरीश कछवाहा, प्लेसमेंट प्रमुख प्रेमपाल सिंह व परियोजना प्रबंधक पंकज शर्मा के द्वारा कई कंपनियों के लिए मशीनिस्ट, टर्नर, फिटर, डीजल मैकेनिक, मोटर मैकेनिक व इलेक्ट्रिशियन ट्रेडस में आईटीआई व डिप्लोमा पास अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया। बट्ट ने कहा कि साक्षात्कार दौरान 45 अभ्यर्थियों का चयन उक्त कंपनियों के लिए किया गया। उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को कंपनियों के द्वारा 14 हजार से 17 हजार के बीच वेतन दिया जाएगा।

### एसवीएम के मेधावी छात्रों ने बटोरी चमक

**गुलशन गुप्ता, अनंत ज्ञान, रिवालसर।** सरस्वती विद्या मंदिर (एसवीएम) रिवालसर के होनहार छात्रों ने हाल ही में आयोजित संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए। यह प्रतियोगिताएं एसवीएम गागल में आयोजित की गई, जिनमें मंडी जिले के कोटली, समखेतर, नलसर, कटौला, गागल और रिवालसर सहित कुल छह विद्यालयों के भैया-बहनों ने भाग लिया। एसवीएम रिवालसर के छात्रों ने दौड़ (100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 600 मीटर), लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, चक्का फेंक तथा बैंड प्रतियोगिता में भाग लेते हुए कुल 16 स्वर्ण पदक, 07 रजत पदक और 08 कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी विजयी छात्रों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य ने बताया कि प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों का चयन अब जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए किया गया है, जो कि सरस्वती विद्या मंदिर हटवाड़ में आयोजित होगी।

### गरीबों के मसीहा थे राजा वीरभद्रः चंद्रशेखर

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम युवा कांग्रेस धर्मपुर की पहल पर और क्षेत्रीय विधायक चंद्रशेखर के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश चंद तथा युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशांत ठाकुर भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक चंद्रशेखर ने कहा कि राजा वीरभद्र सिंह गरीबों के मसीहा थे। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वीरभद्र सिंह की स्मृति को नमन करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

### 'किसमें कितना है दम' में छाई मन्नत

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** उपमंडल धर्मपुर की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लौंगणी की छात्रा मन्नत ने अपने नृत्य कला से अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। डीडी पंजाबी के शो किसमें कितना है दम रियलिटी शो में भाग लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिला मंडी की धर्मपुर तहसील से यह कार्यक्रम शुरू हुआ और विभिन्न स्थानों पर आयोजित हुए कार्यक्रम को पार करते हुए पांचवें राउंड जो कि पंजाब के संगरूर जिले के धूरी स्थान पर आयोजित किया गया वहां द्वितीय स्थान प्राप्त किया। टैलेंट का महासंग्राम नामक टीवी सीरियल की रियलिटी शो में काम के साथ-साथ मन्नत ने 20000 रुपए का नगद इनाम ट्रॉफी तथा अवार्ड ऑफ ऑनर प्राप्त किया।

# कुलसूई स्कूल में नहीं एक भी टीचर

## बच्चों की पढ़ाई हो रही प्रभावित, एसएमसी की विशेष बैठक में उठी स्थायी शिक्षक की मांग

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**मैहला ( चंबा )।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला कुलसूई में शिक्षकों की कमी के चलते बच्चों की पढ़ाई गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। इसी विषय को लेकर आज विद्यालय परिसर में विद्यालय प्रबंधन समिति की एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता एसएमसी अध्यक्ष चंद्रेश कुमारी ने की।



कुलसूई स्कूल में अध्यापक की कमी लेकर उपायुक्त चंबा को ज्ञापन सौंपते हुए।

बैठक में बताया गया कि लगभग 20 दिन पहले विद्यालय की एक अध्यापिका का तबादला हो गया व हाल ही में एक अन्य अध्यापिका ने भी पदत्याग कर दिया है। वर्तमान में विद्यालय में एक भी नियमित अध्यापक नहीं है और विद्यालय प्रतिनियुक्ति के आधार पर संचालित हो रहा है, जिससे बच्चों की शिक्षा में बाधा उत्पन्न हो रही है। बैठक में एसएमसी सदस्यों में लकी ठाकुर (राज्य महासचिव, एनएसयूआई), चंदर (एसएमसी सदस्य), सुवाष, उत्तम, बब्बलू, केवल, कुमार, रजनी, निशा और मनीषा ने मिलकर यह मांग उठाई कि विद्यालय को स्थायी शिक्षक प्रदान किया जाए। लकी ठाकुर ने स्पष्ट कहा कि बच्चों के भविष्य से कोई समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि बच्चों की पढ़ाई केवल प्रतिनियुक्ति से संभव नहीं है व स्कूल में स्थायी अध्यापक की नियुक्ति अति आवश्यक है। इसके साथ ही स्कूल के पास से बहते हुए पानी के कारण उत्पन्न असुविधा। समिति ने मांग की कि या तो पानी की निकासी को बंद किया जाए या फिर इसके लिए कोई स्थायी समाधान खोजा जाए।

# एक शिक्षक के सहारे कुंडा-1 स्कूल के 33 छात्रों का भविष्य



कुंडा-1 स्कूल में अध्यापक की कमी लेकर उपायुक्त चंबा को ज्ञापन सौंपते हुए।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**राजकीय** प्राथमिक पाठशाला कुंडा-1 में शिक्षकों की भारी कमी को लेकर स्कूल प्रबंधन समिति की एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष मान सिंह ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यालय में अध्यापक की गंभीर कमी, सड़क और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं की बदहाली को लेकर चिंता जताना था। विद्यालय में वर्तमान में 33 विद्यार्थी नामांकित हैं, जबकि केवल एक शिक्षक ही कार्यरत है। इससे शिक्षा की गुणवत्ता बुरी तरह प्रभावित हो रही है। बैठक में उपस्थित अभिभावकों और ग्रामवासियों ने प्रशासन के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा कि कुण्डा क्षेत्र आज भी शिक्षा, सड़क और पानी जैसी तीन मूलभूत समस्याओं से जूझ रहा है, लेकिन अब तक किसी भी स्तर पर स्थायी समाधान नहीं हुआ है। एसएमसी प्रतिनिधियों ने उपायुक्त चंबा को एक ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि जल्द से जल्द विद्यालय में नियुक्ति हो, गांव तक सड़क और स्वच्छ पेयजल पहुंच सुनिश्चित की जाए। ग्रामवासियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी मांगें शीघ्र पूरी नहीं की गईं, तो वे आगामी 2027 विधानसभा चुनावों का बहिष्कार करेंगे। उन्होंने कहा कि चुनावों से पहले जो वादे किए गए थे, वे आज तक अधूरे हैं।

# पटवारियों के पद रिक्त होने से प्रभावित हो रहे कार्यः मोती राम

**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल पटवार एवं कानूनगो महासंघ के पूर्व अखिल भारतीय सदस्य मोती राम चौहान ने कहा कि प्रदेश राजस्व विभाग में पटवारियों के एक हजार पद रिक्त होने से लोगों के राजस्व संबंधी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। सरकार पटवारियों से कृषि गणना, सिंचाई गणना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, बीपीएल सर्वेक्षण सहित अन्य कार्य करवा रही है।

# आपदा से निपटने के लिए आवश्यक प्रबंध करें सुनिश्चितः कुलबीर राणा



आपात स्थितियों से निपटने के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा करते एडीएम।

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**

**भरमौर।** आगामी दक्षिण-पश्चिम मानसून 2025 के दृष्टिगत आपदा प्रबंधन तथा विभागीय समन्वय को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लघु सचिवालय पट्टी के सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (एडीएम) भरमौर कुलबीर सिंह राणा ने की।

बैठक में लोक निर्माण, जल शक्ति, विद्युत, स्वास्थ्य, पर्यटाराोहण उप केंद्र भरमौर, राजस्व, पुलिस, अग्निशमन सेवा, शिक्षा तथा आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में मानसून के दौरान संभावित आपात स्थितियों से निपटने के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा की गई। एडीएम कुलबीर सिंह राणा ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में आवश्यक उपकरणों, मशीनरी और जनशक्ति की उपलब्धता को सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी रूप से निपटा जा सके।

बैठक में उन्होंने सभी विभागों को विशेष नोडल अधिकारी नियुक्त करने व त्वरित टीमें गठित करने और साथ ही उन्होंने आपदा से निपटने के लिए शिक्षा विभाग को स्कूलों में मॉक ड्रिल आयोजित करने के लिए भी निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने नियंत्रण कक्ष व राहत शिविर स्थापित करने के संभावित स्थानों को भी चिन्हित करने के निर्देश दिए।

# कलाकारों के चयन को लेकर सूची करें तैयार

## एडीएम ने मिंजर मेले की सांस्कृतिक उपसमिति के गैर सरकारी सदस्यों को कहा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**अंतराष्ट्रीय** मिंजर मेला-2025 की तैयारियों को लेकर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एवं संयोजक सांस्कृतिक उप समिति अमित मैहरा की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय के सभागार में समिति की प्रथम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सांस्कृतिक उप समिति के गैर सरकारी और सरकारी सदस्यों ने हिस्सा लिया। बैठक में मिंजर मेले के दौरान आयोजित होने वाली विभिन्न सांस्कृतिक संध्याओं तथा कलाकारों के चयन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।



अंतराष्ट्रीय मिंजर मेले की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा।

अमित मैहरा ने कहा कि सांस्कृतिक उप समिति के गैर सरकारी सदस्य लोगों की रुचि के अनुरूप कलाकारों के चयन को लेकर एक सूची तैयार करें। बैठक में स्टेज लाइट एवं साउंड व्यवस्था, स्टेज आर्केस्ट्रा सहित स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान करने से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी को गैर सरकारी सदस्य भूपेंद्र सिंह जसरोटिया ने मेले के दौरान पौधारोपण गतिविधियों तथा पर्यावरण संरक्षण एवं विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धाओं में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों द्वारा नशे के दुष्प्रभावों के प्रति प्रभावी संदेश के लिए एक ज्ञापन भी प्रस्तुत किया।

बैठक में जिला भाषा अधिकारी ने अवगत करवाया कि दस लाख रुपये से अधिक राशि वाले चयनित कलाकारों की प्रस्तुति के लिए मामला प्रदेश सरकार से अनुमति को भेजा जाएगा। साथ में उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिला से संबंधित श्रेणीबद्ध कलाकारों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। बैठक में गैर सरकारी सदस्यों ने सांस्कृतिक संध्याओं एवं कलाकारों के चयन से संबंधित अपने सुझाव भी रखे। जिला भाषा अधिकारी तुकेश शर्मा, गैर सरकारी सदस्य करतार ठाकुर, भूपेंद्र सिंह जसरोटिया, हामिद खान, हेम ठाकुर, केशवश्रेष्ठी, जितेंद्र सूर्या, नरेश राणा, लियाकत अली, कपिल भूषण, हर्ष शर्मा सहित सांस्कृतिक उप समिति के विभिन्न सदस्य बैठक में उपस्थित रहे।

# पुरानी पाइपलाइन बनी समस्या, पानी को तरस रहे ग्रामीण

**अनंत ज्ञान, चुराह।** चंबा जिला के शलेला बाड़ी और चिड़ेग गांव में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। पिछले तीन दिनों से इन क्षेत्रों में एक भी बूंद पानी नहीं पहुंच रही है। गांव तक बिछाई गई पाइपलाइन की हालत इतनी जर्जर हो चुकी है कि जगह-जगह से पानी का रिसाव हो रहा है, जिससे सप्लाई गांव तक नहीं पहुंच पा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार जलशक्ति विभाग को इस समस्या से अवगत करवाया है और पाइपलाइन की मरम्मत की मांग की है। लेकिन आज तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। पाइपलाइन इतनी पुरानी हो चुकी है कि कई स्थानों पर पानी बह जाता है और गांव के लोग, यहां तक कि जानवर भी बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। इसी के साथ शलेला बाड़ी में स्थित स्कूल में भी पानी की भारी किल्लत बनी हुई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए विवश होंगे।

# पांगी के सुराल में पैराग्लाइडिंग का सफल ट्रायल

**अनंत ज्ञान, पांगी**

**पांगी** घाटी के सुराल गांव में सोमवार को रोमांच प्रेमियों के लिए एक नया अध्याय शुरू हुआ। अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतीय अध्ययन संस्थान, मनाली के सहयोग से सुराल में पहली बार पैराग्लाइडिंग की सफल ट्रायल उड़ान का आयोजन किया गया। यह ट्रायल पांगी को साहसिक पर्यटन के नक्शे पर स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



पांगी घाटी के सुराल गांव में पैराग्लाइडिंग की सफल ट्रायल उड़ान का आयोजन किया।

इस अवसर पर अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतीय अध्ययन संस्थान के उप-निदेशक डॉ. रोहित, पांगी के आवासीय आयुक्त रमन घरसंघी, तथा तहसीलदार शांता कुमार ने ट्रायल साइट का निरीक्षण किया और परियोजना की संभावनाओं की समीक्षा की। पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन खाजियार के सहयोग से यह ट्रायल सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सेवा संस्था के निदेशक डॉ. हरीश शर्मा, उनकी टीम, पांगी टूरिज्म, सुराल भटोरी के हितधारक, स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि व उत्साही ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। यह आयोजन पांगी घाटी में पर्यटन के नए आयामों की शुरुआत का संकेत देता है और आने वाले समय में सुराल को देश के प्रमुख एडवेंचर टूरिज्म डेस्टिनेशनों में स्थान दिलाने की दिशा में एक मजबूत प्रयास है।

गौरतलब है कि पिछले वर्ष चंबा की पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन और पांगी टूरिज्म टीम ने सुराल, कुमार, हुडान और चसक क्षेत्रों में पैराग्लाइडिंग की संभावनाओं का अध्ययन किया था, जिसमें सुराल घाटी को सर्वाधिक उपयुक्त पाया गया।

# एसपीयू के छात्रों की शिक्षा और भविष्य से जुड़े गंभीर मुद्दों का शीघ्र हो समाधानः एनएसयूआई

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**एनएसयूआई** जिला चंबा द्वारा सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मंडी के कुलपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। इस ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने विश्वविद्यालय प्रशासन से छात्रों की शिक्षा और भविष्य से जुड़े गंभीर मुद्दों पर शीघ्र समाधान की मांग की है।



एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपते हुए।

एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि बीए, द्वितीय वर्ष में अनुत्तीर्ण हुए छात्रों को विश्वविद्यालय द्वारा पुनः परीक्षा देने का एक अल्प अवसर दिया गया था, जिसमें वे सफल भी हुए। परंतु इसके पश्चात उन्हें अंतिम वर्ष में परीक्षा देने की अनुमति नहीं दी गई और कहा गया कि वे अगले सत्र में ही परीक्षा दे सकेंगे। अब स्थिति यह हो गई है कि हिमाचल प्रदेश के अनेक महाविद्यालयों में सरदार पटेल विश्वविद्यालय (एसपीयू) का सत्र समाप्त कर दिया गया है तथा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (एचपीयू) का नया सत्र आरंभ हो चुका है। इसके कारण केवल अंतिम वर्ष के छात्र ही नहीं, बल्कि वे छात्र भी जो किसी कारणवश बी.ए. या एम.ए. में ड्रॉपआउट हो गए थे, अब पुनः प्रवेश नहीं ले पा रहे हैं। महाविद्यालयों को एसपीयू द्वारा इस विषय में कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश भी प्राप्त नहीं हुए हैं कि ऐसे छात्र अब अपनी अधूरी डिग्री कैसे पूर्ण करें।

### सूडोकु नवताल- 7470

✱ ✲ ✲ ✲ ✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7469 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

# जिले में सिर्फ एक अल्ट्रासाउंड मशीन कर रही कामः सोनू

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**आम** आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष सोनू ठाकुर ने एक प्रेस बयान जारी कर चंबा जिले की जर्जर स्वास्थ्य व्यवस्था पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि पूरे चंबा जिले में सिर्फ एक अल्ट्रासाउंड मशीन काम कर रही है, वह भी सिर्फ जिला मुख्यालय में। ठाकुर ने कहा कि जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों के लोगों को एक सामान्य जांच के लिए भी महीनों तक इंतजार करना पड़ता है। दूरदराज के गांवों से खराब सड़कों से सफर कर मरीज चंबा पहुंचते हैं, लेकिन फिर भी उन्हें इलाज नहीं मिल पाता। उन्होंने सरकार व विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार बहाने बना रही है और विपक्ष तमाशा देख रहा है। कांग्रेस बजट की कमी का हवाला दे रही है, वहीं बीजेपी के



**चंबा की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं पर आम आदमी पार्टी का तीखा हमला**

विधायक मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर जश्न मना रहे हैं। क्या यही विकास है कि एक पिछड़े जिले में सिर्फ एक अल्ट्रासाउंड मशीन हो? उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के शासन में हालात नहीं बदले-कहीं डॉक्टर नहीं हैं, कहीं दवाइयां नहीं और

# बुराहटा स्कूल की चक्षु बनी एक दिन की प्रिंसिपल, आत्मविश्वास का दिया संदेश

**सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान, गोहर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बुराहटा के लिए मंगलवार का दिन एक अविस्मरणीय प्रेरणा लेकर आया, जब कक्षा दसवीं की प्रतिभाशाली छात्रा चक्षु कुमारी को विद्यालय की एक दिन की प्रधानाचार्या बनने का सम्मान मिला। यह अवसर न केवल उनके लिए, बल्कि समस्त विद्यार्थियों के लिए एक सीख और प्रेरणा का माध्यम बन गया। यह पहल उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन द्वारा शुरू की गई उस नवाचारी सोच का हिस्सा है, जो मेधावी विद्यार्थियों को नेतृत्व के मंच प्रदान कर उन्हें जीवन में ऊंचाइयों तक पहुंचने की प्रेरणा देता है।



अनंत ज्ञान

## आज का पंचांग

मंगलवार, 24 जून 2025

**विक्रमी संवत** : 2082, **शक संवत** :1947 (विश्वासवसु), **मास** : अमांत ज्येष्ठ, **तिथि** चतुदर्शी (07:02) : **नक्षत्र** रोहिणी (12:55), **पक्षः** कृष्ण, **योग** : शूल (09:35), अभीजित (11:55-12:51)। **राहुकाल** (03:52-05:37)।

**विशेष दिन**

24 जून 2025: रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस आज।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेषः** पारिवारिक कार्यों में भागदौड़ रहेगी। सफलता से आत्मसम्मान बढ़ेगा। तेल तिलहन में निवेश से लाभ होगा। कार्यस्थल पर प्रसन्नता रहेगी। किसी से भी कटु वचन न बोलें।

**वृषः** आप जो सोचते हैं, वह करते नहीं। पहले अपने आप को व्यवस्थित करें। छोटी मानसिकता से आप कभी आगे नहीं बढ़ सकते। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

**मिथुनः** अपनी चिंता के कारण आप दूसरों पर अपना क्रोध क्यों निकालते हैं। शांत रहें। व्यय वृद्धि से तनाव रहेगा। अकारण झंझटों से दूर रहें। चोट व दुर्घटनादि से हानि संभव है।

**कर्कः** दिन अनुभव पूर्ण रहेगा। जीवनसाथी के साथ मतभेद संभव है। बकाया वसूली होगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। फालतू खर्च होगा, विवाद न करें। नए मित्र बनेंगे।

**सिंहः** अपनी संगत बदलें, आपका संसार बदल जायगा। अपने आप को सही साबित करने में बड़ी मेहनत करनी होगी। थकान व अस्वस्थता रहेगी। व्यवसायिक नई योजना लागू होगी।

**कन्याः** दिन की शुरुआत में रुक-रुक कर कार्य होंगे। माता पिता के स्वास्थ का ध्यान रखें। यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। नेत्र पीड़ा संभव है। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी।

**तुलाः** संतान के विवाह मामलों में जल्दबाजी न करें। गलत निर्णय जीवन बदल सकता है। जोखिम भरे कार्य टालें। वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें।

**वृश्चिकः** जीवन साथी के साथ विवाद सम्भव है। गृहस्थि के मामले आपसी सहमति से हल होंगे। लाभ की स्थिति बनेगी। राजनैतिक मामलों में आपका विरोध होगा।

**धनुः** संतान की जरूरत पूरी करना अच्छी बात है पर उनकी जिद जायज हो। आपकी निर्णय शक्ति बहुत कमजोर है। इसीलिए आप पिछड़ रहे हैं। अस्वस्थता रह सकती है।

**मकरः** दूसरों की मजबूरी को समझें और सहयोग करें। क्रोध की अधिकता से आप अशांत रहेंगे। पिता से मतभेद समाप्त होंगे। नए कारोबार के बारे में पूरी जानकारी ले कर ही निवेश करें।

**कुंभः** कोई चौंकाने वाले समाचार मिल सकते हैं। मनचाही नोकरी के लिए प्रयास अधिक करना पड़ सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूसरों से अपेक्षा न करें।

**मीनः** व्यापार में परिश्रम अधिक और लाभ कम होगा। विरोधी सक्रिय रहेंगे जो आपके बने बनाये कार्य बिगाड़ सकते हैं। सूझ-बूझ से धनलाभ होगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी।

# हिमाचली उत्पादों को अंतराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाएंगेः हर्षवर्धन

## मंडी के पड्डल मैदान में आयोजित प्रदेश औद्योगिक व्यापार एक्सपो में बोले उद्योग मंत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**उद्योग,** संसदीय कार्य, श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि गांवों में पारंपरिक रूप से कार्य कर रहे कारीगरों, हथकरघा एवं हस्तशिल्प से जुड़े शिल्पियों को ऐसा मंच दिया जाए, जिससे उनके उत्पादों को देश ही नहीं, अंतराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाया जा सके। वे आज मंडी के पड्डल मैदान में आयोजित हिमाचल प्रदेश औद्योगिक व्यापार एक्सपो-2025 में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

इस एक्सपो का आयोजन सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार की खरीद एवं विपणन सहायता योजना (पीएमएस स्कीम) के अंतर्गत मंडी के पड्डल मैदान में किया गया है। उद्योग मंत्री ने कहा कि प्रदर्शनी जैसे आयोजनों का उद्देश्य उन



कारीगरों के बनाए सामान का निरीक्षण करते हुए उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान व अन्य।

स्थानीय उत्पादों और कारीगरों को मंच देना है जो गांवों में रहकर पारंपरिक और अद्वितीय वस्तुएं तैयार करते हैं। इस तरह के आयोजनों में उन्हें अपने उत्पादों की बिक्री के लिए कोई शुल्क नहीं देना पड़ता, जिससे उन्हें सीधा लाभ मिलता है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार का प्रयास है कि हिमाचल आने वाले पर्यटक केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित न रहें, बल्कि गांवों तक जाएं और स्थानीय उत्पादों को जानें और खरीदें। सरकार स्थानीय उत्पादों को आधुनिक रूप देने और उन्हें व्यावसायिक रूप से प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए कार्य कर रही है। इस अवसर पर विधायक चंद्रशेखर, पूर्व मुख्य संसदीय सचिव सोहन लाल ठाकुर, एपीएमसी मंडी के अध्यक्ष संजीव, प्रदेश कांग्रेस महासचिव चंपा ठाकुर, सहायक निदेशक एमएसएमई डीएफओ सोलन अशोक गौतम, पीएचडीसीसीआई के सह-अध्यक्ष विशाल ठाकुर, निदेशक अनिल कुमार सांखला सहित कई मौजूद रहे।

### हिमाचल के उत्पादों को मिल रही राष्ट्रीय सराहना

चौहान ने बताया कि हिमाचल के उत्पाद अपनी विशिष्टता के कारण हैरिटेज वैल्यू रखते हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में दिल्ली हाट में आयोजित हिमाचली परिधानों के फैशन शो को लोगों ने काफी सराहा। साथ ही, दिल्ली में आयोजित हाट बाजार में हिमाचल के 28 स्टॉल लगाए गए, जहां 8 से 10 हजार करोड़ का व्यापार हुआ। इससे स्पष्ट है कि हिमाचली उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर भरपूर सराहना मिल रही है।

अनंत Classifieds

### नाम परिवर्तन

**मैं राज कुमार** सुपुत्र श्री चमन लाल निवासी गांव नौलखा डाकघर कनैड तहसील सुंदरनगर, जिला मंडी हि.प्र. घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम राज कुमार से बदलकर राजा सिंह रख लिया है। सभी संबंधित नोट करें।

### नाम परिवर्तन

**मैं रजनी मान** पत्नी दीपक मान निवासी 69, इंजी. रेजिमेंट पिन-914069, मार्फत 56 एपीओ पालमपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र. 176061 घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम रजनी से बदलकर रजनी मान रख लिया है। रजनी और रजनी मान एक ही महिला हैं। सभी संबंधित नोट करें।

**अच्छे** कर्म हमें ताकत देते हैं और दूसरों को अच्छे कार्यों के लिए प्रेरित करते हैं।
-अरस्तु

## संपादकीय

# सशक्त होती नारी

नारी शक्ति, किसी भी समाज की आत्मा होती है। समाज की समग्र उन्नति नारी के सहयोग और सशक्तिकरण के बिना संभव नहीं है। भारत जैसे विविधताओं से भरे देश में, जहां परंपराएं और आधुनिकता साथ-साथ चलती हैं, वहां महिलाओं की स्थिति में सकारात्मक बदलाव किसी सामाजिक क्रांति से कम नहीं। इसी कड़ी में हिमाचल प्रदेश एक प्रेरक उदाहरण बनकर उभरा है, जहां हाल के वर्षों में न केवल महिलाओं की सामाजिक स्थिति में सुधार हुआ है, बल्कि राज्य का लिंगानुपात भी उल्लेखनीय रूप से बढ़ा है। वर्ष 2023 में जहां हिमाचल प्रदेश का लिंगानुपात 947 था, वहीं 2024 में यह बढ़कर 964 तक पहुंच गया। निश्चित रूप से यह सामाजिक चेतना, सरकारी प्रयासों और जन सहयोग का प्रतीक है। यह बदलाव दर्शाता है कि समाज में बेटियों को लेकर सोच में तेजी से सकारात्मक परिवर्तन हो रहा है। यह किसी एक योजना या निर्णय का नतीजा नहीं, बल्कि कई स्तरों पर निरंतर प्रयासों का प्रतिफल है। हिमाचल की सुक्खू सरकार ने बालिकाओं के सशक्तिकरण की दिशा में कई ठोस कदम उठाए हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान का प्रभाव जहां राष्ट्रीय स्तर पर देखा जा रहा है, वहीं प्रदेश सरकार ने इसे स्थानीय स्तर पर मजबूती से लागू कर उदाहरण प्रस्तुत किया है। शिक्षा के क्षेत्र में लड़कियों की भागीदारी उल्लेखनीय रही है।

पिछले कुछ वर्षों में मैरिट सूची में 80 प्रतिशत से अधिक स्थान लड़कियों ने प्राप्त किए हैं, जो इस बात का प्रमाण है कि वे न केवल अवसरों को भुना रही हैं, बल्कि उनमें अपनी प्रतिभा को साबित करने की क्षमता भी है। यह बदलाव केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है। समाज में लड़कियों के प्रति बढ़ते सम्मान को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से भी बल मिला है। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत अब तक करीब चार हजार वंचित वर्ग की बेटियों को विवाह के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है। इससे उन परिवारों को राहत मिली है जो आर्थिक तंगी के कारण अपनी बेटियों की शादी को लेकर चिंतित रहते थे। इस योजना से समाज में यह संदेश गया है कि बेटियां बोझ नहीं, बल्कि गौरव हैं। इसी प्रकार 'शगुन योजना' के अंतर्गत 12 हजार से अधिक बेटियों को विशेष वित्तीय सहायता दी जा चुकी है। जब सरकार समाज के सबसे कमजोर वर्ग की बेटियों के साथ खड़ी दिखाई देती है, तो समाज का भी दृष्टिकोण परिवर्तित होता है। यही परिवर्तन लिंगानुपात में सकारात्मक बदलाव का आधार बनता है। आज की लड़कियां सिर्फ शिक्षा में ही नहीं, खेलकूद, विज्ञान, प्रशासन और उद्यमिता जैसे क्षेत्रों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। हिमाचल की बेटियां देशभर में अपनी पहचान बना रही हैं।

यह परिवर्तन सामाजिक सोच में आई परिपक्वता और राज्य सरकार की दूरदर्शिता का परिणाम है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि नारी शक्ति को केंद्र में रखकर बनाई गई नीतियों ने राज्य की सामाजिक संरचना को मजबूत करने का काम किया है। ये सभी प्रयास महज आंकड़े सुधारने के लिए नहीं, बल्कि एक बड़े सामाजिक उद्देश्य की प्राप्ति के लिए किए जा रहे हैं। जब सरकार लड़कियों की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और सम्मान की दिशा में ठोस पहल करती है, तो सामाजिक संतुलन और समरसता की नींव मजबूत होती है। हिमाचल प्रदेश में यह सकारात्मक बदलाव पूरे देश के लिए एक प्रेरणा है। अन्य राज्यों को भी इससे सीख लेकर अपने यहां नारी सशक्तिकरण की दिशा में सार्थक कदम उठाने चाहिए। नारी के सम्मान, अधिकार और अवसरों की रक्षा करके ही एक समतामूलक और समृद्ध समाज की कल्पना की जा सकती है। हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि यह प्रक्रिया निरंतर प्रयासों की मांग करती है। सरकार के साथ-साथ समाज के प्रत्येक वर्ग, परिवार, शैक्षणिक संस्थान, मीडिया और स्वयंसेवी संगठनों को भी इस दिशा में अपनी भूमिका निभानी होगी।

नारी सशक्तिकरण का अर्थ केवल उन्हें समान अधिकार देना नहीं, बल्कि उन्हें ऐसे अवसर प्रदान करना है जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और समाज के निर्णय लेने की प्रक्रिया में भागीदार बनें। जब नारी स्वाभिमानी, आत्मनिर्भर और सम्मानित होगी, तभी राष्ट्र का वास्तविक विकास संभव होगा। हिमाचल प्रदेश ने इस दिशा में एक प्रभावशाली शुरुआत की है। राज्य सरकार की योजनाएं, समाज की जागरूकता और बेटियों की मेहनत मिलकर एक नई सामाजिक व्यवस्था की नींव रख रही हैं, जो न्याय, समानता और अवसरों की अवधारणा पर आधारित है। हिमाचल की बेटियां अब किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। सरकार का सहयोग, समाज की सोच और स्वयं नारी की दृढ़ इच्छाशक्ति मिलकर इस परिवर्तन को गति दे रही हैं। यह बदलाव केवल आज की नहीं, आने वाली पीढ़ियों की दिशा तय करने वाला है। सरकार के इन प्रयासों की जितनी भी सराहना की जाए, वह कम है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# अंग्रेजी साहित्य की प्रख्यात लेखिका

**अनीता** देसाई एक प्रख्यात लेखिका हैं। उनका नाम विश्व में अंग्रेजी साहित्य का एक जाना पहचाना नाम है। उपन्यासकार किरण देसाई इनकी पुत्री हैं। भारत सरकार ने अनीता देसाई को 'पद्मश्री' और 2014 में 'पद्म भूषण' से सम्मानित किया था। अनीता देसाई का पहला उपन्यास 'क्राई द पीकॉक' 1963 में प्रकाशित हुआ था। इसके साथ ही उन्हें बुकर पुरस्कार के लिए तीन बार अंतिम सूची में भी चयनित किया जा चुका है। अनीता देसाई 'मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी' में मानविकी की सेवामुक्त प्रोफेसर हैं। डीएन मजूमदार की बेटी अनीता मजूमदार के रूप में हुआ था। इनके पिता एक बंगाली व्यापारी थे और माता टोनी नीम एक जर्मन थी। अनीता देसाई ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा दिल्ली के क्वीन मैरी हायर सेकेंडरी स्कूल से प्राप्त की। इन्होंने बहुत ही कम आयु में लघु कथाएं लिखनी शुरू कर दी थीं। इनकी पहली लघु कहानी तब प्रकाशित हुई, जब वे मात्र नौ वर्ष की थीं। इन्होंने 'मिरांडा हाउस' से स्नातक की डिग्री प्राप्त की और 1957 में 20 वर्ष की उम्र में अंग्रेज़ी साहित्य में स्नातक की उपाधि प्राप्त कर ली थी। ■



अनीता देसाई
जन्म : 24 जून, 1937



कविता

## मत किसी के दिल को यूं ही दुखाना

रवींद्र कुमार शर्मा, घुमारवीं, बिलासपुर

*मत किसी के दिल को यूं ही दुखाना,*
*हमेशा मीठा बोलना औरों के काम आना।*
*अमीरों को देख कर रुख बदल लेते हैं लोग,*
*दुखियों की करना सेवा गरीबों को मत सताना।*
*करना ऐसा नेक काम याद जो रखे जमाना,*
*जरूरतमंद की करना सहायता मत बनाना कोई बहाना।*
*चेहरे पर यदि किसी के मुस्कुराहट ला सको,*
*इससे बढ़कर नहीं दुनियां का कोई खजाना।*
*इतना भी मत उलझना किसी उलझन में,*
*कि समझ न आए लगे सिर चकराना।*
*पैदा होता है हल सभी उलझनों का उलझनों के साथ,*
*शांत मन से सोचना तब सुलझाना।*
*पुरानी चीजों को फेंक देते है आजकल लोग,*
*नया नौ दिन याद रखना सौ दिन चलता है पुराना।*
*मिट्टी हो जाएगा हर जीव इस दुनियां का,*
*ढूंढता फिर रहा है फिर भी खजाना।*
*मृगतृष्णा है जो कभी नहीं भरती,*
*सबको पता है साथ कुछ नहीं जाना।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# प्रधानमंत्री मोदी का हर अभियान बना जन आंदोलन

अपने पहले कार्यकाल में प्रधानमंत्री मोदी ने जब गांधी जयंती पर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की तो किसी को अंदाजा न रहा होगा कि यह अभियान जन आंदोलन का रूप ले लेगा। स्वच्छता आंदोलन के साथ देखते ही देखते कई तरह से राजनेता, अभिनेता, अधिकारी, कर्मचारी, व्यापारी व आमजन जुड़ गए, वह अपने आप में अद्वितीय ही रहा। अभियान का पूरे देश में व्यापक असर तो दिखा ही साथ ही लोगों के दिलों-दिमाग में स्वच्छता के प्रति जागरूकता के प्रति अमिट छाप छोड़ गया। आज भी लोग सार्वजनिक व निजी स्थलों में कचरा फेंकने, गंदगी करने के पहले सौ बार सोचते हैं। कोविड के समय स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और जन सहयोग को मिशाल के रूप में देश ने देखा है। सरकारी मदद इलाज के इतर जिस तरह से एक दूसरे की मदद के लिए लोग सामने आए और लाखों लोगों की जान सुरक्षित किए वह प्रधानमंत्री के आह्वान का ही नतीजा रहा है।



लेखक : डॉ. राजेश मिश्र
मध्य प्रदेश के सीधी से सांसद





मोदी सरकार ने 11 साल के कार्यकाल में कई उल्लेखनीय और अभूतपूर्व कार्य कर भारत को कई क्षेत्रों में नई ऊंचाई पर पहुंचाया है। शौचालय पीएम आवास निर्माण के बाद बड़ी उपलब्धियों में यदि किसी को गिना जाएगा, तो वह है आयुष्मान भारत योजना, जिसने 50 करोड़ गरीबों को 5 लाख रुपए तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया है। इस योजना ने 6 करोड़ से अधिक लोगों का इलाज कराकर उन्हें वित्तीय संकट से बचाया। देखा जाए तो गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार के लिए इलाज पर होने वाला खर्च कमर तोड़ने वाला होता है। गंभीर बीमारी के समय तो कई ऐसे परिवार रहे जो खर्च न उठा पाने की स्थिति में मरीज को अपने हाल पर छोड़ देते थे। आयुष्मान भारत योजना ने अब सब कुछ आसान कर दिया है। सामान्य हो या असामान्य सभी तरह की बीमारियों की चिंता आयुष्मान भारत पर छोड़ी जा चुकी है। आयुष्मान भारत योजना के बाद डिजिटल इंडिया का कदम क्रांतिकारी रहा है। डिजिटल इंडिया ने यूपीआई के माध्यम से भारत को वैश्विक डिजिटल भुगतान का नेतृत्वकर्ता बनाया, जिससे 2025 तक 1.3 ट्रिलियन मासिक लेन-देन दर्ज किए गए। मेक इन इंडिया विनिर्माण और निवेश को बढ़ावा दिया, जिससे भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना। जल जीवन मिशन ने 11.82 करोड़ ग्रामीण घरों को नल जल कनेक्शन प्रदान किया जिससे स्वच्छ पेयजल की पहुंच बढ़ी। मोदी सरकार ने अपने ग्यारह वर्ष के कार्यकाल मे ऐतिहासिक और साहसिक निर्णय लिए हैं।

अनुच्छेद 370 का हटाया जाना ऐसा निर्णय रहा जिसे देश मान चुका था कि यह संभव नहीं है। 'यह नहीं हो सकता' कि धारणा आम हो चुकी थी, लेकिन मोदी के नेतृत्व में यह धारणा टूट गई। अनुच्छेद 370 समाप्त हो गया और किसी तरह की चूं-चपड़ भी नहीं हुई। विपक्ष की यह आशंका भी निर्मूल साबित हुई कि देश में भूचाल आ जाएगा। अनुच्छेद 370 के समाप्ति के बाद देश ने भी देखा कि जब जम्मू-कश्मीर में लोकसभा चुनाव हुए, तो 58.46 फीसद तक मतदान हुआ। यह परिवर्तन एक साहसिक निर्णय का असर रहा है। इसी तरह तीन तलाक की प्रथा जो मानवता के लिए त्रासदी थी जिस पर वर्षों तक चुप्पी छाई रही। सुप्रीम कोर्ट ने अपनी बात कही, लेकिन कोई निर्णायक कदम नहीं उठाया गया। मोदी सरकार ने तीन तलाक को समाप्त कर यह साबित कर दिया कि वह महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध है। यह निर्णय तब और भी महत्वपूर्ण हो जाता है जब पता चलता है कि इस्लामिक देशों में तो तीन तलाक बहुत पहले ही समाप्त हो चुका है। प्रधानमंत्री ने गरीबों के कल्याण की सार्थक योजना चलाई जिसका असर देखने को मिला है। गरीबी हटाओ केवल पुराने नारे तक सीमित नहीं रहा, बल्कि गरीबों के कल्याण को साकार रूप दिया गया। आंकड़े बताते हैं कि 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा के ऊपर उठ चुके हैं। नीति आयोग और अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मंचों द्वारा प्रस्तुत किए गए आंकड़े भी इसके गवाह है।

भारत में अत्यधिक गरीबी में 80 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत 80 करोड़ लोगों को प्रति व्यक्ति 5 किलो गेहूं व चावल निःशुल्क उपलब्ध कराया गया, जिसे बड़ी उपलब्धि के रूप में माना जा सकता है। पीएम आवास योजना ने भी गरीबों की न कि दशा बदली, बल्कि खुशहाली की राह दिखाया है। पीएम आवास योजना के 4 करोड़ पक्के मकान बनाए जा चुके हैं और अगले पांच वर्षों में 3 करोड़ और मकानों के निर्माण का संकल्प लिया गया है। यदि आज आप गांवों की यात्रा करें, तो पहले जहां खपरैल व घासफूस के घर दिखते थे, अब वहां पक्के मकान खड़े हैं। यह आज के आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का परिचायक है। पुलवामा व हाल में हुए पहलगाम आतंकी हमले से सभी वाकिफ हैं। आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री नेहवा-हवाई बातें नहीं की, बल्कि जो कहा वे करके दिखाया है। देश ने देखा कि किस तरह सेना ने घुस कर मारा। यह तभी संभव होता जब नेतृत्व मजबूत हाथों में हो और कुछ कर दिखाने का जज्बा हो। मोदी सरकार ने देश की आंतरिक और वाह्य सुरक्षा फोकस करते हुए नक्सलवाद व आतंकवाद की कमर तोड़ने का काम किया है। पहले देश में 126 जिले नक्सल प्रभावित माने जाते थे जो अब घटकर 18 रह गए हैं।

हिंसा में 53 फीसद की कमी आई है। सुरक्षाबलों की हताहत संख्या में 72 फीसद गिरावट दर्ज की गई है। इससे स्पष्ट होता है कि भारत अब नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। संसदीय क्षेत्र सीधी के संदर्भ में मोदी के ग्यारह वर्ष के कार्यकाल में संसदीय क्षेत्र सीधी में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। ललितपुर-सिंगरौली रेल परियोजना की आधारशिला 1985 में रखी गई। बाद में परियोजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। केंद्र में कांग्रेस की सरकार होने और स्थानीय स्तर पर मजबूत व पहुंच वाले नेताओं के होने के बावजूद परियोजना को गतिमान बनाने एक धेला भी नहीं दिया गया। रेल परियोजना को गति देने का काम नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद हुआ है। ग्यारह वर्ष के प्रयास का नतीजा रहा कि रीवा से सीधी और सिंगरौली तक रेल लाइन बिछाने का काम तेज है। जगह-जगह स्टेशन, पुल आदि का कार्य तेजी से हो रहा है। बुधवार तक तो पिछले महीने ट्रायल में रेल आ चुकी है। जिला मुख्यालय में भी शीघ्र बहुप्रतीक्षित रेल पहुंचने वाली है। पिछले 40 वर्ष से ठप पड़ी रेल परियोजना को जहां मोदी सरकार ने सजीव कर दिखाया वहीं सीधी-रीवा मार्ग पर कैमोर पहाड़ में विश्व स्तरीय सुरंग का निर्माण कराकर समूचे विंध्य को बड़ी सौगात दी है। सुरंग बन जाने से सीधी और रीवा के बीच आवागमन सुगम व रोमांचित हो गया है। संसदीय क्षेत्र में इसके अलावा बेहतरीन नेशनल हाइवे निर्माणाधीन हैं। गांव-देहात भी सड़क, पेयजल, बिजली की सुविधा से युक्त हो गए हैं। सीधी-सिंगरौली में मेडिकल कालेज की स्थापना, इंजीनियरिंग, पॉलीटेक्निक संस्थानों की स्थापना ने शिक्षा के क्षेत्र को मजबूती प्रदान की है। साथ ही सिंचाई परियोजना की शुरुआत आदि ने किसानों को आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने का काम किया है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# औद्योगिक मॉडल मानवता के अस्तित्व के लिए अभिशाप न बन जाए

निःसंदेह प्राचीन युग से आधुनिक युग तक मनुष्य ने एक लंबा सफर तय किया है। इसे विकास कहा जा रहा है, लेकिन दुर्भाग्य से मनुष्य के बढ़ते लालच ने भौतिक युग में धन संचय के अलावा कुछ हासिल नहीं किया है। धन कमाने की होड़ के कारण पर्यावरण में प्रदूषण का जहर घुलता जा रहा है। समय के साथ विकास करता हुआ मनुष्य अब धीरे-धीरे विनाश की ओर जाता दिखाई दे रहा है।



लेखक : वीरेंद्र शर्मा वात्स्यायन
ऊना (हिमाचल प्रदेश)

आज पूरी दुनिया का तापमान इतना बढ़ गया है कि ग्लोबल वार्मिंग के रूप में प्रकृति के प्रकोप से चारों ओर हाहाकार मचा हुआ है। मिस्र के शर्म-अल-शेख में अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण सम्मेलन कॉप-27 में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस द्वारा की गई टिप्पणियों को गंभीरता से लेने की जरूरत है। सम्मेलन में उन्होंने पूरी दुनिया को आगाह किया कि मानव जीवन को बचाने के लिए हमारे पास ज्यादा समय नहीं बचा है। प्रदूषण की तस्वीर बेहद भयावह है। एक साल में प्रदूषण के कारण 90 लाख लोगों की मौत की खबर मन को झकझोर देने वाली है। विश्व स्वास्थ्य पत्रिका 'लैंसेट' की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2019 में प्रदूषण के कारण हुई 90 लाख मौतों में से 75 प्रतिशत मौतें वायु प्रदूषण के कारण हुईं।

प्रदूषित पानी पीने के कारण 13 लाख लोगों की मौत हुई। समय की मांग को ध्यान में रखते हुए दुनिया के सभी देशों को इस गंभीर समस्या पर एक साथ आना चाहिए और इस बात पर पुनर्विचार करना चाहिए कि उन्होंने जो विकास मॉडल अपनाया है, वह कितना फायदेमंद साबित हो रहा है क्योंकि दुनिया में हर छठी मौत प्रदूषण के कारण होती है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस समस्या से निपटने के लिए केवल भारत ही जिम्मेदार नहीं है, बल्कि विकासशील देशों के साथ-साथ विकसित देश भी संघर्ष कर रहे हैं। कारखानों से निकलने वाला अपशिष्ट जल, कूड़ा-कचरा, रसायन, जलवायु प्रदूषण मनुष्य और पशुओं को प्रतिदिन मौत के कगार पर धकेल रहे हैं। इस संकट को चुनौती के रूप में लेते हुए विश्व के अमीर और गरीब देशों को प्राथमिकता के आधार पर गंभीर प्रयास करने की आवश्यकता है, क्योंकि पर्यावरण संकट का प्रभाव वैश्विक है और सभी विकासशील और विकसित देश इसकी तपिश महसूस कर रहे हैं।



प्राकृतिक आपदाओं पर किसी का कोई नियंत्रण नहीं है। जलवायु परिवर्तन ने पूरे विश्व में बहुत बड़ा खतरा पैदा कर दिया है।

कितने आश्चर्य की बात है कि आजकल सर्दियों के महीनों में भी पंखे चलाने की जरूरत पड़ रही है। यह पर्यावरण की स्थिति में बदलाव का संकेत है। अगर हम अभी भी सचेत नहीं हुए तो हमें और अधिक प्राकृतिक आपदाओं का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। इससे हम भूखे और प्यासे हो जाएंगे। इसलिए, आइए समय की नजाकत को समझने का जल्द से जल्द प्रयास करें। दुनिया के विकसित देश प्रचुर संसाधनों से संपन्न हैं। वे इस चुनौती का सामना आसानी से कर लेंगे, लेकिन उनके द्वारा किए जा रहे विकास का गरीब देशों पर बहुत बुरा असर पड़ रहा है। ग्रीनहाउस गैसों पर नियंत्रण के लिए अभी तक कुछ नहीं किया गया है। दरअसल, इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए सभी देश एकजुट नहीं हैं। विकसित देश गरीब देशों की मदद नहीं कर रहे हैं, बल्कि सारा दोष इन गरीब देशों पर मढ़ रहे हैं। यही कारण है कि टोक्यो समझौता, पेरिस समझौता और ग्लासगो घोषणा पत्र अभी तक लागू नहीं हो पाए हैं। सभी प्रकार का प्रदूषण मानवता के लिए घातक है। इसकी जानकारी किसी को नहीं है। सरकारें उदासीन हो गई हैं। पर्यावरण संरक्षण पर होने वाले सालाना सम्मेलन से कुछ नहीं निकलता। इसलिए, इससे पहले कि यह संकट और गंभीर रूप ले ले, दुनिया के हर देश के लिए इस गंभीर समस्या से निजात पाने के लिए सार्थक प्रयास करना बहुत जरूरी है। अब समय आ गया है कि अमीर और गरीब देश मिलकर पर्यावरण को उपयुक्त बनाने के लिए आगे आएं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**प्रदेश** सरकार ने एक ऐसा निर्णय लिया है, जिसने राज्य में शिक्षक बनने की तैयारी कर रहे हजारों युवाओं को बड़ी राहत दी है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार ने टीजीटी और जेबीटी पदों के लिए अधिकतम आयु सीमा में दो साल की छूट देने का फैसला लिया है। इस फैसले के तहत अब वे अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकेंगे, जिनकी आयु 45 की तय सीमा से बढ़कर 47 साल हो चुकी है। यह छूट विशेष रूप से उन युवाओं को ध्यान में रखते हुए दी गई है, जिनका समय सरकारी प्रक्रिया की ढिलाई और पेपर लीक जैसी घटनाओं में बर्बाद हुआ। सुक्खू सरकार के सत्ता में आने के बाद हमीरपुर कर्मचारी चयन आयोग में सामने आए पेपर लीक मामले ने राज्य की भर्ती प्रक्रिया को लगभग दो साल तक रोक दिया था। यह दो साल युवा, जहां वे नौकरी पाने की उम्मीद में समय बर्बाद करते रहे। सरकार का यह कदम सराहनीय है।

**राकेश चौधरी, कांगड़ा**

# बाहर के प्रदूषण से पहले मानव को स्वयं का प्रदूषण साफ करना होगा


शहरों में प्रदूषण बहुत बढ़ गया। लोग बीमार हो रहे थे। अखबारों में, दूरदर्शन पर, सामूहिक चर्चा में बस प्रदूषण की ही बात हो रही थी।

ईश्वर ने इस सिलसिले में मीटिंग बुलाई। प्रदूषण के कारण जानकर उसके निवारण के आदेश दिए गए, मगर स्थिति ज्यों की त्यों थी। कहीं कोई बदलाव नहीं हुआ। ईश्वर ने अपने खुफिया एजेंट मिस्टर नारद को निरीक्षण के लिए पृथ्वी पर भेजा। उन्होंने आकर अपनी रिपोर्ट पेश की- 'प्रदूषण केवल हवा में ही नहीं, मनुष्य के तन, मन और आत्मा में भी फैल चुका है।' ईश्वर ने हैरत भरी नजरों से मिस्टर नारद को देखा। नारद ने कहा-'जी सर ! प्रदूषण हवा में, पानी में और भ्रष्टाचार की तरह आदमी के खून में मिल चुका है।' ईश्वर सोच में पड़ गए कि इसका निवारण कैसे किया जाए? अगली सुबह ईश्वर ने निर्णय लिया कि वे स्वयं जाकर इस समस्या का कारण पता लगाएंगे। सुबह 9 बजे वे चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस बनकर खड़े हो गए। साथ में मिस्टर नारद। इतनी भीड़ देखकर उन्होंने सवाल किया-नारद यह भीड़ कहां जा रही है? इन वाहनों से कितना प्रदूषण फैल रहा है। सर काम पर।



लेखिका : डॉ. दलजीत कौर
2571/40 सी, चंडीगढ़

कोई ऑफिस, कोई मजदूरी और कोई व्यापार। ईश्वर ने कहा-पर सभी काम से जा रहे हों ऐसा भी नहीं होगा। तुम इनको रोककर पूछो। नारद ने एक स्कूटर वाले को रोका-कहां जा रहे हो? सर ! बीवी को पार्लर से लेने। पहले सुबह पांच बजे छोड़ने गया। शादी में जाना है। दुखी कर रखा है। वह अपनी भड़ास निकालना चाहता था पर नारद ने मौका नहीं दिया। नारद ने एक जीप वाले को रोका। उसके साथ एक सुंदर कन्या भी बैठी थी। कहां जा रहे हो? गेडी मारने। मतलब?



हवा खाने। मौज-मस्ती करने। ओके ! कहकर नारद ईश्वर के पास लौट आए। एक कार वाले को रोक कर नारद ने पूछा-किधर? साथ वाले शहर में। क्या करने? कवि हूं। कविता सुनाने जा रहा हूं। उससे क्या होगा? अखबार में खबर आएगी। शायद फोटो भी छप जाए। मैं मशहूर हो जाऊंगा। क्या मशहूर होना ही जिंदगी का मकसद है? नारद जरा रोब से बोले। मेरी जिंदगी का तो है।

इससे मेरे मन को सकून मिलता है। आपको क्या तकलीफ? तकलीफ मुझे नहीं सब को हो रही है। प्रदूषण कितना बढ़ गया है? पता है? तुम लोग घर में नहीं बैठ सकते? जिसे देखो मुंह उठाए चला जा रहा है। मेरे अकेले के रुकने से क्या होगा? तुम बिना काम के जा रहे हो। लोग अपने काम पर जा रहे हैं। किस काम पर? आज रविवार है। छुट्टी है सबकी।

नारद अपना-सा मुंह लेकर प्रभु के पास आए और प्रभु पर बरस पड़े-आप इनको थोड़ा सुकून नहीं दे सकते? हलके कुत्ते की तरह घूम रहे हैं सब। छुट्टी के दिन। ईश्वर स्थिति समझ गए थे। वे खुद से ही बात करने लगे-मैं इन्हें सुकून नहीं दे सकता। वह इन्हें खुद ढूंढना है। पर ये कस्तूरी मृग की तरह भटक रहे हैं। नारद ने पूछा-क्या कहा? कुछ नहीं। मेरे मन का सुकून नष्ट हो रहा है। चलो ! वापस चलें। मेरा मन भी मैला होए। बाहर के प्रदूषण से पहले मानव को स्वयं का प्रदूषण साफ करना होगा।तब ही मानव को असल कें सुख प्राप्त होगा । अन्यथ कही भी शांति नहीं मिलेगी।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# पाठकों के पत्र...

**टांडा** मेडिकल कॉलेज की जरूरतों को दर्शाती है, जो गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा तक पहुंचने में महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना कर रही है। कांगड़ा, चंबा और आस-पास के इलाकों के निवासियों के लिए टांडा में मौजूदा बुनियादी ढांचा अपग्रेड होने पर एक महत्वपूर्ण हॉस्पिटल हो सकता है। आईजीएमसी शिमला और पीजीआई चंडीगढ़ जैसे अन्य विशेष केंद्रों तक लंबी यात्रा का समय, रोगियों पर अनावश्यक बोझ डालता है, खासकर आपात स्थिति में। टांडा को पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च में अपग्रेड करने से न केवल उन्नत चिकित्सा उपचारों तक पहुंच में सुधार होगा, बल्कि स्नातकोत्तर प्रशिक्षण के माध्यम से स्थानीय विशेषज्ञता को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों और रोगियों दोनों को लाभ होगा। इस प्रस्ताव में क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा के तनाव को काफी हद तक कम करने और यह सुनिश्चित करने की क्षमता है कि लोगों को लंबी यात्रा की आवश्यकता के बिना वह विशेष देखभाल मिले जिसके वे हकदार हैं। यह एक महत्वपूर्ण और संवेदनशील मुद्दा है, जो न केवल स्वास्थ्य सेवाओं के वितरण से जुड़ा है, बल्कि गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के जीवन से भी गहरे तौर पर जुड़ा हुआ है। बिलासपुर में एम्स बन सकता है, तो कांगड़ा क्षेत्र में पीजीआई क्यों नहीं? इन सवालों का जवाब खोजना जरूरी है, क्योंकि इससे न केवल इलाके के लोगों की स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार होगा, बल्कि एक नए मेडिकल संस्थान से स्थानीय युवाओं को मेडिकल शिक्षा और रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। सरकार, समाज और स्थानीय नेता सभी को मिलकर इस दिशा में काम करना चाहिए, ताकि गरीब और जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।



**सतीश शर्मा ( पंचरुखी )**

**निःशुल्क** चिकित्सा शिविर भारत के सुप्रसिद्ध पर्यटन स्थल मिनी स्विस ( खज्जियार) से लगभग तीन किलोमीटर दूर, समुंदर तल से तकरीबन दो हजार मीटर की ऊंचाई पर स्थित रमणीय 'पुखरी' नामक गांव ( मिस्टिक विलेज ) में रविवार , 22 जून को एक विशेष निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। 'एच टूओ' के संस्थापक, संचालक और 'नोट ऑन मैप' के विशिष्ट और बहु प्रतिष्ठित सदस्य मनुज शर्मा' एचटूओ' के विशेष सदस्य विकास विकी, विश्व प्रसिद्ध 'आर्ट ऑफ लिविंग' संस्था सहित, डॉ. हेम सिंह खन्ना, डॉ. वेद, महेंद्र पुरी के सामूहिक समन्वय, सहयोग तथा प्रयासों से आयोजित इस मुफ्त चिकित्सा शिविर में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, ( पुखरी ) डॉ. नवदीप राठौर विशिष्ट अथिति व संचालक के रूप में उपस्थित रहे। शिविर में पचासों स्थानीय लोगों को चिकित्सा , उपचार का लाभ मिला। कुछ पर्यटकों ने भी इस निशुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ लिया। ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. नवदीप राठौर ने उपस्थित जन समुदाय को योग अभ्यास करवाते हुए और भी ज्यादा स्वस्थ, निश्चिंत जिंदगी जीने के लिए भी प्रेरित किया। आशा वर्कर की टीम ने भी इस शिविर में वांछित और सराहनीय कार्य करते हुए विशेष सहयोग देकर सभी मौजूद विशेष लोगों सहित इस चिकित्सा शिविर को सफल बनाया।



**मुमुक्षु के. ठाकुर**
**मतियारा , मसरूंड , चंबा, हि. प्र.**

**नगरोटा** बगवां जिला कांगड़ा से प्रकाशित हो रहा हिंदी दैनिक अनंत ज्ञान बड़ा ही रुचिकर है। जनता की आवाज बना यह उम्दा समाचार पत्र वाकई श्रेष्ठ पत्रकारिता के लिए समर्पित है जिसका कोई सानी नहीं। महोदय मैं जिला मंडी के गांव महादेव से संबंध रखता हूं जहां कई समस्याएं मुंह बाए खड़ी हैं। खासकर समस्या को लेकर मेरी शिकायत गड्ढों में पड़े महादेव की सड़क को लेकर है जहां बड़े-बड़े गड्ढे पड़े हैं और बारिश होने पर गंदगी से भर जाते हैं जिससे वाहन चालकों को असंतुलित हालत में देखा जा सकता है। सड़क की मरम्मत को लेकर संबंधित विभाग किसी किस्म की गंभीरता नहीं दिखा रहा है ऐसी हालत में यह समस्या गहराती जा रही है। प्रदेश की सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार के सरकारी महकमे लोक निर्माण विभाग को चाहिए, कि इस घनी आबादी वाले विशाल ग्रामीण क्षेत्र के यहां बदहाली की शिकार हुई सड़क का शीघ्र कायाकल्प करे।



**जोनी, महादेव**
**( मंडी, हिमाचल प्रदेश )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# दुकानों के बाहर डंप किया मलबा

## एनएच चौड़ीकरण कार्य में जुटी कंपनियों की मनमानी ने लोगों का जीना किया हराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**अटारी**-जालंधर-हमीरपुर-कोटली-मंडी एनएच चौड़ीकरण कार्य में जुटी कंपनियों की मनमानी ने लोगों का जीना हराम कर दिया है। रोजाना धरने, प्रदर्शन, सड़क जाम, घेराव व पुलिस में मामले दर्ज हो रहे हैं, मगर कंपनियों के ठेकेदार लोगों को परेशान करने से बाज नहीं आ रहे हैं।

ताजा मामला मंडी कोटली के बीच मंडी आठ किलोमीटर दूर कंपनी के मिक्सिंग प्लांट से एक किलोमीटर पर देवधार में आया है जहां कंपनियों ने रातों रात दुकानों व सीवरेज ठेकेदार के स्टोर के आगे मलबे के बड़े बड़े ढेर लगाकर उन्हें बंद कर दिया। इस बारे में सोमवार को देवधार के बलबीर सिंह गुलेरिया ने स्थानीय उपमंडलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा जिसमें बताया कि कंपनी के ठेकेदारों ने रात के समय उनकी दुकानों व सीवरेज के ठेकेदार विक्रम सिंह के स्टोर के आगे मलबे के बड़े बड़े ढेर लगा दिए जिससे दुकानें व स्टोर ही बंद हो गया। सारा काम ठप हो गया। स्टोर से सामान नहीं निकाला जा पा रहा है और दुकानें खोली नहीं जा सकती। उनके अनुसार यह काम



देवधार में एनएच-3 पर बनी दुकानों व स्टोरों के आगे लगाए गए मलबे के ढेर।

### प्रभावितों ने एसडीएम से लगाई गुहार

रात के वक्त किया गया जब वह यहां से कुछ दूरी पर बने अपने आवास में थे। सुबह जब कंपनी के ठेकेदार से पूछा गया तो उसने कहा कि इसे उठा देंगे मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

एसडीएम सदर ने बलबीर सिंह गुलेरिया की इस शिकायत को एनएच के अधिकारियों को भेजते हुए इस पर कार्रवाई करने को कहा है। लोगों का कहना कंपनी व ठेकेदारों की इस तरह की मनमानी पर रोक लगाई जाए, इन पर नुकेल कसी जाए, अन्यथा परेशानियां लगातार बढ़ती ही जा रही हैं।

# बरसात में कटिंग पर लगाएं रोक : उपायुक्त

## अपूर्व देवगन ने संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण कर दिए आदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**मंडी** से नारला तक बन रही फोरलेन सड़क के निर्माण से प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को पेश आ रही समस्याओं को देखते हुए उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने रविवार को द्रंग-कटिंडी संपर्क मार्ग सहित द्रंग से नारला तक के संवेदनशील स्थलों का संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि बरसात के दौरान कटिंग का कार्य रोका जाए तथा जहां कटिंग हो चुकी है, वहां शीघ्र पक्के डंगे लगाए जाएं ताकि बरसात में जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। निरीक्षण टीम में कार्यकारी भूमि अधिग्रहण अधिकारी भावना वर्मा, एनएच के साइट इंजीनियर अमित कुमार, गावर कंस्ट्रक्शन कंपनी से प्रवीण कुमार तथा परियोजना निदेशक व जीएम विकास नागर शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि निर्माण के चलते कई स्थानों पर बार-बार यातायात बाधित हो रहा है जिससे यात्रियों और आमजन को भारी परेशानी हो रही है।


संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण करते हुए डीसी मंडी।

उपायुक्त ने नाराजगी जताते हुए निर्देश दिए कि ऐसे सभी स्थलों पर 24 घंटे मशीनरी की तैनाती सुनिश्चित की जाए। उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों से कहा कि यदि भविष्य में घंटों तक सड़क बंद रही तो संबंधित अधिकारियों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय की जाएगी और जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य की गति अवश्य बढ़ाई जाए लेकिन यह कार्य पूरी सुरक्षा और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप ही हो।

# रामलीला मैदान में कल होगी जनसभा: कुशाल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** हिमाचल किसान सभा और नौजवान सभा की एक संयुक्त बैठक रविवार को जोगिंद्रनगर में आयोजित की गई, जिसमें लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता की तानाशाहीपूर्ण कार्यशैली की कड़ी निंदा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला परिषद सदस्य कुशाल भारद्वाज ने 17 जून की घटना का हवाला देते हुए कहा कि इसी क्रम में 25 जून को जोगिंद्रनगर के रामलीला मैदान में एक बड़ी जनसभा आयोजित की जाएगी, जिसके बाद सीएम को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस आंदोलन में कई पंचायतों के निर्वाचित प्रधान, उपप्रधान, वार्ड सदस्य, बीडीसी सदस्य, महिला मंडल, किसान संगठन व अन्य सामाजिक प्रतिनिधि शामिल होंगे। कुशाल ने सभी जागरूक नागरिकों, जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संगठनों से एकजुट होकर भाग लेने का आह्वान किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### सुंदरनगर में संस्कारों के बारे में की चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** राजकीय संस्कृत महाविद्यालय सुंदरनगर में क्षेत्रीय आयुर्वेद संस्थान पंडोह मंडी केंद्रीय आयुर्वेद विज्ञान अनुसंधान परिषद आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा भारत में विभिन्न क्षेत्रीय धार्मिक प्रथाओं और अनुष्ठानों में उपयोग किए जाने वाले पौधों, धातुओं, खनिजों और पशु उत्पादन और अन्य सामग्रियों का दस्तावेजीकरण प्रलेखन के बारे में चर्चा की गई। इसके साथ ही धार्मिक प्रथाओं, अनुष्ठान और संस्कारों के बारे में विस्तृत चर्चा एवं दस्तावेजीकरण किया गया, जिसमें डॉक्टर केशवानंद कौशल, महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. सुशील गौतम, डॉ. मंजीत कुमार, डॉ. रोहित कुमार, आचार्य अक्षय कुमार, संजीव कुमार ने भाग लिया।

### 'किसमें कितना है दम' में छाई वंशिका

**उमेश, अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** शहर के पुराना बाजार निवासी वंशिका ने किसमें कितना है दम टीवी रियलिटी शो में डांस में विजेता का खिताब जीतकर सुंदरनगर का नाम रोशन किया है। कई बार के राउंड के उपरांत वंशिका ने यह जीत हासिल करने में सफलता हासिल की है। डीडी पंजाबी चैनल पर शो के कई एपिसोड प्रसारित किए गए वहीं इसका ग्रांड फिनाले 19 जून को पंजाब के संगरूर में आयोजित किया गया। जिसमें हिमाचल के अलावा उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर वंशिका के पिता पंकज कुमार और माता सविता भी मौजूद रहे। वंशिका बचपन से ही डांस की शौकीन है और वर्तमान में एस डांस स्टूडियो में डांस टीचर कार्तिक से डांस सीखती हैं। वंशिका का कहना है कि उसका लक्ष्य डांस के क्षेत्र में बड़ा नाम कमाने का है। वंशिका क्षेत्र के एक निजी स्कूल में दसवीं कक्षा की छात्रा है।

### परिसीमन का प्रारूप प्रकाशित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** प्राधिकृत अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी सरकाघाट विवेक पॉल ने बताया कि विकास खण्ड गोपालपुर में पड़ने वाली ग्राम के समस्त वार्डों के निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन का प्रारूप प्रकाशित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस प्रारूप का अवलोकन खंड विकास अधिकारी कार्यालय गोपालपुर में किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को इस प्रारूप के संबंध में कोई आक्षेप हो तो वह प्रारूप जारी होने से सात दिनों के यानी 26 जून तक प्राधिकृत अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी गोपालपुर के कार्यालय में अपील दायर कर सकते हैं। दायर आपेक्ष पर सुनवाई खंड विकास अधिकारी कार्यालय गोपालपुर में 30 जून को प्रातः 11 बजे होगी।

### पूर्व सीएम स्व. वीरभद्र सिंह को किया याद

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की जयंती के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव डॉ. राकेश धरवाल और स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर डॉ. राकेश ने उन्हें आधुनिक हिमाचल का निर्माता और विकास पुरुष बताते हुए उनके योगदान को याद किया। डॉ. राकेश ने कहा कि वीरभद्र सिंह ने छह बार प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया और केंद्र सरकार में भी विभिन्न महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी निभाई। इस मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भी वीरभद्र सिंह जी के कार्यों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

### पूर्व सीएम स्व. वीरभद्र को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला कांग्रेस कमेटी मंडी द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री राजा वीरभद्र सिंह की जयंती के अवसर पर गांधी भवन मंडी में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चंपा ठाकुर ने की। उन्होंने राजा वीरभद्र सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि वे प्रदेश के छह बार मुख्यमंत्री रहे और हिमाचल के समग्र विकास में उनका अतुलनीय योगदान रहा। सभी कांग्रेसजनों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी और ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर अकाश शर्मा, प्रदीप शर्मा, योगेश पटियाल, भूप सिंह, रविंद्र शिल्ली, संतोष कुमार, कर्मचंद भाटिया, दीपक पठानिया, यश कान्ति कश्यप, संजय शर्मा, भगवान सिंह, केहर सिंह कटोच समेत कई नेता उपस्थित रहे।

### जोगिंद्रनगर में नशामुक्ति की दिलाई शपथ

**अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** नशीली दवाइयों के दुरुपयोग के खिलाफ सोमवार को जोगिंद्रनगर में व्यापार मंडल के सहयोग से एक विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जोगिंद्रनगर थाना की प्रभारी सकीनी कपूर ने की। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई में हमें एकजुट होकर काम करना होगा और शपथ लेनी होगी कि हम नशे की हालत में न तो स्वयं वाहन चलाएंगे और न ही किसी को चलाने देंगे। इससे पूर्व लीगल सर्विस कमेटी से अधिवक्ता सुनीत ठाकुर व अधिवक्ता लता ठाकुर ने भी नशा उन्मूलन पर अपने विचार रखे। व्यापार मंडल के प्रधान भास्कर गुप्ता और सचिव सतवीर शर्मा ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया और इस अभियान को आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया।

### एकल नारियों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर के किसान भवन में एकल नारी दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में समाज की प्रेरणास्रोत एकल नारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव डॉ. राकेश धरवाल उपस्थित रहे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में एसएचओ सकीनी कपूर व अनुराग ठाकुर ने भी सहभागिता निभाई। इस अवसर पर एकल नारी संगठन की अध्यक्ष निर्मल चंदेल सहित राधा, रमिता राही, लीला धीमान, ऊना की कोऑर्डिनेटर सोनिका, मीणा, रजनी, धर्मशाला से कारजू देवी, गीतांजलि गोस्वामी, चंबा से बिना देवी, तारा देवी और रजनी देवी सहित अनेक महिलाएं मौजूद रहीं।

### फिल्टर टैंकों की मांग को लेकर आवाज बुलंद

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** चौहार व छोटाभंगाल घाटियों में जल शक्ति विभाग द्वारा जल भंडारण टैंक तो बनाए गए हैं, परंतु अधिकतर गांवों में फिल्टर टैंक न होने से लोग अशुद्ध पानी पीने को मजबूर हैं। इससे जल जनित रोग फैलने का खतरा है। स्थानीय निवासी सुखराम, डागी राम, वजिंद्र सिंह, विनोद कुमार, राजकुमार, रामलाल, जसवंत सिंह, सुनील कुमार व हीरा लाल का कहना है कि हर घर नल योजना सराहनीय है, पर अब हर गांव में फिल्टर टैंक बनाना भी आवश्यक है। लोगों का कहना है कि गंदा पानी सीधे शरीर को नुकसान पहुंचाता है। इसलिए सरकार व जल शक्ति विभाग से मांग है कि सभी गांवों में फिल्टर टैंक बनवाए जाएं और पानी की गुणवत्ता को लेकर जागरूकता शिविर भी लगाए जाएं।

### 150 वरिष्ठ नागरिकों का किया चेकअप

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** समाज सेवा और मानव कल्याण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य करते हुए बेटा राम फाउंडेशन ने सोमवार को लडभड़ोल तहसील की ग्राम पंचायत लडभड़ोल के प्रांगण में एक भव्य दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का शुभारंभ जोगिंद्रनगर के उपमंडलाधिकारी (एसडीएम) मनीश चौधरी ने किया। शिविर में कुल 11 अनुभवी और योग्य विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने 150 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों की जांच की और उन्हें उचित परामर्श तथा निशुल्क दवाइयां प्रदान कीं।

# एनएच की कटिंग के बाद खतरे की जद में आए दो मकान, बिजली का पोल भी लटका

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**उपमंडल** की सरसकान पंचायत के बरोटी (ठाणा) में हुए भारी भूस्खलन से दो मकानों को खतरा उत्पन्न हो गया है। भूस्खलन का कारण एनएच निर्माण में लगी कंपनी द्वारा की गई कटिंग बताई जा रही है। बरोटी के पास सन्यारडी से ठाणा तक बन रहे बाईपास की कटिंग के बाद रविवार को मूसलाधार बारिश में लहासा गिर गया जिससे रमेश चंद पुत्र निक्का राम और सतीश कुमार पुत्र लछमन सिंह के मकानों के गिरने का खतरा बढ़ गया है। इस भूस्खलन की जद में बिजली का पोल भी आ गया है जो कभी भी गिर कर साथ लगते गांवों की विद्युत आपूर्त बाधित कर देगा। मौका पर आए पंचायत प्रधान उमेश ललित ने बताया कि कटिंग करा रही कंपनी के प्रतिनिधि को मामले से अवगत करवा कर सोमवार से सुरक्षा दीवार का कार्य शुरू करने और बिजली का पोल बदलने के लिए कहा गया है, ताकि किसी बड़े हादसे से बचाव हो सके, वहीं एसडीएम धर्मपुर जोगेंद्र पटियाल ने बताया कि प्रधान द्वारा भूस्खलन देने के फौरन बाद बचाव कार्य तेज कर दिया गया है और दोनों परिवारों को तिरपाल दिए जा रहे हैं ताकि बचे भाग को बारिश से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि उपमंडल में आपदा से बचने के समुचित प्रबंध किए गए हैं तथा सरकारी तंत्र को मुस्तैद रहने के निर्देश दिए गए हैं।


बरोटी में कटिंग के बाद हुए भू-स्खलन की जद में रिहायशी मकान।

## सरसों तेल फर्जीवाड़े में फूड सेफ्टी अफसरों की भूमिका पर उठे सवाल

# पर्दाफाश होने के बाद भी नहीं की कोई कार्रवाई

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** देवभूमि में बिना फूड लाइसेंस के बिके यूनिवर्सल गोल्ड सरसों तेल मामले में फूड सेफ्टी अफसरों की भूमिका पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत फूड लाइसेंस व गुणवत्ता की जांच का प्राथमिक जिम्मा फूड सेफ्टी ऑफिसर का होता है, लेकिन हिमाचल में पिछले लंबे समय से चल रहे सरसों तेल के फर्जीवाड़े पर फूड सेफ्टी अफसरों ने एक भी जगह सैंपल लेने या चेकिंग करने की जहमत नहीं उठाई।

खाद्य अधिनियम के तहत बिना फूड लाइसेंस के खाद्य वस्तुओं की बिक्री व अधिनियम के उल्लंघन पर मामला दर्ज करना होता है। आवश्यकता पड़ने पर मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किए जाते हैं, लेकिन धर्मपुर में बड़े फर्जीवाड़े का पर्दाफाश होने के बाद भी अब तक फूड सेफ्टी विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं है।

### नहीं किया पंजाब के उच्चाधिकारियों को सूचित

**बद्दी** की हिम एग्रो इंडस्ट्री के तार पंजाब के जालंधर में हरि संस ऑयल एंड केमिकल कंपनी के साथ जुड़ने पर अब तक पंजाब के उच्चाधिकारियों को भी सूचित क्यों नहीं किया गया है, जिसके कारण भी पूरा मामले में तरह-तरह की आशंकाओं को बल मिल रहा है।

### 18,300 पैकेट में से वापस भेजे सिर्फ 6,264 पैकेट

**बद्दी** की हिम एग्रो इंडस्ट्रीज के पास 5 जून को जालंधर की हरि संस कंपनी ने 9000 पाउच की सप्लाई की, जबकि 10 को 9300 पैकेट सरसों के तेल की सप्लाई की गई। इस बीच अखबार में फर्जीवाड़ा उजागर हो गया। इसके उलट बद्दी की हिम एग्रो ने 22 जून को केवल 6,264 पैकेट ही हरि संस कंपनी को भेजे हैं।



### क्या कहते हैं असिस्टेंट कमिश्नर

**एलडी** ठाकुर असिस्टेंट कमिश्नर फूड सेफ्टी का कहना है कि इस मामले में सबसे बड़ी नाकामी पुलिस की है। जब थाना प्रभारी को धर्मपुर राशन डिपो पर 140 पेटी बिना फूड लाइसेंस वाली यूनिवर्सल गोल्ड सरसों तेल की होने का समाचार मिल गया था, तो उन्हें तुरंत फूड सेफ्टी विभाग को सूचित करना चाहिए था। ऐसी क्या वजह है कि उन्होंने सूचना नहीं थी और न ही तेल को गायब होने से रोकने की कोशिश की। इस मामले की गहनता से जांच की जाएगी, जो भी लिप्त होगा, उसके खिलाफ करवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# कंसा चौक में केंद्र सरकार बनाए इंडोर खेल स्टेडियम : चमन राही

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**कंसा** चौक डडौर बल्ह मंडी में स्पोर्ट्स अकादमी द्वारा दूसरी वॉलीबाल प्रतियोगिता व माहूंनाग मेले का शुभारंभ किया गया। इसमें अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। वॉलीबाल प्रतियोगिता में लड़कों व लड़कियों की डेढ़ दर्जन टीमों ने भाग लिया। मुख्यातिथि चमन राही ने खिलाड़ियों को प्रतिज्ञा दिलाते हुए नशे के खिलाफ अभियान का आह्वान किया। राही ने कहा कि स्पोर्ट्स अकादमी कंसा चौक, पक्ष विपक्ष के सभी नेताओं को साथ लेकर धर्मशाला के खेल स्टेडियम की तर्ज पर कंसा चौक में खेल स्टेडियम बनाने की मांग करेंगे। इसके लिए सीएम सुक्खू व पूर्व खेल मंत्री भारत सरकार के माध्यम से केंद्र सरकार से इंडोर स्टेडियम बनाने की मांग करेंगे। इस अवसर पर चमन राही ने आयोजन समिति को 5100 रुपए भेंट किए। इस मौके पर स्पोर्ट्स अकादमी के संयोजक रमेश वालिया, भवानी आजाद, ओबीसी संयोजक कर्म सिंह सैनी, बडसू पंचायत के प्रधान गोविंद वर्धन, मिल्क सोसायटियों के संयोजक उपेंद्र ठाकुर व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


खिलाड़ियों को सम्मानित करते चमन राही।

# नैना माता मेला आज होगा शुरू

**विनोद, अनंत ज्ञान, नेरचौक।** तीन दिवसीय नैना माता मेला घट्टा का आयोजन 24 जून को होगा। कमेटी अध्यक्ष रमेश कुमार सैनी ने बताया कि मेले का मुख्य आकर्षण कुश्ती प्रतियोगिता रहेगी। रमेश कुमार सैनी ने बताया कि 24 जून को मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक बल्ह इंद्र सिंह गांधी करेंगे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पंचायत प्रधान कुम्मी दिनेश कुमार, पंचायत प्रधान खांदला चमनलाल व पंचायत छातडू के प्रधान सत्या देवी शामिल होंगे। पहले दिन जलेब निकाली जाएगी। मेले का समापन 26 जून को होगा। जिसमें जिप अध्यक्ष पाल वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में तथा बशिष्ट अतिथि के रूप में कुम्मी के उप प्रधान राजकुमार, खांदला पंचायत के उप प्रधान बलदेव तथा छातडू पंचायत के उप प्रधान हेतराम शामिल होंगे।

## अटल आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय ने मनाया 7वां स्थापना दिवस

# देशराज बने विवि के बेस्ट एंप्लाई ऑफ द ईयर

**उमेश भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**सुंदरनगर।** जिला मंडी के नेरचौक स्थित अटल आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान विवि के 7वें स्थापना दिवस के अवसर पर धनोटू में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रोफेसर सुरेंद्र कश्यप ने की। कार्यक्रम में जेओए आईटी देशराज को विश्वविद्यालय के बेस्ट एंप्लाई ऑफ द ईयर के खिताब से सम्मानित किया गया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

प्रो. सुरेंद्र कश्यप ने कहा कि इस विश्वविद्यालय की स्थापना हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साईंसेस एक्ट 2017 के अंतर्गत की गई। यह विश्वविद्यालय चिकित्सा संबंधित परीक्षाओं के आयोजन, विभिन्न कॉलेजों की मान्यता और विभिन्न कोर्सों के संबंधित कार्यों में सम्मिलित हैं। यह विश्वविद्यालय एमबीबीएस, बीएएमएस, बीडीएस, बीएचएमएस, एमडी/एमएस, बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग, पैरामेडिकल आदि कोर्सों की परीक्षाओं, काउंसलिंग व मान्यता प्रक्रिया से संबंधित कार्य करता है। इससे पहले विश्वविद्यालय के पंजीयक गिरीश समरा ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और बताया कि पहली बार अटल आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर डॉ. प्रवीण शर्मा, प्रधानाचार्य डी.के. वर्मा, विनय अवस्थी, विजय पाल, तन्वी समरा सहित विश्वविद्यालय के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



अटल आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय के सातवें स्थापना दिवस पर मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए।

# एनएच निर्माण में गड़बड़ियों पर गरजी किसान सभा, केस दर्ज करने की मांग

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**हिमाचल** किसान सभा ने धर्मपुर थाने में बीआरएन, गावर, एलएन मालवीय कंपनी और भूतल परिवहन विभाग के प्रोजेक्ट डायरेक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह व खंड अध्यक्ष रणताज राणा के नेतृत्व में 18 प्रभावितों ने थाना प्रभारी को शिकायत पत्र सौंपा।

शिकायत में कहा कि गासियां खड्ड से कुमाड्डा तक 28 जगह अवैध डंपिंग की गई है, जिससे दर्जनों घरों पर खतरा मंडरा रहा है। 2 मई को एसडीएम धर्मपुर ने कंपनी को 20 जून तक खड्ड से मलबा हटाने व 31 मई तक सड़क पक्की करने का आदेश दिया था, लेकिन अब तक कोई काम नहीं हुआ। बरसात शुरू हो गई है और खड्ड का पानी रुक गया है। पाड़छु से हुक्कल तक की गई अनियंत्रित ब्लास्टिंग से करीब डेढ़ दर्जन घरों में दरारें आ गई हैं। नालियां नहीं बनाई गईं, और दो दिन पहले की बारिश से तबाही मच गई। किसान सभा ने अब हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करने और प्रशासन व कंपनी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई का फैसला लिया है। भूपेंद्र सिंह ने चेतावनी दी कि अगर एक हफ्ते में सुधार नहीं हुआ, तो धर्मपुर व सरकाघाट के एसडीएम कार्यालयों का घेराव किया जाएगा।


धर्मपुर थाने में हिमाचल किसान सभा के सदस्य ज्ञापन सौंपते हुए।

# कांग्रेस ने हमेशा की लोकतंत्र की हत्या : निहाल चंद शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भाजपा आपातकाल के काले अध्याय का 50वां वर्ष को लेकर 25 से 27 जून तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करने जा रही है। इन कार्यक्रमों में प्रदर्शनी, पत्रकार वार्ता, सेमिनार में उद्बोधन एवं लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान, पौधारोपण, मॉक पार्लियामेंट (काल्पनिक संसद) का कार्यक्रम इस तरह से अनेको कार्यक्रम करने जा रही है जिसमें मंडी में भी यह कार्यक्रम किए जाएंगे।



जिला अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा ने बताया कि 25 जुन को मंडी जिला भाजपा, पूर्व की इंदिरा कांग्रेस सरकार द्वारा लगाए गए आपातकाल के काले अध्याय का 50 वे वर्ष के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रमों को करेगी जिसमें लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान किया जाएगा और प्रदर्शनी के माध्यम से आपातकाल के काले अध्याय के ऊपर प्रकाश डाला जाएगा। निहाल ने कहा कि कांग्रेस की सरकारे तानाशाही के लिए जानी जाती है। जब-जब कांग्रेस सरकारी रही है तो कांग्रेस ने लोकतंत्र की हत्या करने का प्रयास हमेशा किया है। भाजपा जिला अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा ने बताया कि भाजपा प्रदेश मीडिया के संयोजक एवं रणधीर शर्मा प्रदर्शनी का उद्घाटन करके सभी कार्यक्रमों में मुख्य रूप से रहेंगे।

# डिपुओं तक वस्तुओं के ढुलान, लदाई एवं उतराई के लिए निविदाएं आमंत्रित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**जिला** नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विजेंद्र सिंह ने बताया कि वर्ष 2025-26 की जुलाई से मार्च 2026 तक की अवधि के लिए लिए नागरिक आपूर्ति निगम के थोक बिक्री केंद्रों से उनके अंतर्गत आने वाली उचित मूल्य की दुकानों तक वस्तुओं के ढुलान के लिए निविदा दाताओं से आनलाइन निविदा आमंत्रित की जा रही है।

उन्होंने बताया कि निविदाएं थोक बिक्री केंद्र लुणापानी, जोगिंद्रनगर, चुराग, सरकाघाट, बालीचैकी, चैकी, करसोग, थुनाग, तल्याहड़, सुंदरनगर, पधर, बरोट, चैलचैक, धर्मपुर, बलद्वाड़ा, संधोल व लडभड़ोल के लिए आमंत्रित की गई हैं। ऑनलाइन निविदा 3 जुलाई तक संबंधित पोर्टल पर अपलोड हो जानी चाहिए व प्राप्त निविदाएं 4 जुलाई को सुबह 11 बजे निविदा दाताओं या उनके प्रतिनिधियों के सामने डीसी या उनके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के सम्मुख जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, मंडी के कार्यालय में खोली जाएगी।

### मजदूरी कार्य के लिए भी निविदाएं आमंत्रित

**वर्ष** 2025-27 के लिए नागरिक आपूर्ति निगम के थोक गोदाम मंडी, बलद्वाड़ा, लुणापानी, सुंदरनगर, चुराग, सरकाघाट, लड़भड़ोल व बालीचैकी में विनिर्दिष्ट वस्तुओं की लदाई एवं उतराई के मजदूरी कार्य के लिए भी निविदाएं आमंत्रित की गई हैं, जो कि 1 जुलाई को दोपहर 12 बजे तक ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड हो जानी चाहिए। अधिक जानकारी के लिए जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, मंडी कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

# बरोट-मियोट सड़क निर्माण में लाएं तेजी

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** चौहार घाटी की खलैहल पंचायत के बड़ी व छोटी झरवाड़, खलैहल, मियोट गाँवों और छोटाभंगाल घाटी की कोठी कोहड़ व बड़ा ग्रां पंचायतों के कोठी कोहड़, चेलरा दी मलाह, गगलू दी मलाह-कोली रूलिंग, नलहौता, बड़ा ग्रां, कुक्कड़ गुंधा, राजगुंधा, शपहौता व कुड़धार गांवों के लोगों ने बरोट-मियोट से धरोट तक निर्माणाधीन 9 किमी सड़क के निर्माण को जल्द पूरा करने की जोरदार मांग की है। स्थानीय लोगों जैसे अमीर चंद, जगदीश कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, रवि कुमार, पवन कुमार, ओम चंद, होशियार सिंह, देव राज, प्रेम सिंह आदि का कहना है कि सड़क बनने से दोनों घाटियों के गांवों को बस सेवा का लाभ मिलेगा। बरोट, लपास, वरधान, मुल्थान, धरमाण, लोआई, स्वाड़, पोलिंग पंचायतों के लोगों को बीड़, बैजनाथ, पालमपुर व धर्मशाला जाने में सुविधा होगी।

## व्याख्यान — अभिलाषी विश्वविद्यालय में छात्र विविधता, समावेशी शिक्षा और कौशल विकास पर मंथन

# फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में 2 प्रतिष्ठित वक्ताओं ने दिया व्याख्यान

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**

**मंडी।** अभिलाषी विश्वविद्यालय में चल रहे फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) के तीसरे दिन दो प्रतिष्ठित वक्ताओं प्रो. प्रीति जैन निदेशक यूजीसी-एमएमटीटीसी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय और डॉ. नीलिका अरोड़ा निदेशक यूजीसी-एमएमटीटीसी जम्मू केंद्रीय विवि द्वारा बौद्धिक रूप से समृद्ध सत्र ऑनलाइन दिए गए।

सत्र की शुरुआत एफडीपी समन्वयक डॉ. नवदीप शर्मा द्वारा सभी गणमान्य व्यक्तियों व प्रतिभागियों के स्वागत के साथ हुई। उन्होंने एनईपी 2020 के संदर्भ में इस दिन के विषय के महत्व पर प्रकाश डाला। पहले सत्र में प्रो. प्रीति जैन ने 'छात्र विविधता व समावेशी शिक्षा' पर एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने छात्रों की विविध पृष्ठभूमि व कक्षा में आने वाली चुनौतियों को समझने के महत्व पर जोर दिया। वास्तविक जीवन के उदाहरणों का उपयोग करते हुए उन्होंने शिक्षकों से एक अनुकूल और समावेशी वातावरण को बढ़ावा देने का आग्रह किया। प्रो. जैन ने समावेशी और आकर्षक शैक्षिक अनुभवों को आकार देने में कला और विज्ञान दोनों के रूप में वर्णित शिक्षण की गतिशील प्रकृति पर भी प्रकाश डाला।




### वक्ताओं के योगदान की सराहना

**कुलपति** डॉ. एचके चौधरी और रजिस्ट्रार डॉ. कपिल ने वक्ताओं की सराहना की व आयोजन टीम के प्रयासों की सराहना की।

अभिलाषी विवि के कुलपति डॉ. आरके ने आयोजन टीम को बधाई दी व वक्ताओं के बहुमूल्य योगदान की सराहना की।

### कौशल विकास पर चर्चा

**दूसरे** सत्र का संचालन डॉ. नीलिका अरोड़ा ने किया, जिन्होंने 'कौशल विकास' पर बात की। इंटरैक्टिव गतिविधियों के माध्यम से उन्होंने प्रत्येक छात्र की विशिष्टता और शिक्षण प्रक्रिया में सहानुभूति और समझ की आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ. अरोड़ा ने प्रभावी समय प्रबंधन, शिक्षकों की जिम्मेदारियों और पाठ्यक्रम में कौशल-आधारित शिक्षा के एकीकरण पर चर्चा की। उनके सत्र में छात्रों को वास्तविक दुनिया की चुनौतियों के लिए बेहतर ढंग से तैयार करने के लिए सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक अनुप्रयोग के बीच की खाई को पाटने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### एकल नारी संगठन ने मनाया विधवा दिवस



**मुकेश कुमार, अनंत ज्ञान, हरोली।** एकल नारी कृषि सहकारी सभा घालूवाल द्वारा बसाल पंचायत में विधवा अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाया गया, जिसमें 100 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। उपस्थित महिलाओं को घरेलू हिंसा तथा सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। 10 महिलाओं को सम्मानित किया गया। महिलाओं द्वारा एकल नारी की प्रधान कांता शर्मा को भी शॉल पहनाकर सम्मानित किया।

### टकारला में मूर्ति स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया



**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान, बड़ूही।** उपमंडल अंब के तहत टकारला गांव स्थित बाबा भूतनाथ मंदिर में मूर्ति स्थापना दिवस पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुबह हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें समस्त ग्रामवासियों ने भाग लिया और पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। हवन उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया गया। बाबा भूतनाथ में क्षेत्रवासियों की गहरी आस्था है और लोग अपनी मनोकामनाएं लेकर यहां नियमित रूप से आते हैं। मूर्ति स्थापना दिवस के इस पावन अवसर पर निर्मल सिंह, रबी ठाकुर, वेदप्रकाश शर्मा, रत्न चंद, राकेश ठाकुर, विजय ठाकुर, विनीत शर्मा, राकेश शर्मा, किशोर ठाकुर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और मातृशक्ति ने भाग लिया। ग्रामीणों ने मिलजुल कर कार्यक्रम को सफल बनाया और मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया था।

### नक्की गांव में भागवत कथा 26 जून से

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान, अंब।** उपमंडल अंब की ठठल पंचायत के अंतर्गत गांव नक्की में 26 जून से 3 जुलाई तक श्रीमद् भागवत कथा का दिव्य आयोजन होने जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन नजदीकी बेहड़ जसवां पुल पर स्थित कथा स्थल में हाकम परिवार द्वारा श्रद्धा व भक्ति भाव से आयोजित किया जा रहा है। इस आध्यात्मिक अनुष्ठान में कथा वाचन श्री श्री परिव्राजकाचार्य स्वामी स्वयमानंद गिरि जी महाराज के पावन मुखारविंद से होगा। प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से सायं 6 बजे तक भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं व भागवत महापुराण के दिव्य प्रसंगों का श्रवण भक्तों को कराया जाएगा। इस आयोजन का शुभारंभ एक भव्य शोभायात्रा से होगा, जो 25 जून को सायं 4:30 बजे नंदिगण गोशाला टकारला से प्रारंभ होकर कथा स्थल तक पहुंचेगी। आयोजन समिति के सदस्य शिव कुमार हाकम ने बताया कि यह कथा युवाओं में धार्मिक जागरूकता फैलाने और समाज को आध्यात्मिक मार्ग की ओर प्रेरित करने का प्रयास है। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु सभी आवश्यक प्रबंध पूरे कर लिए गए हैं। समस्त क्षेत्रवासियों से आग्रह किया गया है कि वे सपरिवार पधारकर इस पुण्य अवसर का लाभ उठाएं और श्रीमद् भागवत कथा श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त करें।

## ऊना के व्यापारियों ने बैठक में विचार-विमर्श कर किया ऐलान

# शहर में नहीं लगने देंगे नववर्ष की सेल

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**ऊना।** ऊना शहर में नववर्ष के दौरान लगनी वाली सेल इस बार नहीं लगेगी। यह निर्णय ऊना व्यापार मंडल ने सोमवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित एक बैठक के दौरान लिया। बैठक की अध्यक्षता व्यापार मंडल के प्रधान प्रिंस राजपूत ने की, जबकि बैठक में प्रदेश के चेयरमैन अश्वनी जैतिक विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में व्यापारियों को पेश आ रही समस्याओं, हाल ही में डबल हेलमेट को लेकर पेश आ रही दिक्कतों व ग्रीष्मकालीन छुट्टियों को लेकर चर्चा की गई।

प्रधान प्रिंस राजपूत ने कहा कि ऊना शहर में नववर्ष के दौरान व्यापारियों द्वारा भारी सेल का आयोजन किया जाता था, जो कि इस वर्ष से नहीं लगेगी। उन्होंने कहा कि यह निर्णय बाहरी राज्यों से आने वाले व्यापारियों की वजह से लिया गया है। उन्होंने कहा कि ऊना का पैसा सारा बाहर चला जाता है, ऐसे में नववर्ष के दौरान लगने वाली सेल को नहीं लगाने का फैसला लिया है। ये सेल कब लगेगी, इसको लेकर सभी व्यापारी चर्चा करेंगे। व्यापार मंडल के महासचिव रघु पुरी ने कहा कि वर्तमान में लागू डबल हेलमेट की अनिवार्यता से आम जनता को काफी असुविधा हो रही है।

प्रशासन द्वारा दोपहिया वाहनों पर चालक और सवार दोनों के लिए हेलमेट अनिवार्य किया गया है, लेकिन यह नियम छोटे दुकानदारों, घरेलू महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और स्थानीय उपभोक्ताओं के लिए व्यवहारिक नहीं है। उन्होंने मांग की है कि स्थानीय परिस्थितियों और जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए कम दूरी की यात्रा करने वालों को सिंगल हेलमेट की छूट दी जाए। रघु पुरी ने बताया कि सभी व्यापारियों ने निर्णय लिया है कि 27 से 29 जून तक सभी व्यापारी ग्रीष्मकालीन अवकाश पर रहेंगे।

इस अवसर पर व्यापार मंडल के प्रदेश प्रभारी प्रमोद वर्मा, उपप्रधान नवीन पुरी, कपड़ा प्रधान सोमनाथ कौशल, टेलर यूनियन चेयरमैन दविंद्र कुमार, प्रधान सुरजीत सैणी, उपप्रधान ठाकुर भाग सिंह, महासचिव हेमंत कुमार, कास्मेटिक प्रधान तरुण पुरी, चेयरमैन संजीव कुमार, शू एसोसिएशन के चेयरमैन रविंद्र अरोड़ा, प्रधान राघव पुरी, रेडिमेट चेयरमैन रमेश मेहता, सलाहकार पंकज पुरी, उपप्रधान नीरज पुरी, पंकज अरोड़ा सहित अन्य उपस्थित रहे।



व्यापार मंडल के सदस्य बैठक के दौरान विभिन्न मुद्दों को लेकर विचार-विमर्श करते हुए।

**व्यापार मंडल गैर राजनीतिक संगठन**

**व्यापार** मंडल के महासचिव रघु पुरी ने कहा कि ऊना का व्यापार मंडल एक पूर्णतः गैर-राजनीतिक संगठन है, जिसका उद्देश्य केवल व्यापारियों के हितों की रक्षा करना और उनके सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए कार्य करना है। उन्होंने कहा कि व्यापार मंडल में शामिल सभी व्यापारी अपने-अपने व्यक्तिगत राजनीतिक विचार रखते हैं, लेकिन व्यापार मंडल की गतिविधियों में राजनीति का कोई स्थान नहीं होता। प्रदेश में सरकार चाहे किसी भी राजनीतिक दल की हो, व्यापार मंडल सदैव एकजुट रहकर सभी व्यापारियों के हितों को सर्वोपरि मानते हुए कार्य करता रहेगा।

## वरिष्ठ नागरिकों ने ऊना शहर में अतिक्रमण का किया विरोध

**अनंत ज्ञान, ऊना**

अरनियाला सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के एक्यूटिव सदस्यों की अरनियाला गांव में बैठक वरिष्ठ नागरिक भवन में प्रधान राजेश सैनी की अध्यक्षता में हुई। इसमें एसोसिएशन के महामंत्री देवराज सैनी, उपप्रधान राजिंद्र शर्मा, रामपाल धीमान, श्रीमती संतोष सैनी, एससी शर्मा, धन्ना राम, स्वर्ण राय, मदन लाल धीमान, लाज कुमार सैनी, जोगिंदर लाल सैनी, जोगिंद्र सिंह दरोच इत्यादि ने भाग लिया। सर्वप्रथम हाल ही परलोक सिधारे अपने साथी सरवन सिंह पूर्व कोषाध्यक्ष, गुलजारी लाल और हवाई दुर्घटना में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया तथा श्रद्धांजलि अर्पित की।

इसके बाद बैठक में वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं और उनके समाधान बारे विस्तार से चर्चा हुई। ऊना मे अतिक्रमण के कारण आम जनता के लिए चलने के लिए जगह नहीं है, मजबूरीवश जनता को जान जोखिम में डाल कर सड़क पर चलना पड़ रहा है। इस वजह से कई लोग बिन मौत, सड़क दुर्घटनाओं के कारण मर चुके हैं, जख्मी हो चुके हैं। आम जनता के लिए सुरक्षित चलने की जगह की यह मांग, वरिष्ठ नागरिक समय पर करते रहे हैं। इस बार इस पुण्य कार्य का मुद्दा 'जन हित मोर्चा ऊना' ने उठाया है, नगर निगम ऊना, शासन और प्रशासन भी आम जनता के हित में कोशिश कर रहे हैं। वरिष्ठ नागरिक इस मुहिम का पूर्ण समर्थन करते हैं, प्रशंसा करते हैं और व्यापारी वर्ग से अपील करते हैं कि, अपने खुद के ऊना वासियों और ग्राहकों की समस्या को ध्यान में रख कर, हम सब से सहयोग करें।

**गंदे नाले-नालियों से गुजर रहीं पेयजल पाइपें**

**अरनियाला** लोअर गांव में कई जगह पर पीने की पाइपें गंदे नालों- नालियों में से गुजर रही हैं जो कि कभी भी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती हैं। सीवरेज की लाइन कई जगह पर बिछी नहीं है। कुछ जगह पर बिजली की तारें नीचे लटकी हुई हैं जो कि कभी भी हादसे का कारण बन सकती हैं। कूड़ा उठाने की भी समस्या है। कूड़ा उठाने वाले तीसरे-चौथे दिन आते हैं। स्ट्रीट लाइट कुछ जगह लगनाने की जरूरत है। पीने के पानी की भी समस्या है। इन सब के बारे में नगर निगम कमिश्नर एवं संबंधित अधिकारियों से मिलकर उक्त समस्याओं का समाधान कराया जाएगा।

## कुटलैहड़ भाजपा मंडल ने डॉ. मुखर्जी को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



भुट्टो व अन्य डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ के बंगाणा में स्थित भाजपा कार्यालय, बंगाणा में श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की 76वीं पुण्यतिथि पर एक विशेष श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन कुटलैहड़ भाजपा मंडल द्वारा बड़े ही प्रवाह और गरिमा के साथ किया गया, जिसमें कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो मुख्यतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने दिवंगत श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनकी दूरदर्शिता, बलिदान और राष्ट्रहित पर बल दिया। समारोह की शुरुआत भाजपा मंडल के अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़ की अध्यक्षता में हुई।

भाजपा कार्यालय बंगाणा में उपस्थित कार्यकर्ताओं, बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं, महिलाओं, युवा मोर्चा सदस्यों और स्थानीय गणमान्य नागरिकों ने भावभीन श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा नेता भुट्टो ने कहा कि श्रद्धेय स्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान की शहादत को भारत आज भी नहीं भूला है। इस अवसर पर कुटलैहड़ भाजपा मंडलाध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़, उपाध्यक्ष राजकुमार मनकोटिया, सूरम सिंह, प्यारे लाल के साथ अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## उपमुख्यमंत्री के निवास से निकली भव्य कलश यात्रा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

गोंदपुर जयचंद में सोमवार को भक्तिमय वातावरण में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा एवं ज्ञान महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। यह सात दिवसीय धार्मिक आयोजन स्वर्गीय प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री की आत्मिक शांति एवं मोक्ष की प्राप्ति हेतु आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम की शुरुआत उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के गोंदपुर स्थित निवास से निकाली गई भव्य कलश यात्रा के साथ हुई, जो गोंदपुर कम्युनिटी सेंटर तक पहुंची। इस पावन यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। पूरे मार्ग में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अनुपम संगम देखने को मिला। कथा स्थल पर पहुंचने पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कथा व्यास अनंत श्री विभूषित परम पूज्य संत स्वामी श्री राजेंद्र दास देवाचार्य जी महाराज का शाल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर उनकी पुत्री डॉ. आस्था अग्निहोत्री ने समस्त पूज्य संतों एवं ब्राह्मणों का पारंपरिक रूप से टोपी और शाल पहनाकर आत्मीय स्वागत किया।

प्रथम दिवस की कथा में स्वामी श्री राजेंद्र दास जी महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा श्रवण के माहात्म्य एवं फलश्रुति का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक रस में सराबोर किया। कथा के उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद एवं भंडारे का पावन लाभ प्राप्त किया। गौरतलब है कि यह श्रीमद् भागवत कथा 29 जून तक प्रतिदिन प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित की जाएगी।



मुकेश और उनकी पुत्री डॉ. आस्था कथा व्यास महाराज को सम्मानित करते हुए।

**श्रीमद् भागवत कथा एवं ज्ञान महायज्ञ का गोंदपुर जयचंद में भव्य शुभारंभ**

## ओलंपिक दिवस पर खेल गतिविधियां आयोजित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल ओलंपिक एसोसिएशन के सौजन्य से और जिला ओलंपिक संघ के तत्वावधान में सोमवार को ऊना में ओलंपिक दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर एमसी पार्क ऊना से ओलंपिक रैली शुरू की गई। इसमें खिलाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर इंदिरा ग्राउंड की ओर रवाना किया गया। रैली को हिमाचल ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने इस अवसर पर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ओलंपिक खेलों के प्रति जागरूकता और ओलंपिक मूल्यों के प्रचार का प्रतीक है।

इस कार्यक्रम में जिला ओलंपिक संघ के महासचिव राजेश कुमार, प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव, विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी, युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के समन्वयक उत्तम डोड, अन्य कोच, खेल प्रेमी और स्थानीय युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना का विकास करना और उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलों के लिए प्रेरित करना रहा। इंदिरा ग्राउंड में खिलाड़ियों और प्रतिभागियों के लिए विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। इंदिरा ग्राउंड में हॉकी, वॉलीबाल, एथलीट, थ्रो बॉल समेत अन्य खेलों के मैच भी आयोजित किए गए।

## पूर्व मंत्री कंवर ने डॉ. मुखर्जी को अर्पित किए श्रद्धासुमन

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

भारतीय जनसंघ के संस्थापक, महान राष्ट्रवादी चिंतक और अद्वितीय राजनेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के अवसर पर कुटलैहड़ के थानाकलां में एक भव्य श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय वॉलीबाल फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष वीरेंद्र कंवर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने डॉ. मुखर्जी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके जीवन एवं विचारों को जनमानस के लिए प्रेरणास्रोत बताया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों के साथ हुई।

भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय जनता ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को स्मरण किया। दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने न केवल भारतीय राजनीति में एक मजबूत राष्ट्रवादी विचारधारा की नींव रखी, बल्कि उन्होंने देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहुति भी दी। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने 'एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे' का नारा देकर जम्मू-कश्मीर को भारत में पूर्ण रूप से समाहित करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया।

उनका बलिदान आज भी हमें राष्ट्रीय अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम में भाजपा के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं अन्य सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। वीरेंद्र कंवर ने डॉ. मुखर्जी के जीवनवृत्त पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका योगदान भारतीय राजनीति में अविस्मरणीय है। उन्होंने शिक्षा, संस्कृति और राष्ट्रवाद के क्षेत्र में जो कार्य किए, वह आज भी प्रासंगिक हैं। कुटलैहड़ सेवा संगठन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में युवाओं की भी सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। मंच से वक्ताओं ने युवाओं से आह्वान किया कि वे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन से प्रेरणा लें और राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में दो मिनट का मौन रखकर डॉ. मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी गई। इसके पश्चात सभी उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए।

## धरती आबा जनभागीदारी अभियान के तहत बीटन पंचायत में विशेष शिविर 26 को

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना जिले के हरोली उपमंडल की ग्राम पंचायत बीटन में %धरती आबा जनभागीदारी अभियान% के अंतर्गत 26 जून को विशेष ग्राम सभा एवं सैचुरेशन कैंप का आयोजन किया जाएगा।

उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि यह अभियान केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार 15 से 30 जून तक देशभर में चलाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जनजातीय क्षेत्रों और विशेष रूप से सामाजिक-आर्थिक रूप से कमजोर समुदायों तक केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की शत-प्रतिशत जानकारी व लाभ पहुंचाना है।

इसी के तहत बीटन पंचायत में आयोजित होने वाले शिविर में आधार नामांकन एवं ई-केवाईसी, आयुष्मान भारत, पीएम किसान, जनधन योजना, सामाजिक सुरक्षा प्रमाण पत्र, राशन कार्ड जैसी सेवाएं प्रदान की जाएंगी। साथ ही स्वास्थ्य जांच, वृक्षारोपण इत्यादि गतिविधियां और योग सत्र एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित होंगी।

उपायुक्त ने बताया कि अभियान के सफल संचालन को लेकर सभी विभागों को निर्देश दिए गए हैं । उन्हें अपने प्रतिनिधियों को शिविर में अनिवार्य रूप से भेजने और समन्वित प्रयासों से लाभार्थियों को सेवाएं उपलब्ध करवाने को कहा गया है। साथ ही, सीएससी और स्वयं सहायता समूहों को भी डिजिटल सेवाओं और जनजागरूकता गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है।

उन्होंने बताया कि सभी विभागों को अपनी गतिविधियों से जुड़ी रिपोर्ट, कवरेज और फोटोग्राफ्स 1 जुलाई तक डीआरडीए ऊना को सौंपनी होगी। इसके अतिरिक्त, अभियान की व्यापक जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग पर भी बल दिया गया है।

## नशीली दवाओं के दुष्प्रभावों पर किया जागरूक

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**अंब।** नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के विरुद्ध अभियान के अवसर पर नगर पंचायत अंब के अंबेडकर भवन अंब में एक विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं और आमजन को नशे की लत के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और एक नशामुक्त समाज की दिशा में जनभागीदारी सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्षा इंदु धीमान ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा किनशीली दवाओं का सेवन न केवल व्यक्ति की शारीरिक और मानसिक सेहत को प्रभावित करता है, बल्कि उसके परिवार, समाज और देश की प्रगति में भी रुकावट डालता है।

इंदु धीमान ने बच्चों के अभिभावकों को अपने बच्चों पर खास ध्यान रखे का भी आग्रह किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विशेषज्ञों, समाजसेवियों और कई विभागों के अधिकारियों ने भी उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। उन्होंने नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान के बारे में बताया और नशा उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल दिया।

ड्रग इंस्पेक्टर रोहित शर्मा और अधिवक्ता सुमेधा ने भी जागरूकता सत्र में भाग लिया और कानून की दृष्टि से नशीली दवाओं की तस्करी और सेवन के दुष्परिणामों की जानकारी दी। ड्रग इंस्पेक्टर रोहित शर्मा ने बताया कि कुछ बच्चे डॉक्टर के द्वारा उपयोग मैं ले जाने वाली दवाओं का छुप कर उपयोग करते हैं जो कि कानूनी जुर्म है, ऐसे नशीली दवाओं के पकड़े जाने पर जुर्माना व सजा का प्रबंधन भी है। छात्रों और युवाओं ने इन गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और 'नशा मुक्त भारत' का संकल्प लिया। कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों ने सभी से अपील की कि वह नशे के विरुद्ध इस मुहिम का हिस्सा बनें और एक स्वस्थ, सुरक्षित और उन्नत समाज के निर्माण में अपना योगदान दें।

इस मौके पर अनिल कुमार डीडीएचई, संदीप कुमार ड्रग ऑफिसर, नगर पंचायत सचिव विपन कुमार, मतुल कुमार ब्लॉक कॉर्डिनेटर सीडीपीओ ऑफिस, प्रमोद कुमार कनिष्ठ अभियंता नगर पंचायत, मोहन लाल दत्ता व कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



नशीली दवाओं के दुरुपयोग को लेकर जागरूकता अभियान में शामिल प्रतिभागी।

### टक्का में मांगी विश्व शांति की प्रार्थना



**अनंत ज्ञान, ऊना।** टक्का के बाबा बालक नाथ मंदिर में वार्षिक हवन यज्ञ एवं झंडा रस्म अदा की गई। गांव के महिला मंडल द्वारा संकीर्तन किया गया और सेवादारों के द्वारा अटूट रोट प्रसाद तथा लंगर बांटा गया। सेवादारों सुनील, संजीव, दीपक, अमन, विजय, मोहन, जगमोहन और पंकज द्वारा सेवा की गई। हवन यज्ञ करके विश्व शांति की प्रार्थना की गई।

### किसान मक्की की करें बिजाई

**अनंत ज्ञान ऊना।** इन दिनों ऊना जिले में सिंचित इलाकों के साथ गैर सिंचित क्षेत्रों में खेतों में पर्याप्त नमी हो चुकी है। इसलिए किसान बिना किसी देरी के मक्की की फसल की बिजाई कर दें। अगले दिनों में भारी बारिशों का दौर शुरू हो जाएगा, जिससे किसान खेतों में अधिक नमी के कारण मक्की की फसल की बिजाई नहीं कर पाएंगे जिससे उन्हें अच्छी पैदावार नहीं मिल पाएगी।

**आयोजन** स्व. वीरभद्र सिंह की 91वीं जयंती पर कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने दी श्रद्धांजलि, बोले-

# हिमाचल के विकास में स्व. वीरभद्र का अहम योगदान

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** हिमाचल प्रदेश के विकास पुरुष, पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह की 91वीं जयंती के अवसर पर कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने स्व. वीरभद्र सिंह को हिमाचल प्रदेश का निर्माता बताते हुए कहा कि उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस मौके पर विवेक शर्मा ने विभिन्न सामाजिक एवं खेल गतिविधियों में भाग लेकर युवाओं को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने का संदेश भी दिया।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह ने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में छः बार हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पद को संभालते हुए जो कार्य किए वे ऐतिहासिक रहे हैं। राजा साहब का हिमाचल प्रदेश के विकास में जो योगदान रहा, वह अतुलनीय है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, उद्योग, पर्यटन और बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों में जो कार्य किए, उनकी वजह से आज हिमाचल एक उन्नत राज्य के रूप में स्थापित है। इस मौके पर कमेटी अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, पूर्व प्रधान महिंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह वेली, रविंदर फौजी के अलावा प्रशासनिक अधिकारी एवं गणमान्य मौजूद रहे।

**वहीं,** विधायक विवेक शर्मा ने कुटलैहड़ के रायपुर मैदान में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने आयोजकों को 5100 का अंशदान भी दिया और उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करती हैं और पारंपरिक खेलों को जीवित रखने में मदद करती हैं।

**युवाओं को दी वॉलीबॉल किटें :** स्व. वीरभद्र सिंह की जयंती पर विधायक विवेक शर्मा ने सामाजिक सरोकारों की दिशा में भी एक अहम कदम उठाया। उन्होंने लठियाणी क्षेत्र की वॉलीबॉल टीम को खेल किट प्रदान कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और युवाओं से आग्रह किया कि वे नशे से दूर रहें और खेलों को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं।

**कुटलैहड़ विस क्षेत्र की जतना का घर-द्वार पर हो रहा समस्याओं का समाधान :** विधायक शर्मा ने इस मौके पर कहा कि वे कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि स्व. वीरभद्र सिंह की कार्यशैली से प्रेरणा लेते हुए वह हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना मेरी प्राथमिकताएं हैं। सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए प्रशासनिक अमले को सक्रिय किया गया है।



विधायक विवेक शर्मा वॉलीबाल टीम के खिलाड़ियों के साथ।

### बसाल में बिजली कर्मियों की कमी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती कुटलैहड़ के बसाल में लगभग तीन वर्ष पहले खोली गई बिजली बोर्ड की सब डिवीजन स्टाफ की कमी से जूझ रही है। सब-डिवीजन के कर्मियों पर अतिरिक्त काम का बोझ है। पिछली सरकार ने जिले में हर विभाग के उपमंडलों की संख्या बढ़ा दी गई थी, ताकि लोगों को उनके क्षेत्र में सुविधा मिल सके। घोषणा पूरी करने के लिए आनन-फानन में विधानसभा चुनावों से ठीक पहले एक दो कमरों में दफ्तर खोल दिए गए। स्टाफ के बगैर शुरू हुए दफ्तरों में अब लोगों को काम कराने में परेशानी आ रही है।

स्थानीय लोगों ने सरकार से जोरदार मांग उठाई है कि खाली पड़े हुए बिजली बोर्ड के इस सब-डिवीजन के सभी खाली पद जल्द भरे जाएं ताकि जनता और गिने-चुने स्टाफ को कुछ राहत मिल सके।

# विकास के लक्ष्यों को समय पर पूरा करें अधिकारी : कंगना




कुल्लू में आयोजित दिशा की बैठक की अध्यक्षता करती हुईं सांसद कंगना रनौत व विभागीय अधिकारी।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

कुल्लू जिले में सोमवार को जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की त्रैमासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए लोकसभा सांसद मंडी संसदीय क्षेत्र कंगना रनौत ने अधिकारियों से विकास के लक्ष्यों को समय के भीतर पूरा करने निर्देश दिए।

उन्होंने केंद्र सरकार प्रायोजित योजनाओं की समीक्षा करते कहा कि समिति के गैर-सरकारी सदस्यों द्वारा उठाए गए मामलों को गंभीरता से तथा इनका जल्द निपटान सुनिश्चित करें, ताकि लाभार्थी और आम जनता को इन योजनाओं से लाभ हो सके। लंबित कार्यों को जल्द पूरा करने का निर्देश देते हुए सांसद ने कहा कि लक्ष्यों को समय पर पूरा न करने के कारण योजनाओं और विकास का लाभ समय पर लोगों को नहीं मिल पाता, इसलिए हमेशा यह कोशिश की जानी चाहिए कि विकास योजनाओं का क्रियान्वयन समय से और सही ढंग से हो। बैठक की कार्रवाई का संचालन परियोजना अधिकारी डीआरडीओ जयवंती ठाकुर ने किया। बैठक में पुलिस अधीक्षक कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन, अतिरिक्त जिला उपायुक्त, गैर सरकारी अधिकारी तथा समस्त विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि जिले में वर्तमान में 3308 स्वयं सहायता समूह कार्यशील हैं, जिन्हें कुल 3 लाख की निधि स्टार्ट अप फंड के रूप में प्रदान की जा चुकी है। इन सहायता समूहों में काफी महिलाएं जुड़ी हैं और इन्हें अपनी आजीविका अर्जन के लिए ऋण प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह बैठक बहुत महत्वपूर्ण है और अधिकारी इसे गंभीरता से लेते हुए सभी लंबित कार्यों को जल्द पूरा करने का प्रयास करें। उन्होंने बिजली, पानी, और सड़कों से संबंधित सदस्यों द्वारा सदन में रखी गई समस्याओं को गंभीरता से विचार कर समाधान करने के निर्देश दिए।

## सुझावों का अक्षरशः पालन किया जाएगा सुनिश्चित

**डीसी** ने सांसद एवं विधायक गण का स्वागत किया तथा आश्वस्त किया कि समिति द्वारा दिए गए सुझावों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाएगा तथा भविष्य में विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों के प्रभाव की भी समीक्षा की जाएगी।

## 1 करोड़ 43 लाख रुपए से विभिन्न कार्य पूर्ण

**अमृत** योजना में 1 करोड़, 43 लाख रुपए से विभिन्न कार्य पूर्ण किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत 48 करोड़ व्यय कर 13 सिंचाई योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं, जिनमें से अभी तक 42.68 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं तथा 9 स्कीमें पूर्ण हो चुकी हैं।

## डंपिंग साइट का मुद्दा उठा

**इस** मौके पर कुछ सदस्यों ने कूड़े के निष्पादन के लिए प्रभावी प्रबंध करने की समस्या का मुद्दा उठाया। जल जीवन मिशन के तहत जिले में 171 करोड़ रुपए की 146 योजनाएं मंजूर की गई हैं, जिनमें से 107 के कार्य पूर्ण हो गए हैं तथा शेष का कार्य प्रगति पर है।

## पीएम ग्रामीण सड़क योजना के तहत खर्च हुए 48 करोड़

**प्रधानमंत्री** ग्रामीण सड़क योजना के तहत कुल 48 करोड़ रुपए खर्च कर सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा है। 13 करोड़ रुपए से सैंज में दो पुलों के निर्माण के लिए स्वीकृति मिल चुकी है।

## शाढ़ाबाई बाइपास पर फ्लाईओवर निर्माण जल्द करें

**उन्होंने** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को गैर-सरकारी सदस्यों द्वारा उठाए मामलों का मौके पर निरीक्षण करने के निर्देश दिए, ताकि लोगों की समस्याओं का जल्द हल किया जा सके तथा निर्देश दिए कि शाढ़ाबाई बाइपास पर फ्लाईओवर निर्माण के कार्य को जल्द आरंभ करें।

### हम सनातनी, हमारे बच्चों को बचपन से श्रीमद्भागवत गीता की हो जानकारी

# स्कूलों में प्राइमरी से शुरू हो योग

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान

कुल्लू। हिमाचल प्रदेश के मंडी लोकसभा क्षेत्र की सांसद कंगना रनौत ने कहा कि प्रदेश के स्कूलों में पाठ्यक्रम के साथ-साथ योग, शास्त्रीय संगीत सहित श्रीमद्भागवत गीता एवं पुराणों के विषय को प्राइमरी से ही शुरू करने की पहल होनी चाहिए।

यह बात उन्होंने सोमवार को कुल्लू में आयोजित दिशा की बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों को इन विषयों की जानकारी बचपन में नहीं मिल रही। बेशक बच्चों को समय-समय पर शिक्षा विभाग इन विषयों बारे जागरूक करता है, लेकिन यह भी छोटी कक्षाओं में नहीं, बल्कि बड़े बच्चों को जानकारी दी जाती है। उन्होंने इन सभी महत्वपूर्ण विषयों पर अन्य विषयों की तरह अलग से कक्षा में एक पीरियड शामिल करने पर बल दिया, ताकि बच्चे बचपन से ही योग से निरोग होने और इसके फायदों को जान सकें। उन्होंने कहा कि हम सनातनी हैं और हमारे बच्चों को व्यवहारिक शिक्षा के साथ-साथ छोटे बच्चों को शुरू से ही श्रीमद्भागवत गीता, शास्त्रीय संगीत सहित अन्य पुराणों की भी जानकारी होना बेहद जरूरी है। इसको लेकर वह केंद्र सरकार को प्रपोजल भेजेंगी। वहीं, उन्होंने कहा कि पिछड़ चुके प्रदेश को केंद्र सरकार के सहयोग की जरूरत है और इसको लेकर वह केंद्र में बातचीत कर रही हैं।

कुल्लू में आयोजित दिशा की बैठक में उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को लेकर अधिकारियों के साथ चर्चा की कि प्रदेश का ओवरऑल विकास कैसे किया जा सकता है और योजनाओं को धरातल पर उतारना कैसे सुनिश्चित किया जा सकता है। केंद्र सरकार से ओवरऑल डेवलपमेंट को लेकर अनुरोध किया जाएगा। हालांकि, केंद्र सरकार ने हिमाचल में बड़ी स्कीमें लागू की हैं, लेकिन फिर भी हम पहले से जितने पिछड़ गए हैं, उसके लिए उनके सहयोग की जरूरत रहेगी। दिशा की बैठक में राज्य सरकार व केंद्र सरकार द्वारा चल रही विकास परियोजनाओं पर चर्चा की, उनका विवरण लिया और उन्हें बेहतर बनाने के लिए सुझावों पर भी चर्चा की।

## मलाणा सड़क लोनिवि के अधीन की जाए : सुंदर

**बैठक** के दौरान विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने 16 किलोमीटर तक मलाणा सड़क को लोक निर्माण को सौंपने का सुझाव दिया। विधायक ने इसके अलावा और भी महत्वपूर्ण मुद्दों को सांसद के समक्ष प्रमुखता से उठाया और उनके समाधान की मांग की।

## लारजी में स्थापित हो बिजली सब-स्टेशन : शौरी

**विधायक** सुरेंद्र शौरी ने लारजी में बिजली सब स्टेशन स्थापित करने की जरूरत पर बल दिया, ताकि यहां कम बोल्टेज की समस्या से छुटकारा मिल सके।

## आनी की सड़कों को किया जाए दुरुस्त : लोकेंद्र


**आनी** के विधायक लोकेंद्र ने कहा कि आनी विधानसभा क्षेत्र में सड़कों की हालत बेहद खस्ता है। इस कारण पर्यटकों सहित आम जनता को दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। उन्होंने सांसद के समक्ष आनी की सड़कों को दुरुस्त करवाने बारे निर्देश देने की बात कही।

## विभिन्न कार्यों के बारे में बताया

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। कुल्लू जिले में जिला स्तरीय बिजली कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए लोकसभा सांसद मंडी संसदीय क्षेत्र कंगना रनौत ने बिजली बोर्ड को बिजली वितरण व्यवस्था के लिए भूमिगत केबल के माध्यम से बिजली आपूर्ति करने के लिए एक परियोजना प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए पहले पायलट आधार पर एक सर्वेक्षण करें, ताकि भविष्य में इस विधि को अपनाया जा सके। बैठक में रीवेंप्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों के बारे में जानकारी हासिल की। अधीक्षण अभियंता रूप सिंह ने परियोजना के अंतर्गत प्रस्तावित विभिन्न कार्यों के बारे में अवगत करवाया। बैठक में विधायक सुंदर सिंह ठाकुर, विधायक सुरेंद्र शौरी, विधायक अनुराधा राणा, डीसी तोरुल रवीश सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे।

# कुल्लू-मनाली हवाई अड्डे पर की मॉक ड्रिल

अनंत ज्ञान, भुंतर



कुल्लू-मनाली हवाई अड्डे पर मॉकड्रिल के दौरान सुरक्षा कर्मी आग बुझाते हुए।

हाल ही में घटित विमान दुर्घटना के मद्देनजर नागरिक उड्डयन महानिदेशालय और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा सभी हवाई अड्डों को आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश जारी किए हैं।

इसी क्रम में सोमवार को कुल्लू-मनाली हवाई अड्डे पर एक पूर्ण पैमाने की मॉक ड्रिल (आपातकालीन अभ्यास) का सफल आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान एक परिकल्पित विमान दुर्घटना की स्थिति उत्पन्न की गई। इसमें दमकल सेवा, चिकित्सा दल, एटीसी, सुरक्षा बलों एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा तत्काल और समन्वित प्रतिक्रिया दी गई। राहत एवं बचाव कार्यों को निर्धारित समय के भीतर सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया और यात्रियों को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। घटना स्थल पर फायर फाइटिंग, प्राथमिक उपचार, घायलों की त्वरित शिफ्टिंग और भीड़ नियंत्रण आदि सभी पहलुओं का यथार्थपरक अभ्यास किया गया। इस संयुक्त मॉक ड्रिल में अग्निशमन विभाग, स्थानीय अस्पताल, सीआईएसएफ, एटीसी, सुरक्षा शाखा, एयरपोर्ट प्रचालन विभाग समेत सभी हितधारकों की सक्रिय सहभागिता रही। एयरपोर्ट निदेशक सिद्धार्थ कुमार द्वारा पूरे अभ्यास की निगरानी की गई। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की मॉक ड्रिल से सभी एजेंसियों के मध्य आपसी समन्वय एवं त्वरित कार्रवाई की क्षमता का परीक्षण होता है, जो किसी भी वास्तविक आपात स्थिति में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होती हैं। अभ्यास के दौरान सीआईएसएफ, एयरपोर्ट के सभी विभागाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## डीएवी मौहल ने मनाया मेला उत्सव

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। जिला कुल्लू के मौहल में स्थित डीएवी मौहल कुल्लू में वार्षिक मेले के उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों, अभिभावकों सहित मौहल क्षेत्र के अधिकतर निवासियों की एक बड़ी भीड़ इकट्ठा हुई। इस कार्यक्रम में स्कूल की जीवंत भावना और सभी के लिए मजेदार और आकर्षक वातावरण को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता का प्रदर्शित किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि विद्यालय के अध्यक्ष इंजीनियर विनोद देवी चंद शामिल रहे, जिन्होंने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा में चार चांद लगा दिए। मुख्यातिथि व प्रधानाचार्य रणधीर ने इस अवसर को सफल बनाने के लिए परिसर में उपस्थित मुख्यातिथि तथा सभी अभिभावकों का तहेदिल से स्वागत कर धन्यवाद किया तथा आशा व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी इस तरह की गतिविधियां विद्यालय के प्रांगण में आयोजित की जाएं, ताकि बच्चों का शिक्षा के साथ-साथ सर्वांगीण विकास भी हो सके। इस उत्सव में विभिन्न प्रकार के खाद्य स्टॉल शामिल रहे। माता-पिता व सभी आगंतुकों ने स्वादिष्ट व्यंजनों की बहुत सराहना की। सभी ने भोजन की विविधता तथा गुणवत्ता का आनंद लिया।

# मनाली में वाहन पार्किंग के नाम पर हो रही लूट

### पार्किंग संचालक वसूल रहे मनमाने पैसे, पर्यटकों सहित वाहन चालकों में रोष

एम बोकटापा, अनंत ज्ञान




**मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली में आज-कल पर्यटकों का आना-जाना दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है, जिससे मनाली में गाड़ियों की पार्किंग करने में पर्यटकों के साथ-साथ स्थानीय लोगों को भी दिक्कतें पेश आ रही हैं।

आलम यह है कि कुछ पार्किंग वाले इस समय पार्किंग के नाम पर पर्यटकों व स्थानीय लोगों को लूट रहे हैं। पार्किंग वालों की मनमानी के कारण वाहन चालकों को दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। वहीं, पर्यटकों में भी भारी रोष है। पर्यटकों के अनुसार मनाली में पार्किंग संचालक वाहन पार्किंग के अधिक पैसे लोगों से वसूल रहे हैं। सर्दियों के दिनों में यही पार्किंग वाले 50 रुपए दिन भर गाड़ियां खड़ी रखने के लिए वसूल करते हैं, जैसे ही पर्यटक सीजन मनाली में शुरू होता है, वैसे ही यह मनमाना पार्किंग फीस दो घंटे के लिए 50 रुपए है। उसके बाद 20 रुपए प्रति घंटे के हिसाब से चार्ज किया जाएगा। उन्होंने पार्किंग वालों को रसीद पर समय निर्धारित दाम वसूल करना शुरू कर देते हैं, जिस से कई बार इन लोगों से बहस भी हो जाती है। ऐसा ही वाक्य सोमवार को देखने को मिला। मनाली नगर परिषद की पार्किंग के पास एक निजी कार चालक से करीब चार घंटे का 50 रुपए की जगह 100 रुपए वसूला गया, जबकि रसीद में कहीं भी समय नहीं दर्शाया गया, जब इस बारे में नगर परिषद अध्यक्ष मनोज लारजे से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि करने के निर्देश दिए हैं। हैरानी इस बात की है कि जब सर्दियों में मनाली की सड़कों पर कोई नहीं नजर आता, तो 50 रुपए दिन भर के क्यों लिए जाते हैं और पर्यटक सीजन में यह तीन चार गुना क्यों हो जाता है। स्थानीय लोगों व पर्यटकों के अनुसार नगर परिषद को बारह महीना एक ही फीस वसूल करनी चाहिए, ताकि स्थानीय लोगों को भी पता चल सके और पार्किंग वालों से भी कोई बहस न हो।

# मुख्यमंत्री का प्रयास प्रदेश के प्रत्येक पात्र व्यक्ति को पहुंचे योजनाओं का लाभ : कंवर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू



नरदेव सिंह कंवर व उनके साथ कुल्लू के विधायक और अन्य गणमान्य लोग।

वर्तमान प्रदेश सरकार ने भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड की योजनाओं को पात्र लोगों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया है। मुख्यमंत्री सुक्खू के दिशा-निर्देशों में इन योजनाओं को जरूरतमंद और पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए बोर्ड त्वरित कार्रवाई कर रहा है।

बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने कुल्लू देवसदन में आयोजित जागरूकता शिविर कार्यक्रम में यह बात कही। वह यहां एक जागरूकता कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए। इस दौरान उन्होंने पंचायत जन प्रतिनिधियों से भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगारों के दस्तावेजों को सत्यापित करने और बोर्ड में पंजीकृत करने की अपील की। उन्होंने कहा कि 90 दिन मनरेगा में निर्माण कार्य करने वाले कामगार भी बोर्ड के तहत पंजीकरण के लिए पात्र होंगे। कंवर ने कहा कि आवास योजना के तहत 1.50 लाख रुपए और दिव्यांग, तलाकशुदा एवं एकल नारी के लिए भवन निर्माण को 3 लाख रुपए राशि बोर्ड के पंजीकृत कामगारों को प्रदान की जा रही है। बोर्ड के तहत पंजीकरण एवं योजनाओं का लाभ लेने के लिए मजदूरों को 90 दिन मनरेगा के तहत भवन निर्माण या अन्य सन्निर्माण कार्य दिवस होने चाहिए। कार्यक्रम के आयोजकों ने बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर और स्थानीय विधायक सुंदर सिंह ठाकुर एवं अन्य गणमान्यों को सम्मानित किया। इस अवसर पर इंटक प्रधान खिमी राम, निदेशक सिविल सप्लाई विक्रम शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष हेम सिंह ठाकुर, निदेशक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के निदेशक किशन सिंह ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## अवैध होर्डिंग हटाने की मुहिम शुरू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। नगर परिषद कुल्लू ने शहर में अवैध होर्डिंग को हटाने की मुहिम शुरू कर दी है। सोमवार को नगर परिषद ने ढालपुर व आसपास करीब 40 से अधिक होर्डिंग को हटाया। होर्डिंग को लोगों ने कहीं बिजली और अन्य खंभों में लगाया हुआ था। शहर में पेड़ों पर भी कई लोगों ने इन्हें लटकाया हुआ था। सोमवार को नगर परिषद के कर्मचारी होर्डिंग हटाने के लिए निकले। ढालपुर के आसपास होर्डिंग को निकालकर नगर परिषद कुल्लू की गाड़ी में डाला गया। हालांकि, कुछ महीने पहले भी नगर परिषद ने शहर में अवैध रूप से लगे होर्डिंग को हटा दिया था, इसके बाद एक बार फिर लोगों ने इन्हें बिना अनुमति के ही लगा दिए हैं। जगह-जगह नजर आने वाले होर्डिंग शहर की सुंदरता पर ग्रहण लगा रहे हैं। नगर परिषद कुल्लू के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत ने कहा कि शहर में अवैध रूप से लगाए होर्डिंग को हटा दिया गया है। इस तरह की कार्रवाई नगर परिषद की ओर से जारी रहेगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने में सहयोग करें।




# कनोई नाले पर बन रहे हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट के विरोध में उतरे लोग

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल

जिला कुल्लू की उझी घाटी में ग्राम पंचायत करजां के ग्रामीण कनोई नाले पर बन रहे मिनी हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट के खिलाफ लामबंद हो गए।

सोमवार को ग्राम पंचायत करजां की ग्राम सभा में ग्रामीणों ने इस हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट का विरोध किया। ग्रामसभा की अध्यक्षता करजां पंचायत प्रधान आशा देवी ने की। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा में प्रमुख मुद्दा कनोई नाला पर लगाए जा रहे प्रोजेक्ट का रहा। आधा दर्जन से अधिक गांव के लोगों ने इसका विरोध जताया। उन्होंने कहा कि कनोई नाले में जल की मात्रा व बहाव सीमित है, जिसका उपयोग ग्राम पंचायत करजां के 5 गांव के ग्रामीणों द्वारा किया जाता है। प्रोजेक्ट लगाए जाने से जल की मात्रा और अधिक सीमित हो जाएगी। इस प्रोजेक्ट के लगने से भविष्य में पेयजल आपूर्ति करना मुश्किल हो जाएगा। यह नाला देव परंपराओं से जुड़ा हुआ है। सजला के भगवान विष्णु द्वारा इसकी कूहल को तोड़ने तथा भगवती दोचा-मोचा करजां द्वारा इस कूहल को जोड़ने की परंपरा सैकड़ों वर्षों से निभाई जाती रही है। प्रोजेक्ट देव परंपरा में बाधक बनेगा। कृषि के लिए सिंचाई का एकमात्र स्रोत कनोई नाला है। ग्राम पंचायत सोयल के लोगों के भी बहुत से खेत इन क्षेत्रों में पड़ते हैं जो, कनोई नाला के जल पर ही आश्रित हैं। प्रोजेक्ट के लगने से जल का बहाव नियंत्रित किया जाएगा, ऐसे में सूखे जैसे स्थिति का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत करजां द्वारा इस प्रोजेक्ट के लिए कोई अनापत्ति पत्र प्रदान नहीं किया गया है। वर्तमान ग्राम पंचायत को इस प्रोजेक्ट के बारे में प्रोजेक्ट प्राधिकरण या अन्य किसी के द्वारा सूचित नहीं किया गया है। वहीं, ग्रामीणों के द्वारा प्रोजेक्ट के विरोध के बाद कई तरह की चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। इस दौरान ग्राम पंचायत उपप्रधान अमर राणा, बीडीसी तारा देवी आदि मौजूद रहे।

## जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग। जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के उपमंडल उदयपुर की पंचायत तिंदी में जनजातीय गौरव वर्ष के तहत धरती आभा जनजातीय अभियान जागरूकता और लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वास्थ्य, आयुष, पशु पालन, राजस्व, तहसील कल्याण, महिला एवं बाल विकास, खंड विकास कार्यालय, कृषि व बागवानी विभागों द्वारा लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। स्थानीय लोगों ने भी इन शिविरों का भरपूर लाभ उठाया। इसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए चिकित्सा शिविर में स्वास्थ्य जांच करवाई। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आने वाले स्थानीय ग्राम पंचायत लगभग 20 लाभार्थियों के राशनकार्डों की ई-केवाईसी की गई। लोगों द्वारा राजस्व विभाग से विभिन्न प्रमाण पत्र, बागवानी विभाग द्वारा उद्यान कार्ड, 18 ग्रामीणों के आधार कार्ड अपडेट करवाने का कार्य किया गया। आयुष विभाग द्वारा आयोजित चिकित्सा शिविर में 21 व्यक्तियों का परीक्षण किया गया और निशुल्क दवाइयां वितरित की गई। परियोजना अधिकारी एकीकृत जनजातीय विकास लाहौल अकांक्षा शर्मा ने बताया कि जनजातीय गौरव वर्ष के तहत 25 जून को ग्राम पंचायत उदयपुर में धरती आभा जनजातीय अभियान जागरूकता और लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान स्थानीय ग्राम पंचायत के निवासियों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आयोजन — स्फूर्ति योजना के तहत पारंपरिक कारीगरों को सशक्त बनाने को लेकर कार्यशाला आयोजित

# 130 कारीगरों को बताए स्फूर्ति योजना के फायदे

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

जिला मुख्यालय के जिम्नेजियम में पारंपरिक उद्योगों के उत्थान और विकास को लेकर एकदिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता उपमंडलाधिकारी केलांग आकांक्षा शर्मा ने की।

उन्होंने बताया कि यह कार्यशाला भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा प्रायोजित स्फूर्ति योजना के अंतर्गत आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों को संगठित कर उन्हें स्थायी रोजगार, प्रशिक्षण, आधुनिक उपकरण तथा विपणन सहयोग उपलब्ध कराना है। जिले के स्वयं सहायता समूह क्लस्टर बनाकर इस महत्वकांक्षी स्फूर्ति योजना का लाभ उठाकर जिले में निर्मित हो रहे विभिन्न हस्तशिल्प, हथकरघा एवं स्थानीय लघु उद्योग व्यवसायों के स्तर को बढ़ा सकते हैं। कार्यशाला में तोत, मियाड़ व पटन वैली सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों से 130 से अधिक कारीगरों ने भाग लिया। इनमें स्वयं सहायता समूहों की सदस्याएं, गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि और विभिन्न हस्तशिल्प एवं लघु उद्योगों से जुड़े उद्यमी शामिल रहे। उद्योग विभाग के महाप्रबंधक सन्नी ग्रैक, प्रबंधक उद्योग राजेश शर्मा, खंड विकास अधिकारी डॉ. विवेक गुलेरिया, वनमंडलाधिकारी अनिकेत मारुति वानवे विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यशाला में स्फूर्ति योजना के प्रमुख उद्देश्यों जैसे कि पारंपरिक कौशलों को प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए उन्हें समूहों में व्यवस्थित करना, कारीगरों को निरंतर रोजगार उपलब्ध कराना, डिजाइन हस्तक्षेप और पैकेजिंग के माध्यम से उत्पादों की विपणन क्षमता को बढ़ाना, प्रशिक्षण एवं एक्सपोजर दौरों द्वारा कौशल और क्षमताओं में सुधार लाना, सामान्य सुविधाओं, उन्नत उपकरणों और तकनीकों का प्रावधान करना, बहुउत्पाद क्लस्टरों का विकास, क्लस्टर शासन में हितधारकों की भागीदारी सुनिश्चित करना, आपूर्ति आधारित मॉडल से बाजार आधारित मॉडल की ओर तथा ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म को प्रमुख विपणन चैनल के रूप में उपयोग करने पर चर्चा की गई।

डीसी लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने स्फूर्ति की टीम का जनजातीय जिले में इस योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान करने व कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी लाहौल अनिकेत वानवे ने अपने विचार रखे तथा उपस्थित प्रतिभागियों को इस योजना से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। महाप्रबंधक उद्योग सन्नी ग्रैक ने कार्यक्रम के अंत में सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर वरिष्ठ परियोजना समन्वयक डॉ. वाशिल फिलिप, डॉ. गौरवदीप सिंह राज्य समन्वयक स्फूर्ति योजना, प्रबंधक स्फूर्ति ओमकार विधाते विशेष रूप से उपस्थित रहे।




पारंपरिक उद्योगों के उत्थान, विकास को लेकर आयोजित कार्यशाला के दौरान गणमान्य लोग।

## योजना की विशेषताओं पर प्रैजेंटेशन से दी जानकारी

**कार्यक्रम** में परियोजना समन्वयक विवेक तिवारी ने स्फूर्ति योजना की विशेषताओं पर विस्तृत प्रैजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुति दी और बताया कि यह योजना पारंपरिक उद्योगों से जुड़े कारीगरों को संगठित कर उन्हें प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता, आधुनिक डिजाइन और विपणन के माध्यम से सशक्त बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। इसके सार्थक परिणाम सूक्ष्म एवं लघु उद्यमियों को मिल रहे हैं। कार्यशाला में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने योजना से संबंधित उपयोगी जानकारी प्राप्त की और अपने विचार एवं सुझाव साझा किए। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि जिले में पारंपरिक कारीगरों की आजीविका को सशक्त बनाने और उनके उत्पादों को बाजार से जोड़ने के लिए स्फूर्ति योजना के माध्यम से हर प्रयास जारी रहेंगे।

### बजौरा स्कूल में जिला स्तरीय कुराश चैंपियनशिप का आयोजन

# ओवरऑल ट्रॉफी रही एलएलएस के नाम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बजौरा में जिला स्तरीय कुराश चैंपियनशिप का आयोजन किया गया।

चैंपियनशिप का शुभारंभ बजौरा स्कूल की प्रधानाचार्य कविता कपूर ने किया। बतौर मुख्यातिथि पधारी कविता कपूर ने जिला कुराश चैंपियनशिप में भाग लेने आए 260 खिलाड़ियों को शुभाशीष देकर अनुगृहित किया। विशिष्टातिथि के रूप में धीरज गुप्ता वरिष्ठ प्रवक्ता व बनीता प्रवक्ता अंग्रेजी उपस्थित रहे। हिमाचल प्रदेश मैच्योर एसोसिएशन ऑफ कुराश के बैनर तले यह कार्यक्रम करवाया गया। इसमें जिले भर के खिलाड़ियों ने भाग लिया और बेहतरीन प्रदर्शन कर सभी ने खूब पसीना बहाया। बच्चों को कुराश खेल से स्कूल गेम में भी फायदा मिलेगा। बजौरा स्कूल में आयोजित इस चैंपियनशिप में ओवरऑल ट्रॉफी का हकदार एलएलएस कलैहली रहा। ब्वॉयज पहले विजेता रहे, एचबीसीएस 15 मील ने दूसरा स्थान हासिल किया। एसवीएम बंजार ने तीसरा स्थान हासिल किया। जिला कुराश चैंपियनशिप के समापन अवसर पर खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी डीआर आनंद ने शिरकत की। इन्होंने खिलाड़ियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद के लिए प्रेरित किया।

वहीं, नशे से दूर रहने की सलाह दी। मुख्यातिथि डी. आर आनंद ने सभी प्रतिभागियों को पीठ थपथपाई और विजेताओं को मेडल व ट्रॉफी देकर खिलाड़ियों को सम्मानित किया। मुख्यातिथि ने अपनी ओर से आयोजकों को 11000 की प्रोत्साहित राशि प्रदान की।

इस मौके पर हिमाचल कुराश संगठन के उपाध्यक्ष तथा अंतरराष्ट्रीय रेफरी धनीराम प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा, हरदीप सिंह अंतरराष्ट्रीय रेफरी व प्रदेश महासचिव कुराश, पूर्व डीपीपीअसोसिएशन नरेंद्र कुमार जिला प्रधान कुराश, शारीरिक शिक्षक बुध राम कोषाध्यक्ष, हरीश कुमार प्रबंधन सचिव आदि उपस्थित रहे।



जिला स्तरीय कुराश चैंपियनशिप के विजेताओं के साथ गणमान्य लोग।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वस्थ रहने के पहलुओं की जानकारी दी

अनंत ज्ञान, कंडाघाट। उपमंडल की ग्राम पंचायत सायरी में आरोग्य भारती संस्था और वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ सायरी के संयुक्त तत्वाधान में वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य जांच और उपचार शिविर आयोजित किया गया। शिविर में वरिष्ठ नागरिकों के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने स्वास्थ्य जांच, उन्हें निशुल्क दवाएं वितरण की। इसके बाद उन्हें स्वस्थ रहने के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ सायरी ने सभी के लिए भोजन की व्यवस्था की। आरोग्य भारती संस्था ने सभी को स्वास्थ्य संबंधी प्रपत्र वितरित किए। शिविर में 60 वरिष्ठ नागरिकों का उपचार किया गया। शिविर के समापन में कल्याण संघ के प्रधान गोबिंद राम भारद्वाज ने आयोजक सहयोगियों और डॉक्टरों की सराहना की।

### बच्चों को नशे से दूर रखने की जानकारी दी



प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट। कंडाघाट उपमंडल की ग्राम पंचायत तुंदल के मुख्यालय कल्होग में सोमवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की बाल विकास परियोजना कंडाघाट और जिला विधिक प्राधिकरण सोलन के संयुक्त तत्वाधान में विधिक साक्षरता और बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ विषय पर जागरूकता शिविर आयोजित किया। इसमें उपमुख्य विधिक सहायता रक्षा अधिवक्ता एसएल कश्यप ने कानूनी सहायता प्राप्त करने और एनडीपीसी एक्ट की जानकारी दी। स्वास्थ्य सामुदायिक अधिकारी पिंकी ठाकुर, औषधि निरीक्षक सोलन प्रीति शर्मा, आयुष विभाग के प्रतिनिधि डॉ. यशपाल गर्ग ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग और बच्चों को नशे से दूर रखने की जानकारी दी। बाल विकास परियोजना कंडाघाट के वृत्त साधुपुल की पर्यवेक्षिका सुषमा शांडिल ने बेटी है अनमोल योजना के तहत बेटियों को एफडी वितरित की तथा बेटी जन्मोत्सव में 2 बेटियों वेधा तथा आराध्या को सम्मानित किया। उन्होंने विभाग की योजनाओं की जानकारी देते हुए बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बेटा-बेटी में भेदभाव करना सामाजिक कुरीति है, यह कानूनी रूप से दंडनीय भी है। इस मौके पर पंचायत प्रधान चित्रलेखा, पंचायत प्रतिनिधि, आयोजक विभागों के कर्मचारियों सहित 60 प्रतिभागी उपस्थित रहे।

### प्रिया ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर नाम किया रोशन



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मांझू पहुंचने पर प्रिया का स्वागत करते हुए

कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान, अर्की। उपमंडल अर्की के मांझू गांव में प्रिया चौहान पुत्री मेहरचंद माता कांता ने नीट की परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है, अब वह डॉक्टर की पढ़ाई के लिए एमबीबीएस की ट्रेनिंग करेंगी। इस बीच प्रिया चौहान पूर्व विद्यालय राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मांझू पहुंची, तो प्रधानाचार्य एवं अध्यापकों द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। प्रिया ने उपस्थित स्टूडेंट्स को अपनी सफलता के सफर के बारे में बताया, साथ ही उन्हें जिंदगी में सफल होने के लिए उत्साहित किया। उन्होंने छात्रों को अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर आगे बढ़ने के लिए कहा। उनका कहना है कि हमें कभी भी अपने लक्ष्य को आधे में नहीं छोड़ना है, कभी-कभी जब किसी लक्ष्य में समय लग रहा हो या मेहनत ज्यादा लग रही हो और मुकाम से आप थोड़ी दूर हो तो बहुत से बच्चे अपने लक्ष्य को आधे में ही छोड़ देते हैं। हमें सामाजिक कार्यों को करने के साथ ही अपनी पढ़ाई के लिए अच्छा खासा समय निकालना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के सभी अध्यापक व छात्र उपस्थित रहे।

### पांवटा साहिब का यमुना घाट बना आस्था का केंद्र

अनंत ज्ञान, नाहन। जिला सिरमौर के पांवटा साहिब उपमंडल के ऐतिहासिक यमुना घाट पर इन दिनों आस्था, श्रद्धा और जोखिम साथ-साथ बह रहे हैं। देशभर से हजारों श्रद्धालु उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड जैसे राज्यों से यहां पहुंच रहे हैं। वे यमुना नदी में आस्था की डुबकी लगाकर पापों से मुक्ति और मोक्ष की कामना कर रहे हैं। मान्यता है कि यमुना घाट में स्नान करने से पापों का नाश होता है और सुख-समृद्धि मिलती है, लेकिन हर साल यहां कई श्रद्धालुओं की डूबने से मौत भी हो जाती है। इस बार भी हालात अलग नहीं हैं क्योंकि पिछले एक सप्ताह में चार श्रद्धालु यमुना में डूबते-डूबते बचे। चौंकाने वाली बात यह है कि इन लोगों को बचाने वाला कोई सरकारी कर्मचारी नहीं, बल्कि घाट पर नमकीन बेचने वाला एक स्थानीय युवक है, जो खुद प्रशिक्षित नहीं है और न ही प्रशासन की ओर से अधिकृत, लेकिन यह युवक इन दिनों बहादुरी और इंसानियत की मिसाल बना हुआ है। घाट पर मौजूद रहते हुए वह लगातार नदी पर नजर रखता है और जैसे ही कोई संकट में दिखता है, बिना डर किए नदी में कूद जाता है। स्थानीय लोगों और मंदिर समिति ने प्रशासन से मांग की है कि घाट पर प्रशिक्षित गोताखोरों की स्थायी तैनाती की जाए। उनका कहना है कि हर साल कई लोगों की जानें जाती हैं और जब एक आम नागरिक बिना प्रशिक्षण के लोगों की जान बचा सकता है, तो प्रशासन कब जागेगा? बारिश के मौसम में यमुना का जलस्तर तेजी से बढ़ता है। ऐसे में गहराई और तेज बहाव जानलेवा साबित हो सकते हैं। इसके बावजूद घाट पर न तो चेतावनी बोर्ड, न लाइफ जैकेट्स और न ही सुरक्षा रस्सियों की कोई व्यवस्था है। श्रद्धालु भी सावधानियों को नजरअंदाज कर गहरे पानी में चले जाते हैं, जिससे हादसों का खतरा और बढ़ जाता है। स्थानीय लोग अब केवल जागरूकता नहीं, बल्कि ठोस सुरक्षा प्रबंधों की मांग कर रहे हैं।

# बड़ी बहन की मेहमानी कर वापस मंदिर लौटी माता शूलिनी

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान



राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल शूलिनी मेले की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए।

सोलन। राज्य स्तरीय मां शूलिनी मेले के अंतिम दिन माता शूलिनी देवी अपनी बड़ी बहन के यहां दो दिन रुकने के बाद वापस मंदिर लौट गई। मंदिर लौटते ही मेले का समापन भी हो गया।

इससे पहले तीसरे दिन गंज बाजार स्थित शक्ति पीठम में माता के दर्शन को श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। माता की विदाई के समय माहौल भाव-विभोर हो गया। वहीं, मेले की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने मेले का समापन किया। सोलन पहुंचने पर स्थानीय प्रशासन ने उनका स्वागत किया। राज्यपाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और उसके बाद नाइट कलचर शुरू हो गया। इस मौके पर राज्यपाल ने शूलिनी मेला कमेटी की सराहा। उन्होंने कहा कि इतने बड़े मेले को करवाने के लिए बहुत चुनौतियां आती हैं, लेकिन इसे जिला प्रशासन ने बेहतर ढंग से निभाया है। तीसरी और आखिरी सांस्कृतिक संध्या के बाद रविवार को इस मेले का समापन हो गया। वहीं शूलिनी मेले की तीसरी सांस्कृतिक संध्या बॉलीवुड सिंगर देव नेगी के नाम रही। उन्होंने अपनी गायकी से सभी का मनमोहन लिया। उन्होंने हिंदी गानों से माहौल बना दिया और एक से बढ़कर एक गीत गाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच पर आते ही उन्होंने अपना फेमस गाना तुझको बनाकर ले जाएंगे बद्री की दुल्हनिया से शुरुआत की। इसके बाद तो माहौल बंध गया। देव नेगी ने इसके बाद स्वीटी तेरा ड्रामा मचा दे हंगामा, शाही जोड़ा पहनकर आई जो बन ठन कर, ओ मेरी जोहरा जुबी मैंने तुझसे हसी कभी देखा ही नहीं जैसे एक से बढ़कर एक बॉलीवुड के गाने गाकर सभी दर्शकों को खूब नचाया। इससे पहले ईशान भारद्वाज ने भी हिंदी गाने गाकर माहौल बांध दिया। उनके गानों पर भी लोगों ने खूब ठुमके लगाए और मेले का लुत्फ लिया, जबकि तीसरी और आखिरी सांस्कृतिक संध्या में बीरबल किन्नौरा ने भी अपनी आवाज का जादू बिखेरा। उन्होंने कई पहाड़ी गाने गाए, जिसका दर्शकों ने खूब आनंद लेते हुए नाटी लगाई।

बीरबल किन्नौरा के पहाड़ी गीतों पर पूरा ठोडो मैदान झूमने लगा, जबकि स्टैंजिंग नोरागिज ने शूलिनी मेले की तीसरी सांस्कृतिक संध्या में खूब आनंद करवाया। उनके बॉलीवुड गानों पर लोगों को ठुमके लगाने ही पड़े, जबकि इसके अलावा सोलन के स्थानीय कलाकार अजय भारद्वाज ने भी माहौल बांध दिया। उन्होंने अपना भक्तिमय गाना गाकर सभी को माता शूलिनी की याद दिला दी। बता दें कि अजय भारद्वाज ने एक स्पेशल गीत माता शूलिनी मेले को लेकर ही गाया है। इसके अलावा उन्होंने कई और गाने भी गाए। इससे पहले भी कई स्थानीय कलाकारों को जिला प्रशासन ने अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका दिया। साथ ही सिरमौर के सिंहटू नृत्य भी दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहा। इसी बीच महिला कुश्ती का फाइनल मुकाबला आरजू पहलवान चंडीगढ़ और सुमित पहलवान के बीच खेला गया। इसमें आरजू पहलवान विजेता रही।

### 5 लाख रुपए से दुर्गा क्लब सोलन में टेनिस मैदान की होगी मरम्मत

अनंत ज्ञान, सोलन

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि खेलकूद, जहां व्यक्ति को शारीरिक रूप से मजबूत बनाते हैं। वहीं, मानसिक रूप से एकाग्र बनाते हैं। उन्होंने दुर्गा क्लब सोलन में टेनिस मैदान के मरम्मत कार्य के लिए 5 लाख रुपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर जोगिंद्रा बैंक के अध्यक्ष मुकेश शर्मा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शिव कुमार, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति नियम निदेशक मंडल के सदस्य जतिन साहनी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।





मां शूलिनी मेले की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में सिरमौर का सिंहटू नृत्य की प्रस्तुति।

## मकान मालकिन की हत्या कर निगला कीटनाशक

अनंत ज्ञान, सोलन

सदर थाना सोलन के अंतर्गत सलोगड़ा में एक सनसनीखेज वारदात सामने आई, जहां एक नेपाली मूल के व्यक्ति ने पहले तो अपनी मकान मालकिन की हत्या कर दी और उसके बाद स्वयं भी कीटनाशक निगल लिया।

आरोपी की नाजुक हालत देखते हुए उसे आईजीएमसी शिमला रेफर किया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार रविवार रात को सलोगड़ा निवासी देवेंद्र कुमार ने पुलिस थाना सदर सोलन में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि 22 जून को यह अपने घर से बाहर था और इसके पिता जो रेलवे विभाग में कार्यरत हैं, अपनी ड्यूटी पर गए थे। इस दौरान इसकी माता घर पर अकेली थी। उसने पुलिस को बताया कि पिछले करीब 1 वर्ष से इनके पास प्रेम नाम का एक नेपाली किराये पर रहता है। रात को जब यह घर वापस पहुंचे, तो इनकी माता निवासी गांव मथिया डाकघर सलोगड़ा उम्र 56 वर्ष घर पर नहीं थी। इस पर इन्होंने अपनी माता की तलाश करनी शुरू कर दी और जब ये लोग तलाश करते हुए प्रेम नेपाली के कमरे के बाहर पहुंचे, तो शक होने पर इन्होंने प्रेम नेपाली को आवाजें लगाई, लेकिन उसने आवाज नहीं सुनी। इस पर इन्होंने प्रेम नेपाली के कमरे का दरवाजा खोलना चाहा, तो दरवाजे के अंदर से कुंडी लगी थी। बार-बार आवाजें लगाने पर भी प्रेम नेपाली ने जब दरवाजा नहीं खोला, तो इन्होंने कमरे का दरवाजा तोड़ दिया, जब यह कमरा के अंदर गए तो देखा कि इसकी माता फर्श पर मृत अवस्था में पड़ी थी और इधर-उधर खून बिखरा पड़ा था। प्रेम नेपाली भी कमरे में ही लेटा हुआ था। शिकायतकर्ता ने पुलिस के समक्ष शक जाहिर किया कि नेपाली किरायेदार ने इसकी माता की हत्या की है। इस पर पुलिस थाना सदर सोलन में मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई।

#### नेपाली दिन से ही कर रहा था शराब का सेवन

एसपी सोलन गौरव सिंह ने बताया कि जांच के दौरान पाया गया कि आरोपी 22 जून को दिन से ही शराब का सेवन कर रहा था, जिसने मृतका को घर पर अकेला पाकर शराब के नशे में वारदात को अंजाम दिया। इतना ही नहीं इस वारदात को अंजाम देने के बाद खुद भी किसी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया, जो कि मौके पर ही अचेत अवस्था में पाया गया। आरोपी को बेहोशी की हालत में उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल सोलन ले जाया गया, जहां से उसे प्राथमिक उपचार देने के बाद आईजीएमसी शिमला रेफर किया गया। उन्होंने कहा कि मामले की गहनता से हर पहलू पर जांच जारी है।

## छात्राओं से छेड़छाड़ का आरोपी शिक्षक 3 दिन के पुलिस रिमांड पर

अनंत ज्ञान, नाहन

जिला सिरमौर में राजगढ़ ब्लॉक के जमा दो स्कूल में करीब दो दर्जन छात्राओं के साथ छेड़खानी व अन्य उत्पीड़न करने के आरोपी गणित विषय के शिक्षक को अदालत ने 3 दिन के पुलिस रिमांड में रखने के आदेश दिए हैं।

जिले के एसपी एनएस नेगी ने बताया कि राजगढ़ पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया। एसपी ने बताया कि पुलिस आरोपी शिक्षक से रिमांड के दौरान कड़ी पूछताछ करेगी और आरोपी के पिछले रिकॉर्ड को भी खंगालेगी, ताकि यह पता चल सके की जिन स्कूलों में शिक्षक की पोस्टिंग रही है, वहां छात्रों से उसका व्यवहार कैसा था। उधर, राजगढ़ से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी शिक्षक की पत्नी भी पेशे से सरकारी स्कूल में टीचर है और खुद आरोपी शिक्षक की दो बेटियां हैं।

गौरतलब है कि बीते दिन राजगढ़ ब्लॉक के पीएम श्री आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दो दर्जन छात्राओं के साथ छेड़खानी व दुर्व्यवहार के आरोप लगने के बाद गणित विषय के आरोपी शिक्षक राकेश के खिलाफ कार्रवाई करने को लेकर अभिभावकों ने जमकर प्रदर्शन किया था। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ एफआईआर राजगढ़ पुलिस स्टेशन में दर्ज की थी। शनिवार को उस समय बवाल मचा गया था जब स्कूल की 24 छात्राओं ने गणित के शिक्षक पर छेड़खानी व दुर्व्यवहार करने के गंभीर आरोप लगाए थे।

## भराड़ीघाट में कल बिजली रहेगी बंद

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट। बिजली उपमंडल दाड़लाघाट के अंतर्गत 11 केवी एचटी फीडर भराड़ीघाट की मरम्मत व लाइन के नजदीक पेड़ों की टहनियों की काट-छांट करने का कार्य किया जाएगा। इसके कारण भराड़ीघाट अनुभाग के अंतर्गत आने वाले कई गांव में 24 जून को बिजली आपूर्ति प्रातः 9 से सायं 6 बजे तक अवरुद्ध रहेगी। सहायक अभियंता ई. विमल अत्रि ने बताया कि चमाकड़ी, मजैड़, घ्याणा, दसेरन वाला, दसेरन जेरी, दसेरन नेरी, ललाणा, छेता, कालर जेरी, भुरजणी, आली, कालर वाला, हारड़ा, कनदरयाली, खड़ोग, कूंद, भराड़ीघाट, थाच, डीनन, क्यारड़, गानना, नालग, गरोड, चनारड़ी, आईपीएच लिफ्ट और आसपास के क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता ई. विमल अत्रि ने सहयोग करने की अपील की है।

## सिरमौर जिले की कस्तूरी बासमती फसल पर 'फुट रॉट' बीमारी का हमला

एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान



नाहन। सिरमौर जिले के निचले क्षेत्रों में उगाई जाने वाली कस्तूरी बासमती धान की फसल पर 'बकानी फुट रॉट' बीमारी का असर दिखाई दे रहा है। खेतों में फसल पीली और बौनी हो रही है, जिससे किसानों को उत्पादन में गिरावट की आशंका सताने लगी।

कृषि विज्ञान केंद्र धौलाकुआं के अनुसार यह रोग 'जिबरेला फुजीकोराई' नामक फफूंदी के कारण फैलता है। यह फसल की गुणवत्ता पर असर डालता है। रोगग्रस्त पौधे कमजोर हो जाते हैं और उनकी वृद्धि रुक जाती है। केंद्र के विशेषज्ञ डॉ. पंकज ने बताया कि इस बीमारी से बचने के लिए सबसे जरूरी है कि किसान प्रमाणित और रोग मुक्त बीज का इस्तेमाल करें। यदि फसल में रोग के लक्षण दिखें, तो उचित फफूंदनाशक का उपयोग कर इसे रोका जा सकता है। उन्होंने किसानों को सुझाव दिया कि कोई भी दवा प्रयोग करने से पहले कृषि विशेषज्ञों से परामर्श अवश्य लें। विशेषज्ञों ने कहा कि यह रोग बासमती की उपज और गुणवत्ता को नुकसान पहुंचा सकता है इसलिए, जरूरी है कि किसान अपनी फसल की नियमित निगरानी करें। रोग के संकेत दिखते ही तुरंत कृषि विज्ञान केंद्र से संपर्क करें, ताकि समय रहते उचित उपचार किया जा सके। कृषि विज्ञान केंद्र धौलाकुआं किसानों की सहायता के लिए तत्पर है।

## आज होगा पालियों में 'धरती आबा जनभागीदारी अभियान' शिविर

अनंत ज्ञान, नाहन। डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा ने बताया कि 'धरती आबा जनभागीदारी अभियान' के अंतर्गत जिला सिरमौर की ग्राम पंचायत पालियों के ग्राम गुमटी में 24 जून को शिविर आयोजित किया जाएगा।

शिविर के दौरान आधार एनरोलमेंट और ई-केवाईसी, आयुष्मान भारत, पीएम-किसान, जन धन योजना, सामुदायिक व आय प्रमाण पत्र, राशन कार्ड एवं अधिकार आदि ऑन-साइट सेवाएं प्रदान की जाएंगी। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा सरकारी योजनाओं की जानकारी, स्वास्थ्य जांच, पौधरोपण तथा जनजातीय सांस्कृतिक गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। उन्होंने स्थानीय लोगों से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित दर्ज कर इस शिविर का लाभ उठाएं, ताकि अंतिम छोर पर स्थित जनजातीय आबादी तक लाभ पहुंच सके। डीसी ने बताया कि भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार 15 नवंबर, 2024 से चल रहे जनजातीय गौरव वर्ष के स्मरणोत्सव के क्रम में धरती आबा जनभागीदारी अभियान के तहत राष्ट्रव्यापी जागरूकता व लाभ प्रदान करने के लिए अभियान 15 से 30 जून तक चलाया जाएगा।

## योजनाओं के लाभ जन-जन तक पहुंचाना सरकार बना रही सुनिश्चित : संजय अवस्थी

अनंत ज्ञान, सोलन



कल्याण विभाग के साथ अपने पंचायत सचिव से इन योजनाओं से लाभ प्राप्त करने की औपचारिकता जानें, ताकि समय पर लाभ प्राप्त किया जा सके।

अर्की विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण स्तर पर अंतिम व्यक्ति तक पहुंच कर उनकी समस्याओं का समयबद्ध निराकरण करना और योजनाओं के लाभ जन-जन तक पहुंचाना सुनिश्चित बना रही है।

संजय अवस्थी अर्की उपमंडल की ग्राम पंचायत दसेरन के ग्राम दसेरन जेरी में 'विधायक जनता के द्वार' कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के लिए, जन समस्याओं का निराकरण महज एक औपचारिकता नहीं, बल्कि ठोस प्रयास है, ताकि लोगों को उनकी समस्याओं के निदान के लिए भटकना न पड़े। यह प्रयास भी किया जा रहा है कि ग्राम स्तर पर लोगों को विभिन्न योजनाओं की समय पर जानकारी मिले, ताकि लक्षित वर्ग इन योजनाओं का लाभ समय पर प्राप्त कर सके। संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए नवीन पहल की है। समाज के कमजोर वर्गों के कल्याण के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों का चहुंमुखी विकास सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि सुखाश्रय, एकल नारी कल्याण, मेधावी छात्रों के कल्याण के लिए कार्यान्वित की जा रही योजनाओं का लाभ उठाएं और कल्याण विभाग के साथ अपने पंचायत सचिव से इन योजनाओं से लाभ प्राप्त करने की औपचारिकता जानें, ताकि समय पर लाभ प्राप्त किया जा सके। राज्य सरकार गाय तथा भैंस के दूध मूल्य में नियमित वृद्धि के साथ विभिन्न फसलों के खरीद मूल्य भी इस प्रकार घोषित कर रही है कि अधिक से अधिक किसान इनसे लाभान्वित हो सकें। उन्होंने महिला मंडल दसेरन जेरी, महिला मंडल दसेरन और महिला मंडल ललाना को 11-11 हजार रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने स्थानीय मोक्षधाम स्थल पर चार दीवारी और अन्य कार्य के लिए 1 लाख रुपए, ग्राम पंचायत के आंगन में इंटर लाकिंग टाइल लगाने के लिए 1 लाख रुपए तथा दसेरन महिला मंडल के आंगन को पक्का करने के लिए 50000 रुपए देने की घोषणा की।

## प्रशासन ने चुनिंदा लोगों पर राजनीतिक द्वेष के चलते दर्ज की एफआईआर : नेगी

अनिल नेगी, अनंत ज्ञान



**बिना जांच के लोगों को निशाना बनाया, जनता आहत हुई**

रिकांगपिओ। किन्नौर के पूर्व विधायक तेजवंत सिंह नेगी ने किन्नौर प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना है कि 20 जून को रिकांगपिओ में हुई रोष रैली के बाद प्रशासन ने चुनिंदा लोगों पर राजनीतिक द्वेष के चलते एफआईआर दर्ज की है। यह रैली कल्पा में साहित्य महोत्सव के दौरान एक लेखिका द्वारा जातिसूचक शब्दों के प्रयोग के विरोध में आयोजित की गई थी।

नेगी ने कहा कि प्रशासन ने बिना उचित जांच-पड़ताल के कार्रवाई की है, और एफआईआर में राजनीतिक द्वेष साफ तौर पर दिख रहा है। उन्होंने प्रशासन से इस मामले की सही और निष्पक्ष जांच की मांग की। नेगी ने बताया कि रोष रैली के दौरान डीसी किन्नौर से एक प्रतिनिधिमंडल मिला था। डीसी कार्यालय से बाहर आने के बाद, प्रतिनिधिमंडल ने रैली में मौजूद लोगों को डीसी की बातें और लेखिका मीनाक्षी पाल के माफीनामे के बारे में बताया। इस दौरान कुछ लोगों ने नाराजगी में नारेबाजी की थी। नेगी का दावा है कि प्रशासन ने उन लोगों पर भी मामले दर्ज किए हैं, जो शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे थे और कुछ नाम तो राजनीतिक कारणों से एफआईआर में डाले गए हैं। पूर्व विधायक ने प्रशासन से एफआईआर वापस लेने और इस मामले को स्थगित करने का आग्रह किया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जिले के लोग जातिसूचक शब्दों के प्रयोग से गहरे आहत हुए थे और ऐसे में प्रशासन को नरमी बरतनी चाहिए। उनका मानना है कि इससे जनता और प्रशासन के बीच किसी भी तरह की द्वेष भावना को रोका जा सकेगा।

**आयोजन** 63 टीमों ने लिया भाग, विजेता टीम को 31000 व रनरअप टीम को 21000 का नकद इनाम

# कुणाल टीम ने जीती कबड्डी प्रतियोगिता

अनंत ज्ञान, सोलन



राज्य स्तरीय शूलिनी मेले में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते मुख्यातिथि।

राज्य स्तरीय शूलिनी मेले में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में कुणाल टीम विजय रही, जबकि नालागढ़ की टीम को रनरअप से संतोष करना पड़ा।

मुख्यातिथि ने विजेता टीम को 31000 व रनरअप टीम को 21000 का नकद इनाम दिया। समापन अवसर पर जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक सीमित के चेयरमैन एडवोकेट मुकेश शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस प्रतियोगिता में 63 टीमों ने भाग लिया। इसमें 40 पुरुष और 23 सीनियर महिला और पुरुष टीमों ने भाग लिया। इस आयोजन ने न केवल खिलाड़ियों के कौशल और टीम भावना को उजागर किया, बल्कि यह भी सिद्ध किया कि खेल जीवन में शारीरिक मजबूती के साथ-साथ मानसिक विकास में भी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आज के दौर में खेल युवाओं को अनुशासन, आत्मविश्वास और सहयोग की भावना सिखाते हैं, जो समाज के निर्माण में आधारशिला सिद्ध होते हैं। मुख्यातिथि ने कबड्डी प्रतियोगिता के अध्यक्ष अंकुश सूद और उनकी समस्त टीम को इस प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए, शुभकामनाएं दीं, साथ ही जिला प्रशासन, आयोजकों एवं प्रतिभागियों को इस भव्य आयोजन की सफलता के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कबड्डी प्रतियोगिता के ऑफिसियल ने सभी मैच निर्विरोध कराए। इसमें खासकर प्रो कबड्डी के ऑफिसियल अमर वर्मा ने अपनी निर्णायक भूमिका निभाई। शूलिनी मेला न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है, बल्कि युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने का एक सशक्त माध्यम भी है। इस अवसर पर कांग्रेस

### बास्केटबॉल प्रतियोगिता में सरकाघाट विजेता

सोलन। शूलिनी मेले के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में यहां के पुलिस मैदान में तीसरा शूलिनी मेला बास्केटबॉल टूर्नामेंट संपन्न हुआ। इस टूर्नामेंट में प्रदेश की 16 टीमों ने भाग लिया। इस वर्ष सरकाघाट की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए पुलिस लाइन सोलन की टीम को फाइनल मुकाबले में पराजित कर ट्रॉफी को अपने नाम किया। सोलन पुलिस लाइन की टीम दूसरे स्थान पर रही। फाइनल मुकाबले में दोनों टीमों के बीच रोमांचक प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, जिसमें दर्शकों का उत्साह भी चरम पर था। पंकज ठाकुर को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट घोषित किया गया। इस अवसर पर टूर्नामेंट के अध्यक्ष विनेश धीर ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने सभी खिलाड़ियों की खेल भावना और अनुशासन की सराहना करते हुए, कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करते हैं और प्रदेश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देते हैं।

जिलाध्यक्ष शिव कुमार ठाकुर, पार्षद विजय ठाकुर, पार्षद ईशा सूद, पार्षद संगीता ठाकुर, पार्षद पूजा तंवर, शोभित बहल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रमेश शर्मा, सक्षम शर्मा, दिव्यांशु, मंगलेश, इंदर सिंह मेहता आदि मौजूद रहे।

## फूड स्टॉलों से भरे 62 खाद्य पदार्थों के सैंपल 45 किलो रंग युक्त मिठाइयों को किया जब्त

अनंत ज्ञान, सोलन

> मेले के अंतिम दिन दुकानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान 45 किलो रंग युक्त मिठाइयों को जब्त किया गया, जबकि 9 लीटर पुराना तेल फिंकवाया गया है।
> **डॉ. अतुल कायस्थ, सहायक आयुक्त, खाद्य सुरक्षा विभाग, एमसी, सोलन।**

राज्य स्तरीय शूलिनी मेले में लगे फूड स्टॉलों में बड़ी मात्रा में सब स्टैंडर्ड खाद्य वस्तुएं बेची गईं, जिस पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने माल रोड पर लगे स्टॉल्स में दबिश दी।

इस दौरान 45 किलो रंग युक्त मिठाइयों को पकड़ा गया, जिसे तुरंत प्रभाव से जब्त कर लिया गया। इसके अलावा 9 लीटर पुराना तेल भी फिंकवाया गया। विभाग द्वारा की गई कार्रवाई से जहां आम लोगों ने राहत की सांस ली है। वहीं, शहर में मिलावटी व्यंजनों को परोसने वालों पर भी बड़ी कार्रवाई हुई है। राज्य स्तरीय शूलिनी मेले के दूसरे दिन भी खाद्य सुरक्षा विभाग ने इसी प्रकार से बड़ी कार्रवाई की थी। उसके बाद लगातार दूसरे दिन यानि रविवार को भी विभाग ने अलग-अलग जगह पर जाकर कार्रवाई की है। विभाग की मानें तो निरीक्षण के दौरान स्टॉल्स में प्रयोग हो रहे पुराने 9 लीटर तेल को फिंकवाया गया। इसी के साथ मेले में बेची जा रही रंग युक्त 45 किलो मिठाइयों को भी जब्त कर लिया है। यह मिठाइयां खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से स्वयं नष्ट की जाएंगी। वहीं मेले में

**नौ लीटर पुराना तेल भी फिंकवाया गया**

विभिन्न जगहों पर लगे स्टाल से 62 खाद्य पदार्थों के सैंपल भी भरे गए हैं। इन सैंपल की जांच फूड वेन में की गई है। खास बात यह है कि सभी सैंपल पास हुए हैं। विभाग की ओर से शहर में लगी करीब 70 दुकानों का निरीक्षण किया गया है। इसी के साथ भंडारे में भी सफाई व्यवस्था जांची गई है। यहां नहीं खाद्य पदार्थों के स्टॉल में प्रयोग किए जा रहे रंग को भी बरामद किया गया है।

विक्रेताओं को कलर न डालने की हिदायत दी गई है। मेले में भंडारे के आयोजन के दौरान भी मौके पर टीम पहुंची। भंडारा बनाने वाले स्थान का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान सभी प्रकार की व्यवस्था ठीक पाई गई।

## न्यूज ब्रीफ

### 25 जून को होगा राज्य स्तरीय संवाद कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** आपातकाल लागू किए जाने की 50वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आगामी बुधवार 25 जून को मुख्यमंत्री आवास में राज्य स्तरीय संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा आपातकाल के दौरान मीसा एवं डीआईआर में निरुद्ध रहे राज्य के लोकतंत्र सेनानियों एवं दिवंगत लोकतंत्र सेनानियों की पत्नी अथवा पति को सम्मानित करने के साथ ही आपातकाल के दौर के अनुभवों को साझा किया जाएगा। इस मौके पर राज्य में सभी जिलों में भी व्यापक जनसहभागिता के साथ कार्यक्रमों का आयोजन करने के साथ ही पचास स्थानों पर आपातकाल को लेकर प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा। देश में 25 जून 1975 से 21 मार्च, 1977 की अवधि में आपातकाल लागू किया गया था। आपातकाल लागू किए जाने की 50वीं वर्षगांठ पर भारत सरकार के निर्देशानुसार राज्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किए जाने के लिए अपर सचिव गृह निवेदिता कुकरेती की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए विभिन्न विभागों एवं जिलाधिकरियों को कार्यक्रम आयोजन की जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में तय किया गया कि आगामी 25 जून को मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित संवाद कार्यक्रम में आपातकाल के दौरान मीसा एवं डीआईआर में निरुद्ध रहे राज्य के लोकतंत्र सेनानियों एवं दिवंगत लोकतंत्र सेनानियों की पत्नी अथवा पति को संबंधित जिलाधिकारियों के माध्यम से ससम्मान आमंत्रित किया जाएगा।

### स्काईवर्थ भारत में इलेक्ट्रिक बसें करेगा असेंबल



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरित और स्मार्ट सार्वजनिक परिवहन की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, एक भारतीय स्वच्छ ऊर्जा कंपनी बाईटेक सोलर प्राइवेट लिमिटेड ने भारत में इलेक्ट्रिक बसों को असेंबल करने के लिए वैश्विक इलेक्ट्रिक व्हीकल ब्रांड स्काईवर्थ के साथ हाथ मिलाया है। यह साझेदारी 45-सीटर इलेक्ट्रिक बसों की असेंबली से शुरू होगी, जिसके अगले चरण में 55-सीटर वर्जन पेश करने की योजना है। मेक इन इंडिया पहल का समर्थन करने और रोजगार सृजन के लिए इन बसों को यहीं बनाया जाएगा, लेकिन ये केवल इलेक्ट्रिक बसें नहीं हैं, ये स्मार्ट भी हैं। प्रत्येक वाहन पूरी तरह से ट्रैक करने योग्य और दूर से निगरानी की जा सकेगी, जिससे प्रदर्शन, स्थान और सुरक्षा पर वास्तविक समय में अपडेट मिल सकेंगे। यह परिवहन प्रदाताओं और यात्रियों दोनों के लिए सुचारू संचालन और मन की शांति सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। बाईटेक सोलर के एक प्रवक्ता ने कहा, 'यह केवल बसों को असेंबल करने से कहीं अधिक है। यह भारतीय सड़कों के लिए एक स्वच्छ और अधिक कनेक्टेड भविष्य का निर्माण करने के बारे में है।'

### एक साथ मिले चार कोरोना संक्रमित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में सोमवार को हुए पांच कोरोना सैंपल में स्वास्थ्य विभाग को चार लोग कोरोना संक्रमित मिले हैं। इससे पहले जींद की ही रहने वाली एक महिला कोरोना संक्रमित मिली थी। अब चार पुरुष संक्रमित मिलने से कोरोना संक्रमितों की संख्या पांच हो गई। फिलहाल कोरोना से संक्रमतों को घर पर ही आइसोलेट कर दिया गया है और स्वास्थ्य विभाग इन लोगों पर विशेष निगरानी रखे हुए है। बाकायदा इनकी ट्रैवल हिस्ट्री की जानकारी भी जुटाई जा रही है। सोमवार को सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि सभी कोरोना संक्रमितों को आइसोलेट किया गया है। गौरतलब है कि नागरिक अस्पताल में कोरोना की जांच को लेकर एक माह पहले ही सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई थी। इसमें अस्पताल में अलग से वार्ड, कोरोना जांच किट व आक्सीजन सिलिंडर पर्याप्त मात्रा में हैं। इसके अलावा इन मरीजों के लिए दवाइयों का स्टॉक भी पहले से ही रिजर्व किया गया था।

### आह्न ग्यू-बैक दक्षिण कोरिया के नए रक्षा मंत्री

**एजेंसी, सियोल।** दक्षिण कोरिया में 64 साल बाद इतिहास रचते हुए राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने देश के रक्षा मंत्रालय की जिम्मेदारी एक आम नागरिक को सौंपी है। राष्ट्रपति ली ने पांच बार के सांसद और डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता आह्न ग्यू-बैक को देश का नया रक्षा मंत्री नामित किया है। इससे पहले यह पद हमेशा सेना के रिटायर्ड जनरलों के हाथों में ही रहा है। यह फैसला ऐसे वक्त में आया है जब देश के पूर्व रक्षा मंत्री किम योंग ह्युन समेत कई शीर्ष सैन्य अधिकारी आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं। ये अधिकारी पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल के कार्यकाल के दौरान देश में मार्शल लॉ लागू करने में शामिल बताए जा रहे हैं। योन पर बगावत के आरोप हैं और उन्हें राष्ट्रपति पद से हटा दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

### सोनम का बैग जलवाने वाला ग्वालियर से हिरासत में

**एजेंसी, इंदौर।** इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी हत्याकांड में शिलॉन्ग पुलिस ने सोमवार को एक और शख्स को हिरासत में लिया है। पुलिस ने ग्वालियर के गांधीनगर से लोकेंद्र तोमर को पकड़ा है। अपार्टमेंट के गार्ड ने सिविल ड्रेस में चार लोगों के आने और लोकेंद्र को ले जाने की पुष्टि की है। लोकेंद्र इंदौर की उस बिल्डिंग का मालिक है, जिसके फ्लैट में सोनम रुकी थी। उसने ये बिल्डिंग शिलोम जेम्स को किराए पर दी है। शिलॉन्ग एसआईटी शाम करीब 4.30 बजे ग्वालियर के गांधीनगर एमके प्लाजा में 105 नंबर में पहुंची थी। गार्ड ने बताया कि सिविल ड्रेस में चार लोग आए थे। उन्होंने गाड़ी दूर ही खड़ी कर दी थी। वे अपने साथ लोकेंद्र तोमर को ले गए हैं। (अनंत ज्ञान)

### अमेरिका में टेस्ला की रोबोटैक्सी सर्विस शुरू

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी इलॉन मस्क की कंपनी टेस्ला ने 22 जून को रोबोटैक्सी लॉन्च की है। ये ऐसी ऑटोनॉमस टैक्सी है, जो बिना किसी ड्राइवर के चलती है। कंपनी ने रोबोटैक्सी की एक राइड की कीमत 4.20 डॉलर यानी करीब 364 रुपए रखी है। रोबोटैक्सी सर्विस अभी केवल ऑस्टिन शहर में मिलेगी। यह फिलहाल कुछ निवेशक और कॉन्टेंट क्रिएटर्स के लिए अवेलेबल हैं। इसका इस्तेमाल करने वाले कुछ यूजर्स ने एक्स पर अपनी राइड का एक्सपीरियंस शेयर किया है। इस वीडियो में सामने से आने वाली कार को जगह देने के लिए रोबोटैक्सी रुक जाती है और कार निकलने के बाद लेफ्ट टर्न लेती है। (अनंत ज्ञान)

### अरविंद केजरीवाल का राज्यसभा में जाना संभव

**एजेंसी, चंडीगढ़।** पंजाब की लुधियाना वेस्ट आम आदमी पार्टी के पास थी। लुधियाना वेस्ट से आप ने राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा को कैंडिडेट बनाया है। अरोड़ा विधायक बनते हैं, तो उन्हें राज्यसभा सीट छोड़नी होगी, जिससे यह सीट खाली हो जाएगी। कयास लगाए जा रहे हैं कि आम आदमी पार्टी अरविंद केजरीवाल को पंजाब से राज्यसभा भेज सकती है। (अनंत ज्ञान)

भारत निर्वाचन आयोग ने बीएलओ के लिए शुरू किया प्रशिक्षण कार्यक्रम

# चुनाव प्रक्रिया में बीएलओ की अहम भूमिका : ए.श्रीनिवासन

जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री ए.श्रीनिवासन ने कहा कि लोकसभा व विधानसभा चुनाव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक सम्पन्न करवाने में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) की अहम भूमिका होती है। त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार करवाने से लेकर मतदाता को वोटर स्लिप पहुंचाने तक बीएलओ महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाते हैं।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बीएलओ को सशक्त और दक्ष बनाने के लिए नई दिल्ली स्थित भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र चुनाव प्रबंधन संस्थान में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। आज मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बीएलओ प्रशिक्षण के 13वें बैच का विधिवत शुभारंभ किया। इस बैच में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, मेघालय, नागालैंड और चंडीगढ़ के कुल 379 बीएलओ व सुपरवाइजर शामिल हुए।

#### पिछले 3 महीनों में 5000 से अधिक बीएलओ को मिल चुका है प्रशिक्षण



**मुख्य** निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि बीते तीन महीनों में देशभर के 5000 से अधिक बीएलओ व सुपरवाइज़रों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। यह प्रशिक्षण जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951, मतदाता पंजीयन नियम 1960, चुनाव संचालन अधिनियम 1961 और भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप चुनाव प्रक्रिया को बेहतर तरीके से संचालित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है।

#### प्रशिक्षण में तकनीकी दक्षता पर विशेष बल

**बीएलओ** को प्रशिक्षण के दौरान मतदाता पंजीकरण, फार्मों की समीक्षा और चुनावी प्रक्रिया के व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी दी जाती है। प्रशिक्षण में ईवीएम, वीवीपैट, मॉक पोल सहित आईटी उपकरणों के संचालन का तकनीकी प्रदर्शन भी शामिल होता है, जिससे बीएलओ डिजिटल संसाधनों का उपयोग दक्षता के साथ कर सकें

### केंद्र सरकार के 11 वर्ष रहे अतुलनीय : गौरव गौतम

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के खेल राज्य मंत्री श्री गौरव गौतम ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद देश ने अतुलनीय युग में प्रवेश किया है। यह 11 वर्ष केवल शासनकाल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का वह दौर है जिसमें भारत ने अपनी प्राचीन सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करते हुए आधुनिक विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है।

खेल राज्य मंत्री आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर मानेसर में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान पटौदी की विधायक बिमला चौधरी मौजूद रहीं। मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि गरीब, किसान, महिला और युवा ये चार स्तंभ मोदी सरकार के सुशासन के केंद्र बिंदु हैं। अंत्योदय उत्थान के लक्ष्य के साथ पिछले 11 वर्षों में 29 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया गया है। जल जीवन मिशन से 15 करोड़ ग्रामीण घरों में नल से जल पहुंचा है। प्रधानमंत्री आवास योजना से 4 करोड़ परिवारों को पक्के घर दिए गए हैं। हमारी मातृशक्ति के सम्मान को बरकरार रखने के लिए स्वच्छ भारत मिशन के तहत देश खुले में शौच से मुक्त होने की दिशा में आगे बढ़ा है।

## डॉ. श्यामा प्रसाद के बलिदान दिवस पर करवाई संगोष्ठी

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़



भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर आज भारतीय जनता पार्टी, चंडीगढ़ की ओर से प्रदेश मुख्यालय में एक पुष्पांजलि सभा एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रनिर्माण में दिए गए अद्वितीय योगदान एवं उनके बलिदान को स्मरण करना था। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने डॉ. मुखर्जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

संगोष्ठी में वक्ताओं ने उनके विचारों, देश की एकता के लिए किए गए संघर्ष और विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर को भारत से पूरी तरह जोड़ने हेतु चलाए गए आंदोलन पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का बलिदान आज भी देश को दिशा देने वाला है। कार्यक्रम के संयोजक एवं पार्टी के उपाध्यक्ष शक्तिप्रकाश देबशाली ने

**देबशाली ने कहा-हम सबको उनके जीवन से सीख लेकर राष्ट्र सेवा में जुटना चाहिए**

कहा डॉ. मुखर्जी ने एक देश में दो निशान, दो विधान, दो प्रधान नहीं चलेंगे का नारा देकर राष्ट्र की एकता के लिए जो आंदोलन किया, वह आज भी हर राष्ट्रभक्त के लिए प्रेरणा है। हम सबको उनके जीवन से सीख लेकर राष्ट्र सेवा में जुटना चाहिए।

इस अवसर पर पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, युवा कार्यकर्ता तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### श्री सनातन धर्म मंदिर में रुद्राभिषेक और गुरुदेव का किया पूजन



अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

पुरी पीठाधीश्वर श्री मज्जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चंलानंद सरस्वती जी महाराज के 83वें जन्मदिवस पर श्री सनातन धर्म मंदिर सेक्टर 46 में रुद्राभिषेक एवं गुरुदेव का पूजन किया गया।

वहीं चना और हलवा का प्रसाद सभी गुरु भक्तों द्वारा वितरण किया गया तथा मंदिर भवन के बाहर लंगर भी बांटा गया। इस मौके पर श्री सनातन धर्म सभा मंदिर सभा सेक्टर 46 से अध्यक्ष जितेंद्र भाटिया और महासचिव डीडी शर्मा तथा पूरी पीठ की चंडीगढ़ शाखा के अध्यक्ष पूर्ण चंद्र, उपाध्यक्ष रमेश सिंगला, सचिव विजय शर्मा, महामंत्री प्रवीण कुमार तथा भी खास तौर पर उपस्थित हुए और उन्होंने पीठाधीश्वर स्वामी निश्चंलानंद सरस्वती जी महाराज की तस्वीर को पुष्प पहना कर श्रद्धांजलि दी।

## एचएस लक्की ने प्रॉपर्टी टैक्स में तीन गुना वृद्धि पर जताया विरोध

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एचएस लक्की ने भाजपा के राज में प्रशासन द्वारा लीजहोल्ड संपत्तियों को फ्रीहोल्ड में बदलने के लिए कन्वर्जन चार्ज में मनमाने ढंग से की गई भारी बढ़ोतरी की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने इस फैसले को 'जनविरोधी' और 'आर्थिक रूप से कुचलने वाला' करार दिया और चेताया कि यह अनुचित वृद्धि उन हजारों निवासियों को गहरे संकट में डाल देगी जो लंबे समय से अपनी संपत्तियों को नियमित कराने का इंतजार कर रहे हैं।

एचएस लक्की ने कहा, कभी प्रोपर्टी टेक्स में तीन गुना वृद्धि, पानी के बिलों में वृद्धि, बिजली के बिलों में वृद्धि के बाद अब नया फरमान जारी कर दिया है। आगे लक्की ने कहा कि चंडीगढ़ के निवासियों ने हमेशा एक पारदर्शी और न्यायसंगत नीति की मांग की है जिससे वे अपनी लीजहोल्ड संपत्तियों को फ्रीहोल्ड में परिवर्तित कर सकें, लेकिन प्रशासन ने उन्हें राहत देने की बजाय उन पर मनमाने और अत्यधिक शुल्क थोप दिए हैं। यह कदम मध्यवर्गीय परिवारों, वरिष्ठ नागरिकों और छोटे संपत्ति मालिकों की रीढ़ तोड़ देगा।

उन्होंने आगे कहा कि भाजपा शासित प्रशासन का यह निर्णय पूरी तरह से संवेदनहीनता और बिना किसी सार्वजनिक परामर्श के लिया गया है। वहीं उन्होंने प्रॉपर्टी टैक्स बढ़ाने पर भी ऐतराज जताया।

## पेट्रोल डीलर्स एसो. ने भेदभावपूर्ण व्यवहार पर जाहिर की नाराजगी

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

पंजाब पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन (पीपीडीए) ने पंजाब में हिंदुस्तान पेट्रोलियम से जुड़े अनुसूचित जाति (एससी) श्रेणी के पेट्रोलियम डीलरों द्वारा कथित उत्पीड़न और भेदभावपूर्ण व्यवहार के बारे में गंभीर चिंता व्यक्त की है।

पीपीडीए के प्रतिनिधियों ने पेट्रोलियम रिटेल सेक्टर में अनुसूचित जाति के उद्यमियों के उत्पीड़न के लिए कंपनी की उदासीनता को उजागर किया। पीपीडीए के अध्यक्ष संदीप सहगल ने 2009 से संचालित एक एससी श्रेणी की डीलरशिप - सतगुरु फिलिंग स्टेशन, अबोहर, कोटकपुरा स्थित गुरु महिंद्रा फिलिंग स्टेशन, कोटकपुरा, जीरा स्थित पीतांबरा एचपी और अन्य मामलों का हवाला दिया, जिसमें कंपनी के अधिकारियों द्वारा शोषण, मनमानी कार्रवाई और अनुचित व्यवहार का आरोप लगाया गया है। उन्होंने कंपनी अधिकारियों पर आरोप जड़े कि वे इन डीलरों के साथ असहयोग पूर्ण रवैया रख उन्हें इतना वित्तीय घाटा दे देते हैं कि उन्हें अपने पेट्रोल पंप छोड़ने, औने पौने दामों में बेचने या फिर कंपनी द्वारा टर्मिनेट होने की कगार पर पहुंच जाते है। कंपनी अधिकारी मिली भगत के द्वारा इन पंपों को अपने करीबीयों को बेच गौरखधंधे में लिप्त हैं।

उन्होंने बताया कि पीपीडीए के महासचिव और सतगुरु फिलिंग स्टेशन के मालिक राजेश कुमार ने पिछले कुछ वर्षों में कंपनी ने अपने पंप की मैंनेंटेनेंस की शिकायतें और दस्तावेजी सबूत सौंपे हैं परन्तु बावजूद इसके कंपनी द्वारा अनसुना कर दिया गया और वे निरंतर घाटा सहते रहे। राजेश कुमार ने पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट पर इस विषय पर संज्ञान लेने का आह्वान किया और इस गोरखधंधे पर अंकुश लगाने के लिए निष्पक्ष जांच की भी अपील की।

## देश-विदेश

## पश्चिम बंगाल विधानसभा में हंगामा

### स्पीकर ने भाजपा के चार विधायकों को किया निलंबित

एजेंसी, कोलकाता

कोलकाता में सोमवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा में जमकर हंगामा हुआ। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने भाजपा के मुख्य सचेतक शंकर घोष समेत चार बीजेपी विधायकों को सदन से निलंबित कर दिया। इन पर अध्यक्ष के आदेशों की अवहेलना करने और कागजात फाड़ने जैसे गंभीर आरोप लगे हैं।

**विपक्ष ने लगाया मारपीट का आरोप**

दरअसल, वीरवार को बीजेपी विधायक और अर्थशास्त्री अशोक लाहिरी समेत अन्य बीजेपी नेताओं की टिप्पणियों को सदन की कार्यवाही से हटाने को लेकर भाजपा विधायकों में नाराजगी थी। सोमवार को जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई, भाजपा विधायक मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य के भाषण के दौरान बार-बार बाधा डालने लगे।



#### भाजपा का सदन से वॉकआउट

**सदन** में अग्निमित्रा पॉल और टीएमसी विधायक असीमा पात्रा के बीच तीखी नोकझोंक भी देखने को मिली। हालांकि, अन्य टीएमसी विधायकों ने मामला ज्यादा बढ़ने नहीं दिया। इसके बाद विधानसभा सुरक्षा कर्मियों ने चारों भाजपा विधायकों को सदन से बाहर किया। अन्य भाजपा विधायक भी 20 मिनट तक विरोध करने के बाद सदन से वॉकआउट कर गए।

### गुजरात कांग्रेस अध्यक्ष गोहिल ने दिया इस्तीफा



**एजेंसी, अहमदाबाद।** गुजरात कांग्रेस अध्यक्ष शक्ति सिंह गोहिल ने सोमवार को कडी और विसावदर विधानसभा क्षेत्रों में हुए उपचुनावों में पार्टी उम्मीदवारों की हार की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता गोपाल इटालिया ने विसावदर सीट जीती, जबकि भाजपा के राजेंद्र चावड़ा ने कडी निर्वाचन क्षेत्र जीता। दोनों विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस के उम्मीदवारों का निराशाजनक प्रदर्शन रहा है। (अनंत ज्ञान)

## इंडिगो के 3 अफसरों पर एससी एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज

### ट्रेनी पायलट बोला-गुरुग्राम में जातिसूचक शब्द कहे

एजेंसी, गुरुग्राम

हरियाणा के गुरुग्राम में इंडिगो एअरलाइंस के एक ट्रेनी पायलट ने फ्लाइट के कैप्टन समेत 3 लोगों पर स्ष्ट/स्ह्र एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कराई है। ट्रेनी पायलट ने आरोप लगाया कि उसे भरी मीटिंग में बेइज्जत कर जातिसूचक शब्द कहे गए। जातिसूचक शब्द के साथ कहा गया-यू आर नॉट फिट टू फ्लाई, यू गो बैक एंड स्टिच द स्लीपर्स (तुम प्लेन उड़ाने के काबिल नहीं हो, वापस जाओ और चप्पलें सिलो)।

गुरुग्राम में मीटिंग के बाद ट्रेनी पायलट ने बेंगलुरु में अपने साथ हुई घटना की पुलिस से शिकायत की। कर्नाटक पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज कर गुरुग्राम भेजी है। इसके बाद गुरुग्राम के डीएलएफ फेज-1 थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। हालांकि, एअरलाइंस ने इन आरोपों को झूठा बताया है। साथ ही कानूनी कार्रवाई में सहयोग करने की भी बात कही है। (अनंत ज्ञान)

#### आरोपियों को पूछताछ के लिए बुलाएंगे : पुलिस

इस बारे में डीएलएफ फेज-1 थाना के निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि सोमवार को संबंधित लोगों को जांच में शामिल होने के लिए बुलाया जाएगा और मामले में आगामी कार्रवाई की जाएगी। जिन पर आरोप लगाए गए हैं, वह इंडिगो में सीनियर पद पर कार्यरत हैं।

### सीरिया के चर्च में आत्मघाती हमले में 22 लोगों की मौत, 63 घायल

एजेंसी, दमिश्क

सीरिया की राजधानी दमिश्क में रविवार रात एक भयानक आत्मघाती हमले में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई और 63 घायल हो गए।

हमला ग्रीक ऑर्थोडॉक्स सेंट एलियास चर्च में उस समय हुआ जब दर्जनों लोग प्रार्थना में शामिल थे। यह घटना तब हुई जब चर्च के अंदर एक इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) से जुड़ा आतंकी घुसा, पहले फायरिंग की और फिर खुद को उड़ा लिया। हमला भारतीय समयानुसार रविवार रात को हुआ है। चर्च में उस वक्त लगभग 150 से 350 लोग मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)

## बिलावल ने ऑपरेशन सिंदूर से की इसराइली हमलों की तुलना

### भारत की ओर से सिंधु जल संधि को निलंबित करने को अवैध दिया करार, संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन बताया

एजेंसी, इस्लामाबाद

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो ने सोमवार को नेशनल असेंबली सत्र के दौरान भारत पर निशाना साधा। जरदारी ने इसराइल के ईरान पर हमले की तुलना ऑपरेशन सिंदूर से की। पाकिस्तानी मीडिया जियो न्यूज के मुताबिक बिलावल ने कहा कि जिस तरह भारत ने पाकिस्तान पर हमला किया था, उसी तरह इसराइल ने ईरान पर



अटैक किया है। उन्होंने भारत के साथ 7 से 10 मई तक हुए सैन्य संघर्ष में पाकिस्तान के जीत का दावा किया।

इसके अलावा बिलावल ने भारत के सिंधु जल संधि को निलंबित करने को अवैध करार दिया और इसे संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन बताया। बिलावल भुट्टो ने नदियों का पानी रोकने या बांध बनाने की कोशिश करने पर भारत को जंग की चेतावनी दी। (अनंत ज्ञान)

**गिरावट** हफ्ते के पहले दिन भारतीय और एशियाई बाजारों में दर्ज की गई गिरावट

# सेंसेक्स 511और निफ्टी 141 अंक लुढ़का

एजेंसी, मुंबई

हफ्ते के पहले कारोबारी दिन 23 जून को सेंसेक्स 511 अंक गिरकर 81,897 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 141 अंक की गिरावट रही, यह 24,972 पर पहुंच गया। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 9 में तेजी और 21 में गिरावट रही। HCL टेक, इंफोसिस और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर्स 2.3 प्रतिशत तक गिरे। ट्रेंट और BEL में 3.4 प्रतिशत की तेजी रही।

वहीं, निफ्टी के 50 में से 35 शेयर्स गिरकर बंद हुए। NSE के आईडी इंडेक्स में 1.48 प्रतिशत, ऑटो में 0.92 प्रतिशत और FMCG में 0.74 प्रतिशत की गिरावट रही। मीडिया में 4.39 प्रतिशतकी तेजी रही। मेटल और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स भी चढ़कर बंद हुए।





**सेंसेक्स 81,897 और निफ्टी के 24,972 स्तर पर हुआ बंद**

वहीं, एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई करीब 0.13 प्रतिशत नीचे 38,354 के स्तर पर और कोरिया का कोस्पी 0.24 प्रतिशत गिरकर 3,014 पर बंद हुए। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.67 प्रतिशत गिरकर 23,689 के स्तर पर, जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट 0.65 प्रतिशत ऊपर 3,382 पर बंद हुए। अमेरिका का डाउ जोन्स 35 अंक चढ़कर 42,206.82 पर बंद हुआ। वहीं, नैस्डेक कंपोजिट 0.51 नीचे 19,447 पर और S&P 500 13 अंक नीचे 5,967.84 पर बंद हुआ।

बता दें कि पिछले हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार 20 जून को सेंसेक्स 1046 अंक चढ़कर 82,408 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 319 अंक की तेजी रही, यह 25,112 पर बंद हुआ था। (अनंत ज्ञान)

### सोना 657, चांदी 288 रुपए बढ़ी



**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 23 जून को बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 657 रुपए बढ़कर 99,348 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले सोना 98,691 रुपए पर था। वहीं, चांदी की कीमत 288 रुपए बढ़कर 1,07,063 प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले यह 1,06,775 रुपए पर थी। 18 जून को चांदी ने 1,09,550 और सोने ने99,454 का ऑल टाइम हाई बनाया था। (अनंत ज्ञान)

## विपक्ष को नीचा दिखाने की कोशिश को जनता नहीं करेगी बर्दाश्त : खड़गे

### कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पीएम मोदी पर साधा निशाना

एजेंसी, रायचूर

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने पीएम पर विपक्ष को हल्के में लेने और पहलगाम आतंकी हमले के बाद हुई सर्वदलीय बैठकों से दूरी बनाए रखने का आरोप लगाया। कर्नाटक के रायचूर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि देश इस समय एक कठिन दौर से गुजर रहा है। उन्होंने बताया, 'हाल ही में पाकिस्तानी आतंकवादियों ने पहलगाम में 26 लोगों की जान ले ली। इसके जवाब में भारतीय सेना ने पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकानों पर हमला कर उन्हें मार गिराया।'



कांग्रेस नेता ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद सर्वदलीय बैठक की सबसे पहले मांग कांग्रेस ने की थी। उन्होंने सवाल उठाया कि, 'दो बार बैठक बुलाई गई, लेकिन प्रधानमंत्री एक बार भी नहीं आए। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि वह क्यों नहीं आए? (अनंत ज्ञान)

#### ऑपरेशन सिंदूर का श्रेय खुद लेने की कोशिश

**कांग्रेस** के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि जब पूरा देश और सेना एकजुट होकर देश की रक्षा कर रहे थे, तब कुछ लोग इसका व्यक्तिगत श्रेय लेने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा, 'अगर वे सेना में कप्तान, कर्नल या लेफ्टिनेंट कर्नल रहे होते और देश के लिए लड़े होते, तो हम उनकी तारीफ करते, लेकिन ऐसा तो हुआ ही नहीं।' हालांकि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया।

## स्पोर्ट्स विंडो

### गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 46वें स्थान पर रही अमनदीप, दीक्षा और त्वेसा

**एजेंसी, बेरून (चेक गणराज्य)।** पहले दौर में आठ अंडर 64 के शानदार स्कोर के साथ शुरुआत करने वाली भारतीय खिलाड़ी अमनदीप द्राल ने टिप्सपोर्ट चेक लेडीज ओपन गोल्फ प्रतियोगिता का समापन 72-73 के राउंड के साथ किया और टूर्नामेंट के अंत में संयुक्त 46वें स्थान पर रहीं।



यह इस सत्र में पहला अवसर था जबकि अमनदीप ने कट में जगह बनाई थी लेकिन वह अपनी लय बरकरार रखने में नाकाम रही। अमनदीप अब अगले सप्ताह अमुंडी जर्मन मास्टर्स में खेलेंगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली अन्य भारतीय खिलाड़ियों में दीक्षा डागर (68) और त्वेसा मलिक (68) भी 46वें स्थान पर रहीं। हिताक्षी बख्शी (74) संयुक्त 62वें और स्नेहा सिंह (72) संयुक्त 65वें स्थान पर रहीं। दक्षिण अफ्रीका की कैसंड्रा एलेक्जेंडर ने दो शॉट से जीत हासिल की।(अनंत ज्ञान)

### मोरक्को में दूसरे स्थान पर रहे कोचर

**एजेंसी, माराकेच (मोरक्को)।** भारतीय गोल्फर करणदीप कोचर ने अंतिम दौर में बोगी मुक्त सात अंडर 65 का स्कोर बनाया, लेकिन वह फिलिपींस के एड्रिक चान से एक स्ट्रोक पीछे रह गए और इस तरह से उन्हें मोरक्को टाइजिंग स्टार्स मारकेच में दूसरे स्थान पर रहकर संतोष करना पड़ा। पेशेवर खिलाड़ी के रूप में भारत से बाहर अपनी पहली जीत की तलाश में लगे कोचर ने समानाह गोल्फ क्लब में 70-67-69-65 राउंड के साथ 17 अंडर का स्कोर बनाया, जबकि चान ने अंतिम राउंड में सात अंडर 65 का कार्ड खेला और आखिर में उनका कुल स्कोर 18 अंडर रहा। भारत के अन्य खिलाड़ियों में अजीतेश संधू संयुक्त 13वें, खलिन जोशी संयुक्त 34वें, राहिल गंगजी संयुक्त 43वें, अर्जुन शर्मा संयुक्त 45वें और अमन राज संयुक्त 51वें स्थान पर रहे। कोचर ने पहले, चौथे, नौवें, 10वें, 12वें, 16वें और 17वें होल पर सात बर्डी बनाई।(अनंत ज्ञान)

### मुरादाबाद के आठ ताइक्वांडो खिलाड़ी बने राष्ट्रीय रेफरी

**एजेंसी, मुरादाबाद।** जिला ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसो. के सचिव शाहवेज अली ने बताया कि मुरादाबाद जनपद के आठ ताईक्वांडो खिलाड़ी राष्ट्रीय रेफरी बन गए है। शाहवेज अली के अनुसार 13 जून से 16 जून तक भारतीय ताइक्वांडो महासंघ के अंतर्गत उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा नेशनल रेफरी फ्रेशर एवं रिफ्रेशर सेमिनार का आयोजन लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में हुआ था। जिसमें जिले के आठ खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन की ओर से सूचना प्राप्त हुई कि जनपद के आठ ताइक्वांडो खिलाड़ी केशव थापा, अरुण कुमार, प्रियांशु रस्तोगी, हाकिमीन हसीब, यशोदा थापा, वैष्णवी कश्यप, वैभव सक्सेना राष्ट्रीय रेफरी बन गए है। (अनंत ज्ञान)

### डोर्सा डेरखशानी का बेहतरीन अंदाज

**अमेरिका।** डोर्सा डेरखशानी एक ईरानी-अमेरिकी शतरंज खिलाड़ी हैं। 2016 में उन्हें महिला ग्रैंडमास्टर और इंटरनेशनल मास्टर के खिताब से सम्मानित किया गया था।



---

**लीड्स टेस्ट: चौथा दिन** शुभमन गिल 16 गेंदों पर आठ रन बनाकर हुए आउट

# राहुल और पंत ने लीड्स टेस्ट में जड़े शतक

**एजेंसी, लीड्स**

भारत और इंग्लैंड के बीच पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन का खेल शुरू पर भारत के लिए केएल राहुल और कप्तान शुभमन गिल क्रीज पर रहते हुए भारत ने अब तक 96 रनों की बढ़त हासिल कर ली है और उसकी नजरें इंग्लैंड के सामने बड़ा लक्ष्य रखने पर टिकी होंगी। भारतीय टीम को चौथे दिन की शुरुआत में ही झटका लगा है और कप्तान शुभमन गिल पवेलियन लौट गए हैं। ब्रायडन कार्स की गेंद पर गिल बोल्ड हो गए। गिल 16 गेंदों पर आठ रन बनाकर आउट हुए।

केएल राहुल ने 87 गेंदों पर अर्धशतक जड़ा है। भारतीय टीम की बढ़त 100 रन के पार पहुंच गई है। राहुल के साथ ऋषभ पंत भी क्रीज पर मौजूद हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में भारतीय टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंच गया है। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में भारतीय टीम की बढ़त 130 रन के पार पहुंच गई है। भारत के लिए दूसरी पारी में केएल राहुल और ऋषभ पंत क्रीज पर टिके हुए हैं और दोनों के बीच साझेदारी 35 रन के पार पहुंच गई है। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन भारत का स्कोर लंच ब्रेक तक दूसरी पारी में तीन विकेट पर 153 रन हैं। भारतीय टीम ने इस तरह अब तक 159 रनों की बढ़त हासिल कर ली है।



शतक के दौरान केएल राहुल और ऋषभ पंत।

इस दौरान भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने 83 गेंदों पर अर्धशतक जड़ा है। पंत ने पहली पारी में शतक लगाया था और अब दूसरी पारी में अर्धशतक जड़ने में सफल रहे। भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले मैच की दूसरी पारी में शतक जड़ दिया है। राहुल ने 202 गेंदों पर शतक पूरा किया। वहीं पंत ने भी 130 गेंदों पर शतक पूरा किया। पंत शतक लगाकर पवेलियन लौट गए हैं। भारतीय टीम की बढ़त 4 विकेट के साथ 298 रन पर पहुंच गई है।

---

## शिमला में यशपाल ने जीती प्रो बॉक्सिंग इंटरनेशनल चैंपियनशिप



विजेताओं को पारितोषिक देते सीएम सुक्खू।

**अनंत ज्ञान, शिमला**

शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर आयोजित पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह मेमोरियल प्रो-बॉक्सिंग इंटरनेशनल चैंपियनशिप में भारतीय मुक्केबाज यशपाल ने रूसी बॉक्सर को हराकर खिताब अपने नाम किया। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विजेताओं को सम्मानित करते हुए इस आयोजन की सराहना की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार नशे के खिलाफ एक बड़ा अभियान चला रही है, जिसे युवाओं का भरपूर समर्थन मिल रहा है। उन्होंने आने वाले समय में इस अभियान को और तेज करने तथा नशा माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने बताया कि युवाओं को नशे से दूर रखने और खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने पुरस्कार राशि में उल्लेखनीय वृद्धि की है।

### खिलाड़ियों के लिए विशेष अवकाश का प्रावधान किया

**लोक** निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि इस चैंपियनशिप का आयोजन पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की स्मृति में किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य युवाओं में नशे के खिलाफ जागरूकता लाना है। चैंपियनशिप का उद्घाटन राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने किया, जिसमें भारत और रूस के पांच-पांच पेशेवर मुक्केबाजों ने भाग लिया।

---

## सेशेल्स मुक्केबाजी टूर्नामेंट में भारत शीर्ष पर

**एजेंसी, माहे (सेशेल्स)**

भारतीय मुक्केबाजों ने यहां सेशेल्स नेशनल-डे मुक्केबाजी टूर्नामेंट में तीन स्वर्ण सहित कुल सात पदक जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया। स्वर्ण पदक के अलावा भारतीय मुक्केबाजों ने तीन रजत और एक कांस्य पदक भी जीता और पैराग्राफ ऐरेना में मॉरीशस से एक पदक अधिक हासिल किया। हिमांशु शर्मा (50 किग्रा) ने वॉकओवर के जरिए स्वर्ण पदक हासिल किया जबकि आशीष



मुदशानिया (55 किग्रा) ने फाइनल में 4-1 के खंडित फैसले से जीत दर्ज की। गौरव चौहान ने 90 किग्रा से अधिक वर्ग के तनावपूर्ण फाइनल में अपना धैर्य बनाए रखा। उन्होंने 3-2 से जीत हासिल की और देश के लिए तीसरा स्वर्ण पदक जीता।

अनमोल (60 किग्रा), आदित्य यादव (65) और नीरज (75) तीनों को संघर्षपूर्ण फाइनल में अच्छे प्रदर्शन के बावजूद समान 2-3 के खंडित फैसले से हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारत के लिए कार्तिक दलाल ने 70 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। (अनंत ज्ञान)

---

## राष्ट्रीय आइस स्केटिंग चैंपियनशिप के लिए टीम देहरादून रवाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने ओक ओवर से राष्ट्रीय आइस स्केटिंग चैंपियनशिप में भाग लेने वाले 60 सदस्यीय हिमाचल प्रदेश के दल को हरी झंडी दिखाकर देहरादून के लिए रवाना किया। यह दल 25 से 28 जून, 2025 तक होने वाली चैंपियनशिप में सात आयु वर्गों की विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगा। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। उन्होंने बताया कि ओलंपिक, पैरा-ओलंपिक और एशियाई खेलों प्रतियोगिताओं के पदक विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है।



सीएम ने हिमाचल के दल को किया रवाना

60 सदस्यीय दल को रवाना करते सीएम।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब खिलाड़ियों को 200 किलोमीटर तक की यात्रा के लिए एसी थ्री टियर ट्रेन का किराया और लंबी दूरी के लिए इकोनॉमी क्लास का हवाई किराया दिया जा रहा है।

---

## लोगों को कहने दीजिए, मैं अपना काम करता रहूंगा : जसप्रीत बुमराह

**एजेंसी, लीड्स**

जसप्रीत बुमराह के आलोचकों को लगता था कि अपने अजीबोगरीब गेंदबाजी एक्शन के कारण वह आठ से दस महीने के अंदर अर्श से फर्श पर आ जाएंगे, लेकिन यह उनका आत्मविश्वास ही था जिससे यह भारतीय के गेंदबाज अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक दशक पूरा करने में सफल रहा। बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में 83 रन देकर पांच विकेट लिए। टेस्ट मैचों में 14वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लेने के बाद उन्होंने अपनी सफलता का राज बताया।

बुमराह से पूछा गया कि चोटिल होने के बाद हर बार उन्हें चुका हुआ मान लिया जाता है तो क्या उन्हें बुरा लगता है, उन्होंने कहा, ''लोगों को लगता था कि इन सभी वर्षों में (मैं केवल) आठ महीने खेलूंगा, कुछ ने कहा कि 10 महीने, लेकिन अब मैंने 10 साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और 12-13 साल आईपीएल खेल लिया है।''

उन्होंने कहा, ''यहां तक कि अब भी लोग (हर चोट के बाद) कहते हैं कि वह आगे नहीं खेल पाएगा। उन्हें कहने दीजिए, मैं अपना काम करता रहूंगा। हर चार महीने में ये चीजें सामने आती रहेंगी, लेकिन जब तक ईश्वर की कृपा रहेगी, मैं खेलता रहूंगा।'' बुमराह ने कहा, ''मैं अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ तैयारी करता हूं और फिर यह ईश्वर पर छोड़ देता हूं कि वह मुझ पर और कितना आशीर्वाद बरसाते हैं।'' इंग्लैंड को पहली पारी में बढ़त लेने से रोकने में अहम भूमिका निभाने वाले बुमराह ने कहा कि वह यहां लोगों की धारणा बदलने के लिए नहीं हैं।



उन्होंने कहा, ''लोग क्या लिखते हैं, यह मेरे नियंत्रण से बाहर है और मैं लोगों को यह सलाह नहीं दे सकता कि वे मेरे बारे में क्या लिखें। अगर मेरे बारे में लिखने से उन्हें पाठक मिलते हैं तो इसमें मुझे कोई परेशानी नहीं है।'' मैच के बारे में बुमराह ने कहा कि विकेट बल्लेबाजी के लिए अच्छा है, लेकिन खेल आगे बढ़ने के साथ इसमें दरार पड़ सकती है।

भारत ने कई कैच छोड़ें, इस संदर्भ में बुमराह ने कहा,'' यह खेल का हिस्सा है। हमें इस बारे में सोचने के बजाय आगे के खेल पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। स्वाभाविक है कि अगर कैच लिए जाते तो अच्छा होता लेकिन खिलाड़ी इसी तरह से सीख लेते हैं।'' (अनंत ज्ञान)

---

## मेरा लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतना है : नीरज

**एजेंसी, ओस्ट्रावा।** भारत के भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा नियमित रूप से 90 मीटर थ्रो करने का खुद पर किसी तरह का दबाव नहीं बनाना चाहते हैं और इस सत्र के लिए उनका लक्ष्य टोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में शीर्ष स्थान हासिल करना है। चोपड़ा मंगलवार को यहां गोल्डन स्पाइक एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेंगे और उससे पहले वह काफी अच्छा महसूस कर रहे हैं।



चोपड़ा ने पिछले हफ्ते पेरिस डायमंड लीग में 88.16 मीटर की थ्रो के साथ जूलियन वेबर को हराकर जीत हासिल की थी। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता ने कहा कि चेक गणराज्य के महान खिलाड़ी जान जेलेजनी को कोच के रूप में साथ और अपनी कड़ी मेहनत के दम पर उन्हें अच्छे परिणाम हासिल करने का पूरा भरोसा है। इस 27 वर्षीय खिलाड़ी ने दोहा में सत्र के शुरुआती डायमंड लीग प्रतियोगिता मेंपहली बार 90 मीटर की दूरी पार की थी।

उन्होंने कहा, ''मैं ऐसे बेहतरीन खिलाड़ी और कोच के साथ काम करके वाकई बहुत खुश हूं। तकनीक में थोड़ा और सुधार करने के बाद मैं इस साल पहले ही 90 मीटर फेंक चुका हूं। हाल ही में हमने निम्बर्क (चेक गणराज्य) में अच्छा अभ्यास किया इसलिए मैं यहां ओस्ट्रावा में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने को लेकर आश्वस्त हूं।''

---

## क्रिकेट करियर में कई शतक चूकने का अफसोस : गांगुली

**एजेंसी, कोलकाता**

भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 38 शतक लगाए हैं लेकिन उन्हें यह संख्या पसंद नहीं है और उन्हें अपने क्रिकेट करियर के दौरान कई शतक चूकने का अफसोस है। अपने समय के बाएं हाथ के दिग्गज बल्लेबाज गांगुली ने टेस्ट और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कुल मिलाकर 18575 रन बनाए, लेकिन उन्हें अपने करियर में कई शतक चूकने का अफसोस है। उन्होंने 311 एक दिवसीय और 113 टेस्ट मैच खेले।



गांगुली ने यह अफसोस तब व्यक्त किया जब उनसे पूछा गया कि वह पुराने गांगुली को क्या सलाह देना चाहेंगे। गांगुली ने पीटीआई से साक्षात्कार में कहा, ''मैं कई बार शतक लगाने से चूक गया, मुझे और अधिक रन बनाने चाहिए थे। मैंने कई बार 90 और 80 रन बनाए।'' अगर गांगुली के आंकड़ों पर गौर करें तो पता चलता है कि वह 30 बार 80 या 90 रन की संख्या पार करने के बाद आउट हुए। अगर वह इन पारियों को भी शतक में बदलने में सफल रहते तो उनके नाम पर 50 से अधिक शतक दर्ज होते।

गांगुली जब अकेले होते हैं तो उन्हें अपनी पुरानी पारियां देखना पसंद है। इससे उन्हें यह याद आता है कि वह और अधिक शतक बनाने के कितने करीब थे। उन्होंने कहा, ''मैं अपने (बल्लेबाजी के) वीडियो तब देखता हूं जब मैं अकेला होता हूं। जब मेरी पत्नी घर में नहीं होती है क्योंकि सना लंदन में रहती है। मैं यूट्यूब पर जाता हूं, और देखता हूं और खुद से कहता हूं अरे फिर 70 रन पर आउट हो गया। मुझे शतक बनाना चाहिए था, लेकिन अब आप इसे बदल नहीं सकते।''

गांगुली ने वनडे में 72 और टेस्ट क्रिकेट में 35 अर्धशतक लगाए हैं। एक कप्तान के तौर पर कभी-कभी मुश्किल फैसले लेना जरूरी हो जाता है। आपको किसी खिलाड़ी को बाहर करके उस खिलाड़ी को शामिल करना पड़ता है जो आपको लगता है कि परिस्थितियों या टीम की जरूरत के हिसाब से अधिक बेहतर है। गांगुली ने दुनिया के महानतम लेग स्पिनरों में से एक अनिल कुंबले को टीम से बाहर किए जाने पर अफसोस जताया। उन्होंने कहा, ''अनिल कुंबले को कुछ बार मौका नहीं मिला, क्योंकि वह बहुत अच्छे खिलाड़ी थे।'' ऑस्ट्रेलिया गांगुली की सबसे पसंदीदा प्रतिद्वंद्वी टीम है और उनके लिए ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज ग्लेन मैक्ग्रा सबसे खतरनाक गेंदबाज हैं। (अनंत ज्ञान)

---

## मैंने टीम में अपनी जगह को लेकर हो रही चर्चाओं पर ध्यान नहीं दिया : ओली पोप

**एजेंसी, लीड्स**

इंग्लैंड की पहली पारी में शानदार शतक लगाने वाले शीर्ष क्रम के बल्लेबाज ओली पोप ने कहा कि पिछले साल भारत के खिलाफ उसकी धरती पर खेली गई टेस्ट श्रृंखला में असफल रहने के बाद टीम में उनकी जगह को लेकर हो रही चर्चाओं पर ध्यान न देने से उन्हें वापसी करने में मदद मिली।

इंग्लैंड के उपकप्तान पोप ने पिछले साल भारत के खिलाफ हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट में 196 रन बना कर शानदार शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद जसप्रीत बुमराह और भारतीय स्पिनर ने उनकी कमजोरी का खुलासा करने में देर नहीं लगाई। वह अगले चार मैच में केवल 40 रन बना पाए जिससे टीम में उनकी जगह को लेकर चर्चा होने लगी थी। भारत के खिलाफ यहां पहले टेस्ट मैच में 106 रन बनाने वाले पोप ने तीसरे



दिन का खेल समाप्त होने के बाद संवाददाताओं से कहा, ''मैंने कोशिश की है कि इन चर्चाओं का मुझ पर ज्यादा असर न पड़े।''

उन्होंने कहा, ''मैं बस यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा हूं कि मेरा खेल यथासंभव बेहतर स्थिति में रहे और जब मैं बल्लेबाजी के लिए मैदान में उतरूं तो मौके का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करूं। मैंने बाहर हो रही चर्चाओं पर ध्यान नहीं दिया और खुद को मानसिक रूप से मजबूत करने और अपने खेल को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित किया।'' पोप ने अपनी मानसिकता में बदलाव लाने की कोशिश की है, जिससे उन्हें अपने पहले 30 रन तक पहुंचने के लिए बहुत अधिक दबाव महसूस नहीं होता और फिर वह बड़ी पारी खेलने के लिए तैयार हो जाते हैं।

उन्होंने कहा, ''यह अपने खेल को थोड़ा बेहतर बनाने का प्रयास है। यह प्रक्रिया से जुड़ा है जिसका मैं पूरा आनंद लेकर आगे बढ़ना चाहता हूं। मेरा प्रयास रहता है कि मेरा डिफेंस यथासंभव अच्छा रहे।'' अपनी शतकीय पारी के बारे में पोप ने कहा, ''यह निश्चित रूप से (एक ऐसी पारी) थी जिसका मैंने वास्तव में आनंद लिया। मैं जिस तरह से खेल रहा था उससे मैं बहुत खुश हूं और मैं अपने खेल के स्तर से भी खुश हूं।'' (अनंत ज्ञान)

---

**अलविदा** टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली हॉकी टीम के सदस्य हैं ललित

## ओलंपिक पदक विजेता ललित ने अंतरराष्ट्रीय करियर को कहा अलविदा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम के सदस्य रहे अनुभवी फारवर्ड ललित उपाध्याय ने एक दशक से भी अधिक समय तक चले अपने शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया है। ललित ने 2014 में विश्व कप में अंतरराष्ट्रीय हॉकी में पदार्पण किया था तथा ओलंपिक में दो पदक जीतना उनके करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि रहीं। वह टोक्यो 2020 ओलंपिक में इतिहास रचने वाली टीम का महत्वपूर्ण हिस्सा थे। भारत ने तब लंबे समय के बाद ओलंपिक में पदक जीता था। भारत ने 2024 में पेरिस ओलंपिक खेलों में फिर से कांस्य पदक जीता और ललित इस टीम का भी अभिन्न अंग थे।

ललित ने रविवार को बेल्जियम के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग 2024-25 सत्र के यूरोपीय चरण के भारत के अंतिम मैच के तुरंत बाद सोशल मीडिया पर जारी की गई पोस्ट में अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास लेने



की घोषणा की। उन्होंने कहा, ''यह सफर एक छोटे से गांव से शुरू हुआ, जहां संसाधन सीमित थे, लेकिन सपने असीम थे।''

ललित ने लिखा, ''स्टिंग ऑपरेशन का सामना करने से लेकर एक बार नहीं बल्कि दो बार ओलंपिक पोडियम पर पहुंचने का यह सफर चुनौतियों, विकास और अविस्मरणीय गौरव से भरा रहा।''

गोल करने की अद्भुत क्षमता वाले ललित ने सीनियर स्तर पर भारत के लिए 183 मैच खेले, जिनमें 67 गोल किए। इस 31 वर्षीय खिलाड़ी ने भारतीय टीम के लिए अपना अंतिम मैच 15 जून को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। ललित के भारतीय हॉकी में योगदान का जिक्र करते हुए हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, ''ललित अपनी पीढ़ी के सबसे शानदार और समर्पित फॉरवर्ड में से एक रहे हैं। चाहे वह महत्वपूर्ण ओलंपिक मैच हो या लीग मैच, उन्होंने हमेशा भारतीय जर्सी को गर्व के साथ पहना और दिल से खेला।'' ''वाराणसी की संकरी गलियों से निकलकर दो बार ओलंपिक पोडियम पर खड़े होने तक का उनका सफर किसी प्रेरणा से कम नहीं है। हम भारतीय हॉकी के प्रति उनकी निस्वार्थ सेवा के लिए उन्हें धन्यवाद देते हैं। (अनंत ज्ञान)

### कई टूर्नामेंट में ललित की रही महत्वपूर्ण भूमिका

**ललित** ने ओलंपिक के अलावा 2016 में एशियाई चैंपियन ट्रॉफी और 2017 में एशिया कप में भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसके अलावा उन्होंने कई अन्य प्रतियोगिताओं में भी पदक जीते जिनमें 2017 हॉकी वर्ल्ड लीग फाइनल में कांस्य, 2018 चैंपियंस ट्रॉफी में रजत, 2018 एशियाई खेलों में कांस्य और 2018 एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में स्वर्ण पदक शामिल हैं। वह एफआईएच प्रो लीग 2021-22 में तीसरे स्थान पर रहने वाली और 2022 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे। भारतीय हॉकी में उनके योगदान के लिए ललित को 2021 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।